ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 11.09.2023 वर्ष 10, अंक 249

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

**सुविचार**

आपकी नीयत को चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना कर लो, दुनिया वाले आपको दिखावे से ही पहचानेंगे और दिखावा चाहे कितना भी कर लो, भगवान आपको नीयत से ही पहचानेंगे..

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डलीय

# रोजगार मेला

## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **11,850** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर

**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**
माननीय सांसद, कोडरमा लोकसभा सह शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**सम्मानित अतिथि**

माननीय सांसदगण एवं माननीय विधायकगण
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, झारखण्ड



**दिनांक: 11 सितंबर, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे**
**स्थान: विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग**

PR-306557(Labour Employment and Traning)23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

# मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सांसद ने गांव की मिट्टी कलश में भरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी पंचायत में मेरी मिट्टी मेरा देश का कार्यकर्म के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय ने किया। जिसके मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उपस्थित हुए। कार्यकर्म का संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और कार्यकर्ताओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली। इस कलश यात्रा में हाथ में कलश को लेकर के बीजेपी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ गांव-गांव जाकर मिट्टी को इकट्ठा कर रहे हैं।दरअसल, इस बार आजादी के अमृत महोत्सव एक अलग तरीके से मनाया जा रहा है। इस बार एक कार्यक्रम और शुरू भी किया गया है।आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश सबसे पहले इस कार्यक्रम में गांव-गांव शीला पट्टिका का लगा करके देश के लिए शहीद हुए लोगों के बारे में जानकारी दी गई थी।वहीं अब कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। भाजपा सांसद और अध्यक्ष गांव गांव जाकर कलश में गांव की मिट्टी को इकट्ठा कर रहे हैं।मिट्टी को इकट्ठा करने के बाद प्रदेश मुख्यालय को कलश भेजा जाएगा। मौके पर कलश यात्रा के शुभारंभ के कार्यक्रम में कंकारी मुखिया कुसुम देवी, जिला पार्षद सदस्य प्रमोद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रफुल सिंह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय, जिला मंत्री धीरेंद्र दूबे, मण्डल महामंत्री मनीष पाण्डेय, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुदेश्वर चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष नन्हक चौधरी एवं रामलाल प्रसाद,संतोष प्रसाद, रिंकू पासवान, दिनेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल, बिजय ओझा, सोमेश सिंह, सिंकु मिश्रा सहित कंकारी गांव के समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल द्वारा वार्ड एक में किया गया मिट्टी संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** भाजपा के बिश्रामपुर नगर मंडल इकाई द्वारा नप के वार्ड एक में मेरा देश - मेरा माटी कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह किया गया। जिसकी शुरुआत गोदरमा गांव स्थित शक्ति केंद्र से किया गया.भाजपा कार्यकर्ताओं ने माटी को नमन और वीरों का वंदन करते हुए शहीद परिवारों के अलावा घर - घर जाकर मिट्टी संग्रहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी बेबी देवी, उप प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष रजनीश चंद्रवंशी, लालती देवी, महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी, मीरा देवी, सुदामा यादव, संगीता देवी, फूलकुमारी देवी, संतरा कुमारी, मीना देवी, उपाशी देवी, अनीता देवी, रिंकी देवी, गुड्डी देवी, रीमा देवी, दुर्गा देवी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महाराणा बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**पड़वा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कजरी में दुर्गा पूजा मानने को ले नवयुवक संघ की बैठक कजरी मध्य विद्यालय प्रांगण हुई। बैठक की अध्यक्षता इसकी समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से महाराणा सिंह को अध्यक्ष धर्मवीर सिंह उर्फ मंटू को उपाध्यक्ष के लिए चुना गया. राधामोहन कोषाध्यक्ष, मुकेश सिंह व अभिषेक सिंह उप कोषाध्यक्ष, ब्रजेश सिंह सचिव, संजय सिंह संगठन मंत्री के लिए चुना गया। वहीं विनय सिंह, रामनेह सिंह, अजीत सिंह, प्रकाश सिंह, विक्की, अरविंद सिंह, प्रदीप सिंह, सनोज, रीकेश, ओमप्रकाश, परशुराम सिंह, विवेक सिंह, मुकेश सिंह, जयंत सिंह, निखिल सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। निर्णय लिया गया की दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 धूम - धाम से मनाया जायेगा। अध्यक्ष ने ग्रामीणों से पूजा को सफल बनाने के लिए तन- मन- धन से सहयोग करने की अपील की।

## जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित मैच चितबिश्राम 12 सितंबर को

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 जो गढ़वा जिला में प्रथम बार गढ़वा जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित की गई है। जिसका शुभारंभ 10 सितम्बर 2023 को गढ़वा में किया गया है।यह प्रतियोगिता 10-18 सितम्बर तक गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखण्ड में चलेगी। यह जानकारी देते हुए मैच के नोडल पदाधिकारी कमलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि 12 सितम्बर से अपराह्न 2:00 बजे नगर उंटारी प्रखण्ड के चित्तविश्राम उच्च विद्यालय के स्टेडियम में साहेबगंज ङ्क पलामू के बीच मैच होना सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए उन्होंने लोगो से ससमय पहुँचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील किया है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 2 घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र में एनएच 75 स्थित सिटी हॉस्पिटल के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गया। जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है। घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रेमचंद शर्मा की मौत हो गयी जबकि घायलों में हलिवंता गांव निवासी चंदू पासवान और नितेश कुमार का नाम शामिल है। मृतक प्रेमचंद महदेइया में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवन में मजदूरी का कार्य करता था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रेमचंद बस स्टैंड से महदेइया की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गयी। इसी दौरान बस स्टैंड की ओर जा रहे एक अन्य बाइक भी दुर्घनाग्रस्त बाइक से टकरा गई। जिसपर चंदू और नितेश सवार थे। सूचना मिलते ही नगर उंटारी पुलिस मौके पर पहुच गई।स्थिनीय लोगो के सहयोग से पुलिस ने तीनो घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्रेमचंद को चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वही दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

## वन श्रमिक मजदूर 5 अक्टुबर से पलामू व्याघ्र परियोजना कार्यालय पर अनिश्चितकालीन करेगें धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू टाइगर रिजर्व मे कार्यरत मजदुरो ने युनियन अधयक्ष सिध्दीनाथ झा के नेतृत्व मे बेतला मे बैठक कर निर्णय लिया गया की 5 अक्टुबर से अनिश्चित धरना प्रदर्शन मुख्य वन संरक्षक एव क्षेत्र निर्देशक पलामू व्याघ्र परियोजना मेदनिनगर कार्यालय पर किया जाएगा। जबतक सभी वन श्रमिक मजदुरो का मांग पुरा नही होता है तबतक प्रदर्शन कार्यालय के समकक्ष होता रहेगा। सभी पलामू टाइगर रिजर्व के मजदुरो ने कहा की कुशल श्रामिक घोषीत मुजदुर को तीन हजार रूपये बढाने की बात पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के डायरेक्टर निर्देशक कुमार अशुतोष ने कहा था की पीटीआर क्षेत्र मे कार्यरत टेकर गार्ड टीपीएफ सहित अन्य कर्मीयो का मजदुरी तीन हजार का इजाफा किया जाएगा लेकिन अभी तक अप्रैल 2022 से अबतक कुशल मजदुरी भुगतान सहित अन्य मांग नही पुरा हुआ जिसके लेकर अब हमलोग निर्णय लिए की लगातार धरना प्रदर्श पलामू कार्यालय के समकक्ष करेगें। पुरे पीटीआर मे 200 सौ अधिक टेकर गार्ड और 90.से अधिक टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स कार्यरत है .पलामू टाइगर रिजर्व मे मौके पर सैकडो रहे टेकर गार्ड उपस्थित थे।

## चेहल्लुम मेला में आयोजित हुआ अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के चहल्लुम कमेटी कलेहेपाट भड़गाँव के द्वारा चहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र खेल इनामी प्रतियोगिता का आयोजन भड़गाँव मेला मैदान में आयोजित किया गया। वही चहल्लूम कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथियों को पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया गया। चहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारम्भ समाज सेवी तौफिक अंसारी और काँग्रेस नेता नेसार अहमद द्वारा फीता काटकर तथा लाठी एवं तलवार खेल कर अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता प्रारम्भ किया गया। मौके पर कांग्रेसी नेता नेसार अहमद ने कहा कि सत्य की राह पर चल कर समाज की सेवा करते रहें और अपने अपने धर्म तथा आस्था पर विश्वास करें नफरत से बचे और नेक इरादे के साथ जीवन को सफल बनायें और सभी के साथ अमन चैन तथा आपसी भाईचारा व सद्भावना बनाकर रहें एक दूसरे को सहयोग करें यही भारत की पहचान है। यूवा वर्ग समाज के लिये कुछ न कुछ काम करें और समाज को आगे बढ़ाए। वही समाज सेवी तौफीक अंसारी ने कहा कि इमाम ए हुसैन के बताए नेक रास्ते पर हक के लिये चलते हुए सत्य को अपनाए और जीवन को सफल बनाए। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में नारे तकबीर या अली या हुसैन का नारा से मैदान गूंज उठा। अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता में सेन्हा, अरु बांध टोली, कलेहेपाट, भड़गांव, उदरंगी, नवाडीह, झखरा, कैरो, भंडरा, पारही, कूजरा के अलावे राँची गुमला से लगभग 30 अखाड़ा के खेल प्रतिभागी शामिल हुए.सफल प्रतिभागियों तथा अखाड़ों को आयोजन कमिटी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कांग्रेसी नेता नेसार अहमद, समाज सेवी तौफिक अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, नन्दकिशोर शुक्लासंजर अंसारी, कुदुश अंसारी, रौनक अंसारी, रफीक अंसारी, सलीम अंसारी बड़े, मुखिया राजश्री उरांव, तौफिक अंसारी, अली हसन अंसारी, ताहीर अंसारी, जहूर अंसारी, एजीजुल अंसारी, तोकीर अंसारी, हनीफ अंसारी, समसेर अंसारी, मिन्हाज अंसारी, रूस्तम अंसारी, हफीजूल अंसारी, मोजामिल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक पुराना आईबी भवन परिसर में शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय नाई महासभा की प्रखंड कमिटी गठित करने का निर्णय लिया गया। लेकिन बैठक में कम उपस्थिति के कारण कार्यवाहक अध्यक्ष, सचिव आदि का चयन किया गया तथा बाद में तिथि निर्धारित कर अध्यक्ष, सचिव का चयन कराने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से दिलीप कुमार ठाकुर को कार्यवाहक अध्यक्ष, राम प्रवेश ठाकुर को उपाध्यक्ष, दीपक ठाकुर उर्फ सत्येन्द्र ठाकुर को सचिव, ईश्वरी ठाकुर को उपसचिव, अशोक कुमार ठाकुर को संगठन मंत्री, अरविन्द कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष, नंदू ठाकुर को सूचना मंत्री, लखन ठाकुर को संयोजक तथा कृष्णा ठाकुर को संरक्षक, धर्मेन्द्र ठाकुर व बबन ठाकुर, संजय ठाकुर को विशिष्ट सदस्य बनाये गये। बैठक में राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव कुन्दन ठाकुर, ठाकुर सत्यनारायण विभूति, इंद्रजीत ठाकुर, रामप्रवेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## केतार के सुप्रसिद्ध चिकित्सक ओंकारनाथ शर्मा के निधन से क्षेत्र में है शोक का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के इकलौता सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ओंकारनाथ शर्मा का निधन शनिवार की रात हृदय गति रुकने से हो गया। डॉ ओंकार नाथ शर्मा पिछले कई वर्षों से साँस की परेशानियों से जूझ रहे थे। शुक्रवार को केतार स्थित अपने घर मे अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद आनन-फानन में उन्हें मेदिनीनगर स्थित नारायण अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की रात करीब 2 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। यह खबर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र सहित केतार प्रखंड में आग की तरह फैल गई उनका एक दर्शन पाने के लिए घर के बाहर लोगों का हुजूम उमर पड़ा। गौरतलब हो कि डॉ ओंकार नाथ शर्मा की दो पुत्र हैं जिसमें एक पुत्र डॉ निशीथ नीरव उर्फ मुन्ना तिवारी श्री बंशीधर नगर में प्रसिद्ध प्राइवेट चिकित्सक हैं एवं दूसरा पुत्र भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष चिकित्साक के रूप में निशंक निश्रम प्रस्थापित हैं। उनके पिता केतार प्रखंड के प्रसिद्ध चिकित्सक थे वे मूलतः श्री



बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुवा गांव के रहने वाले थे वे पिछले 50वर्षो से केतार में रहकर चिकित्सा कार्य के साथ समाज सेवा करते थे। अपने कार्य एवं लगाओ के कारण क्षेत्र के लोगों के दिलों में जगह बना लए थे। रविवार सुबह 10 बजे के करीब केतार आवास से पैतृक गांव अहिरपुरवा शव पहुंचा जहां हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार पास के ही नदी तट पर किया गया।

# भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत अवैध शराब बनाने का कारोबार तेजी से किया जा रहा है इसी क्रम में रविवार को शाम छतरपुर थाना अंतर्गत कर्माचराई रोड चोपड़ा मोड़ के पास लालू यादव के घर से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया गया कटेनर ट्रक से बिहार भेजने की तैयारी हो रही थी कि गुप्त सूचना के आधार पर बिहार पुलिस एवं छतरपुर पुलिस के संयुक्त छापामारी की जिसमें लाखों के अवैध एंपोरियम ब्लू शराब के साथ तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है पूर्व में भी अवैध शराब एवं स्पीड के कारोबारी में लालू यादव जेल जा चुके हैं समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

**लूटा जा रहा सेविकाओं का हक, होगा आंदोलन : शिवबंश मिश्रा**

# बिश्रामपुर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की हुई बैठक, कई बिंदुओं पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर मध्य विद्यालय के परिसर में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की बैठक हुई.बैठक की अध्यक्षता रूपा देवी और संचालन प्रो. फरीद खान ने किया.बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई.आगामी चार अक्टूबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित धरना की सफलता हेतु रणनीति बनी.बैठक के दौरान पोषाहार के मामले में सेविकाओं को बदनाम करने का मामला भी उठा। सेविकाओं ने कहा कि स्लायर और दुकानदार की मिलीभगत से पोषाहार का कालाबाजारी हो रहा है जबकि बदनाम सेविकाओं को किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक के मुख्य अतिथि आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक शिवबंश मिश्रा ने कहा कि सेविकाओं से आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के अलावा कई अन्य कार्य भी कराया जा रहा है। लेकिन मानदेय के नाम पर न्यूनतम मजदूरी भी नही दिया जा रहा है। राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक सेविका - सहायिका का दोहन कर रहे है.उन्होंने कहा कि सेविका-सहायिका का हक लूटा जा रहा है. हक और अधिकार हासिल करने के लिए आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। किसी भी कीमत पर सेविकाओं को उनका हक दिलवाया जायेगा। बैठक में विमला देवी, इंदुबाला देवी, मीना देवी, मुन्नी देवी, सुजाता देवी, रीना देवी, कामेश्वर केशरी, श्रवण सिंह, हरिवंश मिश्रा, मनदीप राम, सुनैना देवी, नूरजहां बीबी, उर्मिला कुंवर, बबिता देवी, संगीता देवी सहित कई सेविका-

## पलामू के महायज्ञ को भारत देखेगा : गुरू पाण्डेय

# सनातन की पहली बैठक संपन्न, भागवत कथा में युवा वर्ग को पहुंचने का आह्वान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मेदिनीनगर अवस्थित हाउसिंग कॉलोनी के श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता धर्मरत्न श्री देवकी नन्दन ठाकुर जी महाराज का आगमन होगा। इस महायज्ञ की सफलता के लिए रविवार को सनातनी धर्मावलंबियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने किया जबकि मंच का संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने




किया। बैठक का शुभारंभ धर्मनिष्ठ, सनातनी, धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) ने लडडू गोपाल की पुजा अर्चना करते हुए भागवत कथा की आरती के साथ किया। बैठक का संचालन परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लक्की ने किया।बैठक में महायज्ञ को सफल बनाने के लिए संकल्प लेते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने की बात कही।बैठक में कहा गया की पुरे आयोजन में विधि वयवस्था, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इस दौरान संतों की सेवा एवं महिलाओं की भागीदारी पर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में दीनानाथ तिवारी, दीपू सिंघानिया, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ राजीव नयन, विजयानंद पाठक, दुर्गा जौहरी, मनोज सिंह, लवली गुप्ता, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, अविनाश वर्मा, रोहित तिवारी, मंगल सिंह, टिवंकल गुप्ता, सनातन धर्म सभा की केंद्रीय टीम, अजीत तिवारी, राजीव रंजन, विवेका त्रिपाठी, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, रोहित तिवारी, रजनीकांत मिश्रा, संतोष शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, दीपू सिंघानिया, विभाकर पाण्डेय, मनु प्रसाद तिवारी, कृष्ण कांत चौबे, शैलेश तिवारी, सुनील तिवारी, मीना गुप्ता, दिलीप त्रिपाठी, राजशेखर द्विवेदी, राजमणी त्रिपाठी, बीएम पाण्डेय, नवीन तिवारी, छोटन उपाध्याय, सोनू मिश्रा, अनील दूबे, रमेश शुक्ला, विकास दूबे, चंदन तिवारी, आशीष भारद्वाज, राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, शैलेश तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, मनीष तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, बिकू शुक्ला, लल्लू पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, संजय पाण्डेय, बृजेश शुक्ला, समेत सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 11.09.2023 | वर्ष 10, अंक 249 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

**सुविचार**

आपकी नीयत को चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना कर लो, दुनिया वाले आपको दिखावे से ही पहचानेंगे और दिखावा चाहे कितना भी कर लो, भगवान आपको नीयत से ही पहचानेंगे..

# जी 20 : पीएम मोदी ने ब्राजील को सौंपी जी20 की अध्यक्षता

## संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकायों में सुधार की मांग की



एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा को जी20 समूह की अध्यक्षता सौंप दी। इस दौरान उन्होंने सिल्वा को पारंपरिक गैवल (एक प्रकार का हथौड़ा) सौंपा।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नई वैश्विक संरचना में दुनिया की नई हकीकत को प्रतिबिंबित करने का आह्वान किया और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकायों में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि दुनिया बदल रही है। ऐसे में दुनिया के बड़े और जिम्मेदार संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। यूएनएससी में अभी भी उतने ही सदस्य हैं, जितने इसकी स्थापना के समय में थे। इसका विस्तार होना चाहिए, यानी स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए।

### विकासशील देशों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व चाहते हैं : डी सिल्वा

लूला डी सिल्वा ने सामाजिक समावेशन, भूख के खिलाफ लड़ाई, ऊर्जा परिवर्तन और सतत विकास को जी20 की प्राथमिकताओं के रूप में सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अपनी राजनीतिक ताकत बरकरार रखने के लिए स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में नए विकासशील देशों की जरूरत है। हम विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में विकासशील देशों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 सत्र के समापन की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि नवंबर 2023 तक जी20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के पास है। इन दो दिनों में आप सभी ने बहुत सारे सुझाव दिए, प्रस्ताव रखे। हमारा कर्तव्य है कि सुझावों की एक बार फिर से समीक्षा की जाए, ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे तेज किया जा सकता है। मेरा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में हम जी 20 का एक वर्चुअल सत्र आयोजित करें। हम इस शिखर सम्मेलन में तय किए गए विषयों की समीक्षा उस वर्चुअल सत्र में कर सकते हैं। मुझे आशा है कि आप सभी वर्चुअल सत्र में जुड़ेंगे। इसके साथ मैं जी20 सत्र के समापन की घोषणा करता हूं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नई वैश्विक संरचना में दुनिया की नई हकीकत को प्रतिबिंबित करने का आह्वान किया

### ब्राजील ने भारत की सराहना की

लूला डी सिल्वा ने उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के हितों से जुड़े मुद्दों को आवाज देने के लिए भारत की सराहना की। ब्राजील आधिकारिक रूप से इस साल एक दिसंबर में जी20 समूह के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेगा। ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब देशों की कर्ज की समस्या पर ध्यान देना होगा। दुनिया को भुखमरी खत्म करने की कोशिश बढ़ानी होगी।

# देवघर पहुंचे लालू प्रसाद यादव कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी रविवार को देवघर पहुंचे। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। एयर पोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक लालू और राबड़ी देवी को देखने के लिए जगह-जगह सड़कों के किनारे लोगों का जमावड़ा था। लोग अभिवादन करते नहीं थक रहे थे। लालू सभी का अभिवादन स्वीकार करते रहे। स्वागत करने वालों में झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता, बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, चतरा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, कल्पना देवी, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, श्यामदास सिंह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी सहित हजारों की संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल थे। हवाई अड्डा से आने के बाद लालू ने झारखंड के कोने-कोने से आए राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। साथ ही सभी को संगठन मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू ने कहा कि भाजपा भगाओ देश बचाओ। देश सभी का है और सभी के लिए बना है। नफरत फैलाने वाले पूरे देश में नफरत फैला रहे हैं। इस देश में नफरत फैलाने वालों को देश से भगाना होगा।

**हवाई अड्डा से आने के बाद लालू ने झारखंड के कोने-कोने से आए राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।**

## क्विक न्यूज

### कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार चंद्रबाबू नायडू 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**विजयवाड़ा** : कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू को कोर्ट ने रविवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विजयवाड़ा के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के विभिन्न इलाकों में तनाव बढ़ गया है। उधर, नायडू के अधिवक्ता का कहना है कि वह सोमवार को इस मामले को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार चंद्रबाबू नायडू को रविवार की सुबह विजयवाड़ा के एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। नई दिल्ली के वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और वकीलों का एक दल आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू की पैरवी कर रहा था। सीआईडी की ओर से राज्य सरकार के एडवोकेट जनरल पोन्नुवूलु स्वयं कोर्ट में पेश हुए।

### जी-20: भारत मंडपम का शिल्प बाजार विदेशी अतिथियों को भाया

**नई दिल्ली** : जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आए विदेशी मेहमानों को भारत मंडपम का शिल्प बाजार खासा पसंद आया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र के पास सजाए गए शिल्प बाजार में बड़ी संख्या में देश-विदेश के पत्रकार भी पहुंचे। इन लोगों भारत की संस्कृति, परिधान और रहन-सहन को समझने की कोशिश की। कुछ ने खरीदारी भी की। रविवार को शिल्प बाजार में अमेरिकी पत्रकार पारिस हुआंग से बातचीत की। हुआंग पहली बार भारत आए हैं। सम्मेलन के समापन के बाद सीधे अमेरिका लौट जाएंगे। इसकी कसक उनके अंदर दिखी। उन्होंने कहा वह भारत घूमना चाहते थे पर संभव नहीं हो सका। शिल्प बाजार में घूमकर भारतीय रहन-सहन और खान-पान को समझने की कोशिश की। सभी 30 काउंटर पर गए। थोड़ी-बहुत खरीदारी भी की। बांग्लादेश के पत्रकार बिपलो से भी यहां बातचीत की। उन्हें राजस्थान का काउंटर काफी अच्छा लगा। उन्होंने उस्ता आर्ट को समझने की कोशिश की। चीन से आए पत्रकार चाओ जाउ ने कहा कि उन्हें शिल्प बाजार बहुत पसंद आया। उन्होंने यहां नॉर्थ ईस्ट के काउंटर से खरीदारी की।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले मथुरा व काशी में बड़ी जनसभा करेगा विहिप

**लखनऊ**: अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) देशभर में जनसभाएं करेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा और काशी में विश्व हिन्दू परिषद बड़ी जनसभा कर विधर्मियों को हिन्दू शक्ति का अहसास कराएगा। विश्व हिन्दू परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी छह प्रान्तों में शौर्य जागरण यात्रा निकाली जाएगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश के चार प्रान्तों की शौर्य जागरण यात्रा का समापन 10 अक्टूबर को काशी में होगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश के तीन प्रान्तों की यात्रा का समापन मथुरा में होगा। उन्होंने बताया कि प्रान्त की शौर्य जागरण यात्रा एक दिन में दो बड़ी जनसभा करेगा। शौर्य जागरण यात्रा के माध्यम से हिन्दू समाज को सनातन धर्म के विरूद्ध रचे जा रहे षड़यंत्रों से आगाह किया जाएगा। युवाओं को अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का भाव जाग्रत करेगा। अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर निर्माण पूर्णता की ओर बढ़ रहा है, रामभक्तों का उत्साह हिलोरें मार रहा है। इसके लिए विहिप देशभर के सभी प्रान्तों में शौर्य जागरण यात्रा निकालने का निश्चय किया है।

### उत्तराखंड के चम्पावत में मलबा आने से टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच दो जगहों पर हुआ बाधित

**चम्पावत** : उत्तराखंड के चंपावत में बीती रात से लगातार हो रही बारिश से टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच पर दो जगहों पर भारी मात्रा में मलबा आने से यातायात बाधित हो गया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गयी थीं। अब यातायात को किसी तरह सुचारु किया गया है। स्वाला और अमोड़ी के बीच डेंजर जोन में सुबह साढ़े पांच बजे भारी मात्रा में मलबा आने से एनएच बाधित है। एनएच की ओर से लगाई गई मशीनें लगातार मलबा हटाने का कार्य कर रही हैं।

# तालाब में डूबने से तीन की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो.** पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के चौरा बस्ती के पास हाइवे के किनारे स्थित तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो सगे भाई समेत तीन की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों लाश को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार शाम से ही तीनों घर से निकले थे। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने लाश देखी तो पुलिस को इसकी सूचना दी।

जानकारी मिलने पर जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर जारीडीह शंकर कमाती और पेटरवार पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय गोताखोर और खेतको पंचायत के गोताखोर के सहयोग से दो युवकों का शव खांजो नदी से निकल गया। जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ के शिक्षक कोलोनी निवासी मनोज राय के दो पुत्र 26 वर्षीय आकाश राय व मनीष राय है। वही तीसरा युवक निलेश राय बताया जा रहा है। जो दोनों युवकों का मामा लगता है। परिजनों ने बताया कि धनबाद निवासी निलेश राय शनिवार को दोपहर शिक्षक कोलोनी जीजा जी मनोज राय के घर आये थे। जिसके बाद निलेश राय अपने दोनों भांजा आकाश राय व मनीष राय के साथ बेलेनो कार पर सवार होकर घर से निकले। लगभग दोपहर के तीन बजे मनोज राय की पत्नी ने अपने पुत्र से दुरभाष पर बात कर कहा कि कहां हो।

तब दुरभाष पर पुत्र ने खांजो नदी में नहाने की बात कही। शाम तक घर नही पहुंचने पर परिजन खोजबीन को लेकर खांजो नदी पहुंचे। जहां खांजो नदी किनारे खड़ी कार के भीतर सीट में तीनो युवको का खोला हुआ कपड़ा व मोबाईल रखा हुआ है।

जिसे देख नदी के तेज बहाव में तीनों युवको की बह जाने की अशांका को लेकर पुलिस को सूचना दिया।सर्किल इंस्पेक्टर शंकर कामती ने कहा कि गोताखोरों के सहयोग से तीन युवकों का शव निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडल भेजा गया।

# राजघाट पहुंच कर वैश्विक नेताओं ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : जी-20 देशों के नेताओं ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी. यहां महात्मा गांधी के पसंदीदा भक्ति गीत वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीड परायी जाणे रे, का गायन किया गया.

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट पहुंचे. यहां पीएम मोदी ने उनका खादी का स्टॉल पहनाकर स्वागत किया. मोदी ने बाइडेन को साबरमती आश्रम के बारे में जानकारी दी. जो बाइडेन के अलावा ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति, जापानी पीएम फुमियो किशिदा, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो, स्पेन के उपराष्ट्रपति नादिया कैल्विनो, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट, मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ, ओमान के उपप्रधानमंत्री असद बिन तारिक बिन तैमुर अल सैद, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम भी राजघाट पहुंचे. का नाम शामिल है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को खादी का उपहार देकर स्वागत किया. इधर ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने दिल्ली अक्षरधाम मंदिर में पूजा की. मंदिर में उन्होंने आरती की. संतों से मिले. सारे देवताओं की मूर्तियों के सामने उन्होंने फूल रखे. उनकी पत्नी ने भी पूजा की. ऋषि सुनक ने कहा कि मुझे जब भी मौका मिलेगा तो मैं आता रहूंगा. मुख्य मंदिर में उन्होंने अपना समय बिताया. उन्होंने मंदिर के बाहर जूते उतारे और नंगे पैर गए आगे.

# प्रियंका गांधी ने किया इंदिरा रसोई योजना का शुभारंभ



एजेंसी

**जयपुर** : प्रियंका गांधी ने कहा कि राजस्थान वीरता एवं अपणायत की धरती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन जनसेवा को समर्पित किया। उनके सिद्धांतों ने देश की राजनीति को प्रेरित किया। गहलोत सरकार भी जनसेवा के पथ पर चलते हुए हर वर्ग को लाभान्वित करने एवं महंगाई से राहत देने का कार्य कर रही है। निःशुल्क स्मार्टफोन मय इन्टरनेट, 500 रुपए में गैस सिलेण्डर, निःशुल्क अन्नपूर्णा किट, महंगाई राहत कैंप, महंगे इलाज से राहत मिलने से राज्य में आमजन का जीवन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से चर्चा कर उनके स्वयं सहायता समूहों के बारे में जानकारी ली।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शहरों में सार्वजनिक, धार्मिक, व्यवसायिक स्थलों एवं कच्ची बस्तियों के आस-पास इंदिरा रसोई खुलने से मजदूरों, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों को मात्र 8 रुपये में पौष्टिक भोजन मिल रहा है। राज्य सरकार 'कोई भूखा ना सोए' के संकल्प को चरितार्थ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में इंदिरा रसोईयों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंदिरा रसोई खुलने से आमजन को भरपेट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन सुलभ हो पाएगा। मुख्यमंत्री गहलोत एवं प्रियंका गांधी रविवार को टोंक जिले के निवाई में इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देशहित में अपना प्राणोत्सर्ग किया लेकिन विघटनकारी शक्तियों को सफल नहीं होने दिया। उनके नाम से लाई गई इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) के तहत आज पूरे प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोईयों का शुभारंभ किया गया है। 25 सितम्बर तक इनकी संख्या बड़ाकर 1000 कर दी जाएगी। प्रदेश सरकार बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन कर आमजन को राहत दे रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं को आधार बनाकर अन्य राज्यों में नीति-निर्माण का कार्य किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि 2030 तक प्रदेश का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

### पुंछ से लापता बीएसएफ का जवान अपने गांव से मिला

**पुंछ (एजेंसी)**: पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार से लापता सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के जवान का रविवार को पता चल गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ में एक अग्रिम चौकी पर बीएसएफ जवान के रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। सूचना मिलने के बाद ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। उसके बाद जांच के दौरान वह अपने बिहार के पैतृक गांव बिहान में मिला।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## दुर्गा सोरेन जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम के लोवाडीह में दुर्गा सोरेन जयंती धूमधाम से मनाया गया। आगत अतिथियो का स्वागत फूल माला,बुके देकर किया गया । इस दौरान दुर्गा सोरेन चौक के सुंदरीकरण कार्य सम्पन्न होने पर उद्धघाटन भी किया गया। इस दौरान मंत्री चम्पई सोरेन, जामा विधायक सीता सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, सांसद विजय हांसदा आदि लोग शामिल थे। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिकारी नेता थे,उनके किये हुए कार्यो को भुलाया नही जा सकता। इस कार्यक्रम को सफल हेमलाल मेहता, अंतु तिर्कि, वंशी ठाकुर, सुशीला एक्का इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विधायक के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को ओरमांझी प्रखंड के एसएस हाई स्कूल स्टेडियम में दूसरा दिन विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच खेला गया। टूर्नामेंट में 22 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार के अध्यक्षता में किया गया। तथा संयोजक हरिमोहन महतो एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी का विशेष भूमिका रहा है। रमेश उरांव विधायक सलाहकार ने कहा कि आज की के द्वारा 22 टीम को जर्सी और फुटबॉल पूरे सेट के साथ दिया गया। और श्री उरांव ने कहा की प्रथम राउंड टूर्नामेंट खेलाया जाएगा। नए टीम खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा। फुटबॉल खेल प्रेमियों ने अपने प्रति भाग को निकलते हुए शानदार अपना खेल का प्रदर्शन किया। आज का अंतिम मैच करंजा टोली और ओरमांझी गांगू टोली के बीच खेला गया। जिसमें गांगूटोली 01 गोल से विजय रहा। अभी तक 75 टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। कार्यक्रम में विशेष रूप से रमेश उरांव माननीय विधायक सलाहकार, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, हरिमोहन महतो, शिव प्रसाद साहू, सफीउल्लाह अंसारी, शिवटहल नायक, मुबारक अंसारी, इनाम अंसारी, करमू पहान, जेठू मुंडा, हुसैन अंसारी शामिल थे।

## विकास से प्रभावित लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं : विकास कुमार मुंडा



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक विकास कुमार मुंडा के आवास में मिलन समारोह का आयोजन किया गया.जिसमें बुंडू नगर पंचायत वार्ड नंबर 11,12 ,13और काची ग्राम पंचायत के सैकड़ो लोगों ने विधायक विकास कुमार मुंडा के समझ झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया. विधायक विकास कुमार मुंडा ने सभी लोगों को फूलमाला और झामुमो का झंडे देखकर स्वागत किया . विधायक विकास कुमार मुंडा ने संबोधन में कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की रोशनी से गांव और शहर जगमगा रहा है. जिससे प्रभावित होकर लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ रहे हैं . जनता को विकास का लाभ मिलने लगा है. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, मेथा पाल, प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर मुंडा ने कहा डुमरी यूपी चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की लहर दौड़ रही है . विपक्ष हताश हो गई है .झामुमो शामिल होने वालों में बुंडू नगर पंचायत वार्ड नंबर 12 के वार्ड पार्षद घासीराम उरांव , रोशन पुरान, रमेश मछुवा,पवन मछुवा, महावीर मछुवा,विश्वकर्मा मछुवा, भरत महली, कृष्णा महली, शंभू महली, मनसा महली, सूर्योन मछुवा, पार्थो महली विश्वनाथ महली, कार्तिक पुरान जितेन पुरान, नागेश्वर मछुवा, दिनेश पुरान, चतुर पुरान, जहर उरांव, छोटू उरांव, दिनेश मांझी, प्रदीप उरांव, गुरुवा उरांव, शोभा मुंडा, पप्पू बारला, महावीर गोराई आदि लोग है .

## सिद्धार्थ ने प्राप्त की नीट 2023 की परीक्षा में सफलता

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम कादोडीह निवासी सिद्धार्थ कुमार पिता मनोज कुमार ने नीट 2023 में सफलता प्राप्त किया। सिद्धार्थ कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 4781 एवं झारखंड राज्य में 13वां रैंक प्राप्त किया है। सिद्धार्थ कुमार का चयन एमबीबीएस पढ़ाई हेतु रांची स्थित रिम्स कॉलेज में हुआ है। सिद्धार्थ के पिता मनोज कुमार अनुमंडल पदाधिकारी हैं तथा माता एक गृहिणी है। सिद्धार्थ के दादा बद्री राम सेवानिवृत्ति राजस्व कर्मचारी हैं । उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ बचपन से ही होनहार था। उन्होंने माध्यमिक तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई कोटा राजस्थान से प्राप्त की। उनकी इस सफलता पर पूरे गांव में उल्लास एवं खुशी का माहौल है।

## सर्वसम्मति से पांचवी बार बसन्त साव बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम पंचायत नावाडीह1 में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को दुर्गा पूजा समिति की बैठक टुकलाल यादव के अध्यक्षता में किया गया। वही संचालन सेवानिवृत शिक्षक रामकृष्ण वर्मा ने की। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए पुनः सर्वसम्मति से पांचवी बार अध्यक्ष बसंत साव को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष उमेश्वर वर्मा सचिव मुंशी महतो कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद उप कोषाध्यक्ष सदानंद गुप्ता को बनाया गया। आंकेक्षक के रूप में हरिहर साव व संरक्षक रामेश्वर राणा, कार्तिक साव, ओम प्रकाश गुप्ता को रखा गया। पूजा प्रभारी महावीर प्रसाद वर्मा को बनाया गया है।

# झामुमो के विभिन्न वर्ग संगठनों का विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झामुमो कोडरमा जिला इकाई के विभिन्न वर्ग संगठनों का विस्तार किया गया है. इस बाबत जारी झामुमो के प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिला स्तर से अनुमोदन के आधार पर पार्टी महासचिव बिनोद पांडये द्वारा जारी किए गए नामो में युवा मोर्चा में बतौर जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता बनाए गए है. वहीं महिला मोर्चा की अध्यक्ष का कमाना निर्मला तिवारी को दिया गया जबकि राखी देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया है. इसके अलावे बुद्धिजीवी मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान मोर्चा, छात्र मोर्चा का भी गठन किया गया है. वहीं नवगठित समिति के नेताओं ने कहा कि वें शीघ्र ही जिला, प्रखंड व नगर इकाई का गठन कर संगठन को मजबूती के लिए प्रयास करेंगे. इधर उपरोक्त नवगठित समितियों को जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय, जिला सचिव श्याम देव यादव, केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव, संजय पाण्डेय, इस्लाम अंसारी, बैजनाथ मेहता,गोपाल यादव, जिला प्रवक्ता संजय साजन, रवींन्द्र शांडिल्य, दीपक विश्वकर्मा, ब्यूटी कुमारी, रंजीत यादव समेत अन्य ने बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# राजद डोमचांच नगर पंचायत के कमिटी का विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डोमचांच :** रविवार को विवाह भवन डोमचांच के प्रांगण में राष्ट्रीय जनता दल डोमचांच नगर पंचायत के कमिटी का विस्तार व आगामी कार्यक्रम को सुनिश्चित करने को लेकर राजद के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता परवेज खान ने किया.वहीं राष्ट्रीय जनता दल डोमचांच नगर पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें नगर उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, सचिव



विकाश कुमार यादव , कोषाध्यक्ष मो परवेज आलम,महामंत्री मोहन साव, संरक्षक मो सलीम अंसारी को बनाया गया. इसके साथ ही 5 कार्यकरणी सदस्य मनोनीत किए गए. मौके पर मोहम्मद सलीम अंसारी, पप्पू यादव,अशोक यादव ,बासुदेव यादव ,बैजनाथ गोस्वामी ,मो नईम , संदीप यादव ,मोहन साव, एजाज आलम, मो आजाद,मो आफताब, मो समसुल , मो अरमान, सचिन्द्र राणा ,मुस्ताक अंसारी , राजू खान ,मो मुस्लिम, मो वारिस, विवेक कुमार, गोलू , शाहबाज आलम , विकास कुमार यादव , संतोष राणा, भुनेश्वर पंडित, डोमेन दाश, शंकर दास , शोएब खान, संतोष कुमार चंद्रवंशी , मो सहाबुद्दीन, दुलारचंद पासी , रंजीत कुमार, राजकुमार मेहता , सीताराम यादव , मुकेश कुमार यादव, बासुदेव यादव, मो हसनैन समेत अन्य लोग मौजूद थे.

# जिला फुटबॉल लीग : दो दिवसीय कैंप में चयनित 47 खिलाड़ियों में से 20 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**कोडरमा :** जिला फुटबॉल एसोसिएशन और टीम जेजे के संयुक्त तत्वाधान में जिला फुटबॉल लीग में भाग लेने वाली टीमों से दो दिवसीय कैंप में चयनित 47 फुटबॉल खिलाड़ियों में से 20 खिलाड़ियों का फाइनल चयन उनके खेल प्रदर्शन को देखते हुए गढ़वा जिला में चल रहे अंतर जिला फुटबाल टूर्नामेंट के लिए जिला फुटबॉल टीम में कर लिया गया , जहां इनका पहला मैच 12 सितंबर को गिरीडीह से दोपहर 2 बजे होगा । सभी खिलाड़ियों का चयन टीम कोच सोनू कुमार और मैनेजर नागेश्वर राणा की देखरेख में किया गया । उक्त बातों की जानकारी देते हुए जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव नवनीत ओझा (बंटी) ने चयनित सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके आने वाले मैच के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि आशा करता हूं कि कोडरमा जिला के खिलाड़ी अपने खेल प्रदर्शन से हम सब का मान सम्मान बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे । उन्होंने कहा कि पहली बार जिला टीम में युवा खिलाड़ियों की भरमार है और यह आने वाले भविष्य में कोडरमा के लिए एक अच्छा संकेत है । नवनीत ने कहा कि जिला टीम में टीम कोच के रूप में सोनू कुमार , मैनेजर - नागेश्वर राणा और फिजियोथैरेपिस्ट बाल गोविंद यादव होंगे । वहीँ चयनित 20 फुटबॉल खिलाड़ियों में कुमार राजहंस जॉन, बबलू कुमार राणा,प्रभु कुमार यादव, पंकज कुमार , इंद्रजीत कुमार पांडे, सचिन कुमार, निशांत कुमार, कुंदन कुमार राणा, शुभम कुमार, दीपक कुमार गोलू,दिलीप कुमार, विवेक कुमार ,सचिन कुमार शर्मा, सूरज कुमार यादव,अजय कुमार सिंह,राजेश राय , आदित्य कुमार तिवारी,सूरज कुमार सिंह , नरेश कुमार,रविअरुण कुमार शर्मा । वहीं टीम के फुटबॉल खिलाड़ी उत्तम दास पाल, राजेंद्र जायसवाल, प्रदीप साहा , टीम जेजे के संस्थापक जुगनू जयंत ,मनोज सहाय पिंकू , लक्ष्मण यादव , अरुण सिन्हा, राजीव रंजन शुक्ला , मो. हुसैन अली , संदीप सिन्हा, धीरज कुमार , संजय सिंह , शेखर सोनी , महेश यादव , भारत बक्शी , सुरेंद्र यादव , राजू यादव , विजय राय , विनीत वर्णवाल , अरुण यादव , उमेश यादव , तौफीक हुसैन , राजू सिंह, अमित सिंह, विक्की सिंह बीरमल, नीरज, कुणाल, फहद खान उर्फ़ सोनू, शशि पाण्डेय, आजाद राणा, रोहित कुमार रघु, धीरज पाण्डेय, विक्की तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है.

## सांसद प्रतिनिधि ने अधीक्षण अभियंता को दिया पत्र

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत विभाग के सांसद प्रतिनिधि शंभू कुमार सिंह ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को आवेदन देकर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता के द्वारा फोन नही उठाने का आरोप लगाया है। दिए गये आवेदन में श्री सिंह ने कहा है कि सहायक अभियंता डोमचांच व कनीय अभियंता मरकच्चो के द्वारा जब से योगदान दिया गया है तब से उन लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का फोन नहीं उठाया जाता है ।उन्होंने कहा है कि 9 सितंबर को बिजली बाधित रहने पर कई बार इन लोगों को मोबाइल पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया पर इन दोनों के द्वारा फोन नहीं उठाया गया और ना ही किसी प्रकार की सूचना देने का काम किया गया। उन्होंने कहा इसके बाद 9 सितम्बर की रात्रि लगभग 10 बजे कार्यपालक अभियंता को फोन लगाकर बात किया गया तो उनके पलह पर 9 सितम्बर की देर रात्रि 11 बजे बिजली बहाल की गई ।इस समस्या से हम लोग परेशान रहते हैं लेकिन सहायक अभियंता और कनीय अभियंता के द्वारा किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी जाती है। दोनों के लापरवाही के कारण यहां के लाइनमैन एवं ऑपरेटर भी भारी लापरवाह हो गए हैं। वह भी किसी का नहीं सुनते जबकि सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में रहने के कारण विभाग को मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है ।

## कोडरमा के नए एसपी ने किया पदभार ग्रहण

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा के 24 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में रविवार को अनुदीप सिंह ने निवर्तमान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से पदभार ग्रहण किया। कोडरमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निवर्तमान पुलिस अधीक्षक ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना, आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाना और यदि जिले में आपराधिक घटना होती है तो उसका उद्भेदन उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने एक सवाल के जबाब में जिले में बढ़ते जमीन विवाद के मामले पर एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि जिले की वस्तुस्थिति को समझने के बाद एक रणनीति तैयार कर वरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में इस पर कार्य करते हुए जमीन से संबंधित विवादों को कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले वासियों के लिए पुलिस की टीम पूरी तत्परता और ईमानदारी से कार्य करेगी।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ आज करेंगे ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोमवार को राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के लोग कांग्रेस पार्टी कार्यालय में जनता दरबार में प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद की नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात करेंगे। मौके पर प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्यस्तरीय पंचायत सचिवलय स्वयं सेवक संघ ने राजभवन के सामने दो महीने से अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई भी पहल अभी तक नहीं किया गया है। अगर हमारे संघ की जायज मांगो को पूरा नहीं किया गया, तो संघ ने निर्णय लिया है कि उग्र आंदोलन किया जाएगा। दो महीने की आंदोलन के दौरान दो बार झारखंड विधानसभा का घेराव, रांची की सड़कों पर भिक्षाटन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम किया गया। लेकिन सरकार से कोई भी प्रतिनिधिमंडल अभी तक वार्ता नहीं किए हैं। जिससे झारखंड के तमाम पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक में काफ़ी आक्रोश,उबाल है। संघ की लंबित मांगो पर अगर सरकार जल्द से जल्द विचार नहीं करती है तो संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। मौके पर मुख्य रूप से सचिव युगल किशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष बाल गोविंद महतो , मिथुन , अकबर अंसारी,अब्दुल रशीद, गौतम कुशवाहा, राजेंद्र, समीम, सतीश, वारिश, पवन, अनिल, वेद प्रकाश, मनोज, अजय, दिलीप, पॉवेल, बलदेव , सुरेश, सदाम, मकसूद, राजनाथ, बबली, अनिता, सुनीता, रेखा, रजनी आदि उपस्थित थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से नामकुम प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सारजमडीह मैदान रामपुर में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने फाइनल मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी गठबंधन की हेमन्त सरकार खेल नीति बनाकर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने इस खेल नीति को बन्द कर दिया था। जैसे हमारी गठबंधन हेमन्त सरकार आई खेल नीति बनाकर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। हमारा झारखण्ड राज्य खेल के नाम से प्रसिद्ध है। हमारे राज्य में महेन्द्र सिंह धोनी, दीपिका कुमारी, अस्थियां लकड़ा, सौरभ कुमार जैसे अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के नाम से प्रसिद्ध है। आप सभी नौजवानों से अनुरोध है कि नशआ-पआन से दूर रहे। खेल को खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए। खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए इस तरह की खेल का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के खेल प्रतियोगिता



करने का मकसद है कि खेल को बढ़ावा देकर युवाओं का शरीर स्वस्थ रखने की ख्याल से किया जा रहा है। इस तरह की खेल प्रतियोगिता हर साल मेरे द्वारा आयोजित किया जाएगा। आपको बता दें कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए पुरे विधान सभा क्षेत्र में प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के नामकुम प्रखण्ड से किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 120 टीम भाग लिया। इस टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम को विधायक राजेश कच्छप की ओर से जर्सी एवं फुटबॉल दिया गया। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार युवा ग्रीन गार्डेन क्लब सारजमडीह, रामपुर को 30,000/-, द्वितीय पुरस्कार एफ. सी. क्लब चंदाघासी को 20,000/-, तृतीय पुरस्कार वीर बिरसा क्लब रामपुर बाजार को 10,000/-, चतुर्थ पुरस्कार एफ सी क्लब लोवाटोली को 10,000/- तथा पंचम से अष्टम पुरस्कार विजेताओं को 5000-5000 रूपए नगद राशि दिया गया। मौके पर नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राकेश किरण महतो, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, मुखिया सरस्वती देवी, मुखिया नन्हे कच्छप, मुखिया पतरस तिर्की, मुखिया जीता कच्छप, कल्याण लिण्डा, करण मुण्डा, गुरूसहाय मुण्डा, सरिता देवी, पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा, पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, मंगल मुण्डा, माधो कच्छप, सरोजनाथ महतो, जयराम तिर्की, मदन टोप्पो, विजय मुण्डा, बिमल तिर्की, मनोज लकड़ा, दीपक तिर्की, मंगरा टोप्पो, सुनील लकड़ा, पंकज तिर्की, थामस लकड़ा, सुमन तिर्की, रवि लकड़ा, उत्तम गोप, सोनुराम मुण्डा, मनोहर तिग्गा, लेगो कच्छप, अलवर्ट तिग्गा, एतवा सांडिल, विजय तिर्की, खुदिया कच्छप, विनोद लोहरा, तेलोस्फोर मिंज, जितेन्द्र महतो, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## दुर्गा पुजा को लेकर 15 को बैठक

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी पुराना बजार श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर मुरी मे दुर्गा पुजा की तैयारी को लेकर 15 तारीख शुक्रवार शाम 7 बजे एक अवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसकी जानकारी श्री वैष्णवी दुर्गा पुजा कमिटी के सचिव अशोक सिंह ने दी है।

## सिल्ली के विभिन्न स्थानों पर लगेगा हाई मास्ट सोलर लाइट

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल पर सिल्ली के विभिन्न स्थानों पर लगेगा हाई मास्ट सोलर लाइट इसके लिए स्थानों का चिन्हित किया गया है। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा मंदिर प्रांगण हलमाद,रामपुर चौक,सिल्ली अस्पताल थाना चौक, रघुनाथ महतो चौक बुडाआम, ब्राहमणडीह चौक सिल्ली,पतराहातु बाजार चौक, सिंहपुर चौक मुरी शामिल है।

## सिल्ली के युवा व्यवसायी के माता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के युवा व्यवसायी एवं मां जगदम्बा स्टोर के संचालक पिंटू साव एवं चिंटु साव के माता कमला देवी का निधन बिते शनिवार के रात हो गया। वे 55 वर्ष की थीं। उनके मृत्यु से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सुचना पाकर उनके रिस्तेदार, दोस्त, स्थानीय गन्यमानय लोग एवं व्यवसायिक संघ के सदस्य उनके निवास स्थान पहुंचे एवं शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुरी के स्वर्णरेखा नदी घाट के मुक्तिधाम में किया गया। जहां उनके बड़े पुत्र पिंटु साव ने मुखाग्नि दिया। उनके निधन पर स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु एवं सिल्ली व्यावसायिक संघ के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## झारखंड आंदोलनकारी चिन्हिकरण के सदस्य भुवनेश्वर महतो सिल्ली पहुंचे

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो रविवार को सिल्ली पहुंचे। सिल्ली के न्यू बुंडू मोड़ पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के कई आंदोलनकारियों ने भुवनेश्वर महतो का माला पहना कर स्वागत किया। इसका नेतृत्व रतन लाल महतो ने किया। आंदोलनकारियों के साथ भुवनेश्वर महतो ने संक्षिप्त बैठक की। जहां उन्होंने आंदोलनकारियों की समस्याएं सुनी। वहीं उन्होंने सभी आंदोनकारियों को भरोसा दिलाया कि चिन्हितिकरण का काम तेजी से हो रहा है। जल्दी ही सभी आंदोलनकारी चिन्हित कर लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार को त्रुटि भी हो तो इसे दूर कर लिया जाएगा। इस मौके पर प्रो रतन लाल महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, शत्रुघ्न महतो, नारायण सिंह मुंडा, सनत कुमार राय, दशरथ महतो, हरेंद्र नाथ महतो, काशीनाथ महतो, नान्हू महतो, विशेश्वर महतो, राम कृष्ण कुम्हार, सुचांद महतो, तुलसी सिंह मुंडा, विजय कुमार गुप्ता, रबिंद्र नाथ महतो, राम पद महतो एवं नीतेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

## रोटरी क्लब कोडरमा का पद स्थापना समारोह संपन्न

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोटरी क्लब कोडरमा का पद स्थापना समारोह शिव वाटिका में किया गया सत्र जिसमें 23- 24 के अध्यक्ष बने विकास सेठ सचिव बने नवीन जैन.सत्र 22- 23 के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने अपना कार्यभार विकास सेठ को संस्था का चार्टर और कॉलर देकर सौपा . सेक्रेट्री अमर कुमार ने अपना दायित्व सचिव नवीन कुमार को पीन पहनाकर सौपा. मंच संचालन रोटेरियन शैलेश दारूका ने किया. कार्यक्रम की गेस्ट ऑफ ऑनर पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता थी. सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ सभा की शुरुआत हुई मंच पर बैठे सभी पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित किया रोटरी बाल विद्यालय के बच्चों ने स्वागत नृत्य किया अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों का स्वागत किया एवं इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अनुपस्थिति में रोटरी के लिए उनके द्वारा भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया उनके द्वारा रोटरी कोडरमा के कार्यों की सराहना की. कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर रितु सेठ ने अपनी बातों को रखा, सचिव अमर कुमार ने 22- 23 सत्र में किए गए कार्यों को बताया 22- 23 के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के द्वारा पूरे वर्ष में सेवा के क्षेत्र में अच्छे कार्य किए जाने वाले रोटेरियन के अवार्ड की घोषणा की गई.रोटेरियन सुरेश जैन के द्वारा सत्र 23-24 के अध्यक्ष और सचिव को मंच पर उनका पदभार ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया सत्र 23- 24 के अध्यक्ष विकास सेठ ने अपने टीम की घोषणा की और इस वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को बताया जॉन 12 के असिस्टेंट गवर्नर कुमार पुजारा को सचिव नवीन जैन ने पौधे का गमला देखकर सम्मानित किया जोन 12 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन कुमार पुजारा ने रोटरी के इतिहास के बारे में बताया और कहां की रोटेरियन तन मन और धन के साथ निस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य करते हैं रोटरी विकलांग लोगों की सेवा छोटे बच्चों की हार्ट सर्जरी में भी हमेशा अपना सेवा प्रदान करती है आज के कार्यक्रम की अतिथि शालिनी गुप्ता ने रोटरी के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि रोटरी कोडरमा समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की आन बान और शान है. बिहार शरीफ से आए रोटेरियन डॉक्टर अजय कुमार एवं नालंदा से आए रोटेरियन रवि कुमार और अजीत कुमार ने सत्र 23-24 के अध्यक्ष और सचिव को बुके देकर बधाई दी धन्यवाद ज्ञापन इस सत्र के सेक्रेटरी नवीन जैन ने दिया सत्र 22 -23 के रोटेरियन कैलाश चौधरी संदीप सिन्हा महेश दारूका आरती आर्य, कुमार पुजारा, नवीन पांडया, सुरेश जैन, जयकुमार जैन, यूथ विंग से रोटेरियन गौरांग पुजारा, शैलेश दारूका ,मनीष पेड़ीवाल, मनीष अग्रवाल, मनीष गंगवाल, आशीष छाबड़ा, आशीष खेतान, ईशान जैन ,प्रतीक जैन, सनी कुमार, विपुल बगड़िया, राहुल मोदी एवं रोटेरियन मधुसूदन दारूका राजेंद्र मोदी अमित कुमार अजीत खाटू वाला परवीन बरनवाल पूर्व सचिव अमर कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया गया. इस मौके पर कई सामाजिक संस्था के अध्यक्ष पदाधिकारी स्कूल के डायरेक्टर मुख्य रूप से उपस्थित थे.ग्रिजली स्कूल के डायरेक्टर अविनाश सेठ,अग्रवाल समाज के पदाधिकारी संजय अग्रवाल, सेक्रेड हार्ट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद कुमार, ओम प्रकाश राय इकरा स्कूल से मकसूद आलम, सरकारी अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा, प्रांतीय संयोजक विश्व हिंदू परिषद अरविंद सिंह,जिला कार्यवाहक दिलीप सिंह,प्रांतीय संयोजक महिला बाल विकास जूही दास गुप्ता, शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर प्रधानाचार्य रमेश उपाध्याय,पूर्व सचिव भारत विकास परिषद छोटेलाल पांडे, मोदी समाज के अध्यक्ष सूर्य देव मोदी, वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष रवि कपसीमें, प्रधानाचार्य अश्वनी तिवारी, शिक्षक अर्जुन कुमार,मिलन सहबादी आदि लोगों उपस्थित थे.यह सभी जानकारी रोटरी कोडरमा के सचिव नवीन जैन ने दी.

## कंज्युमर एक्सपो का भूमि पूजन गोपाल मैदान में संपन्न, 15 से होगा शुरु



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिडिया मार्ट एवं एप्पल साइन ग्राफ़िक्स द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 15 सितम्बर से शुरु होने वाले कंज्युमर एक्सपो का भूमि पूजन गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में सम्पन हुआ । उक्त फेयर के मार्केटिंग पार्टन 'काईजेन असोसिएट है । आयोजक आमोद मिश्रा एवं सुमित खुराना ने संयुक्त रूप से कहा कि कंज्युमर एक्सपो में अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगेंगे, जिनमें ऑटोमोबाइल, फर्नीचर्स, होम एप्लायंसेज, होम डेकॉर, बैंकिंग एंड फाइनेंस, इंटीरियर्स, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, हेंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम, एजुकेशन कंसल्टेंसी, इंडस्ट्रीज, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड फैशन प्रोडक्ट्स, सैलून एंड स्पा, हेल्थ एंड फिटनेस, टूरिज्म, टेक्सटाइल्स, फुटवियर, कंस्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल फोन्स, कम्प्यूटर्स, एफएमसीजी इत्यादि के स्टॉल लगेंगे और साथ ही इसमें अफगानिस्तान, थाईलैंड, बंग्लादेश, नेपाल के भी स्टॉल शामिल होने की संभावना है। मेले में भाग लेने एवं स्टॉल की बुकिंग हेतु मोबाईल 7004041958 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से वीर बहादुर सिंह, प्रमोद जेना, आकाश यादव, राहुल, संतोष, घनश्याम दास, गिरिजा फ़ूड्स के संस्थापक वी के चतुर्वेदी, क्रिएटिव लैंड डेवलपर्स के सुबोध कुमार, नेशनल इलेक्ट्रॉनक्स के विशाल सिंह के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद के रक्तदान शिविर में 127 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के विद्यापति परिसर,गोलमुरी में 22वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस और एलबीएसएम के प्राचार्य अशोक झा अविचल और पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय खाँ उपस्थित हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों को संस्था के अध्यक्ष शिशिर कुमार झा और महासचिव सुजीत कुमार झा ने पाग, दोपटा देकर सम्मानित किया। अध्यक्षीय संबोधन शिशिर कुमार झा ने दिया, कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्र ने एवं धन्यवाद ज्ञापन महासचिव सुजीत कुमार झा ने किया। आज रक्त दान शिविर में 127 यूनिट रक्त संग्रह किया गया ।

## उत्कल सम्मिलनी ने शिक्षकों को साहित्य संसद से किया सम्मानित



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के कुसुमकुंज स्थित उत्कलमणि ओड़िया उच्च विद्यालय में रविवार को उत्कल सम्मिलनी की ओर से शिक्षकों को साहित्य संसद देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिम सिंहभूम जिले के 40 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य नागेश्वर प्रधान, मुख्य वक्ता उत्कल सम्मिलनी के जिलाध्यक्ष प्रदीप्त कुमार दास, सचिव अंबिका चरण दीक्षित, सम्मिलनी के पूर्व अध्यक्ष सरोज प्रधान उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने ओड़िया भाषा के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर चक्रधरपुर, बंदगांव, सोनुवा, चाईबासा, जगन्नाथपुर समेत अन्य स्थानों के उत्कल सम्मिलनी से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सांसद विद्युत ने एग्री स्मार्ट विलेज का किया उद्धाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एग्री स्मार्ट ग्राम योजना की परिकल्पना राज्य सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना साबित हो रही है। लोकसभा एवं विधानसभा सदस्यों द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र के किसी एक गाँव को एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में चयन किया गया है। पूर्वी सिंहभूम जिला में सांसद जमशेदपुर विद्युत वरण महतो के द्वारा पटमदा प्रखण्ड के खेडुआ पंचायत के खेडुआ ग्राम का चयन एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में किया गया है जिसका उद्धाटन शनिवार को लोकसभा सांसद द्वारा किया गया । समारोह का आयोजन खेडुआ हरि मंदिर प्रांगण में किया गया एवं एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत सामुदायिक संसाधन व्यक्ति का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया गया । इसके अलावे पोटका विधायक संजीब सरदार द्वारा डोमजुड़ी पंचायत का खुर्शी गांव, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन के द्वारा मुसाबनी प्रखण्ड के गोहला पंचायत में देवली गांव, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहन्ती के द्वारा चाकुलिया के जुगीतोपा पंचायत के मुड़ाठाकुरा गांव और जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी के द्वारा बोड़ाम के पहाड़पुर ग्राम पंचायत का एग्री स्मार्ट ग्राम हेतु चयन किया गया है।

## भाजपाइयों ने चलाया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भरनीय पंचायत के जनता गांव के बूथ संख्या 74 तथा हथना तोरंग पंचायत के रोलाडी एवं मांगुरदा गांव के बूथ संख्या 85, 86, 89 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश सदस्य मालती गिलवा के नेतृत्व में चलाया गया। गिलुवा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के कई घरों में जाकर चावल के दाने और घर के आंगन की मिट्टी संग्रह की गई । गिलवा ने अपने बयान दर्ज करते हुए ग्रामवासी से कहीं कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय हित में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम मेंउन के साथ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ललित मोहन गिलवा, जिला कर समिति सदस्य शिवलाल रवानी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित महतो ,जगदीश मुंडा, प्रधान गिलवा, रगा गिलवा, जर्मन गिलावा, साजन गिलवा, साईटोपा गिलवा एवं और भी कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### धातकीडीह में खुदरा मछली बाजार का हुआ उद्धाटन, मत्स्य मित्र को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

# हाइजीनिक कंडीशन में मिलेगा ताजा मछली : बन्ना गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** धातकीडीह, जमशेदपुर में मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण एवं आपदा प्रबंधन विभाग बन्ना गुप्ता द्वारा 20 स्टॉल वाले खुदरा मछली बाजार का उद्धाटन किया गया। इस बाजार का निर्माण केंद्र प्रायोजित योजना ब्लू रिवॉल्यूशन के अंतर्गत लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी अलका पन्ना उपस्थित थे। मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी वर्गों के सामाजिक, आर्थिक दिशा में प्रगति को लेकर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा । जिला प्रशासन द्वारा पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए खुदरा मछली बाजार को क्रियान्वित अवस्था में लाने पर उन्होंने जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया। मंत्री ने कहा कि यह बाजार लोगों को हाइजीनिक कंडीशन में ताजा मछली उपलब्ध कराएगा। साथ ही कहा कि खुदरा मछली बाजार के स्थल को स्वच्छ रखना सभी आवंटितों की भी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा तथा श्री स्वप्न कुमार, श्री प्रधान चंद महतो, नमिता मोहंती, यादुनाथ सोरेन और श्री रविलाल भुईयां सभी मत्स्य मित्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जमशेदपुर के नए एसएसपी कौशल किशोर ने संभाला पदभार, कहा

## क्राइम कंट्रोल व नशा कारोबार पर रहेगा फोकस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को जमशेदपुर के नए एसएसपी कौशल किशोर ने पदभार संभाल लिया है. कौशल किशोर ने निवर्तमान एसएसपी प्रभात कुमार से पदभार लिया. मौके पर सिटी एसपी के विजय शंकर, एएसपी सिटी, तमाम डीएसपी सहित तमाम थाना प्रभारी ने एसएसपी कौशल किशोर को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इससे पूर्व जमशेदपुर के एसएसपी कार्यालय पहुंचते ही एसएसपी कौशल किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके बाद पदभार संभालने की प्रक्रिया पूरी की गई. नए एसएसपी कौशल किशोर ने कहा कि विधि व्यवस्था व क्राइम कंट्रोल करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी. उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक फ्रैंडली व्यवहार होना चाहिए ताकि शहर के

**जमशेदपुर के एसएसपी कार्यालय पहुंचते ही एसएसपी कौशल किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके बाद पदभार संभालने की प्रक्रिया पूरी की गई.**

लोग बिना पुलिस से डरे थाना आकर अपनी शिकायत कर सकें। अगर थाना में काम सही ढंग से नही हो रहा हो तो पब्लिक सीधे उन्हें फोन पर इसकी शिकायत कर सकते है. उन्होंने कहा कि युवा नशा से दूर रहे और नशा के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा. शहर के गैंगस्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सरेंडर कर दे नही तो पुलिस अपनी ओर से कार्रवाई करने में किसी तरह की संकोच नहीं करेगी.

## जन सुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं का मंत्री ने तत्परता से किया समाधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सोन मंडप, सिदगोड़ा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्री बना गुप्ता ने आम जनता के समस्याओं से संबंधित एक सौ से अधिक मामले पर सुनवाई किया। अनेकों मामले को उन्होंने तत्काल समाधान किया, आम जनता ने अपने मंत्री से मिलकर बेबाक रूप से अपने समस्याओं को साझा किया। इस दौरान मंत्री ने समाधान का प्रयास भी किया। इस दौरान सौ से अधिक मामले में विकास से संबंधित मामले भी आये। जिसका आवेदन मंत्री ने ले लिया है और उचित कार्यवाही कर संबंधित विभाग को प्रेषित करने के लिए जनता से कहा। जनसुनवाई कार्यक्रम को सफल बनाने में गोलमुरी प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता समांथा कुमार, शैलेंद्र सिंह रंजन मिश्रा, अभिजीत बॉस, राकेश रविदास, राजेश चौधरी, निखिल तिवारी, सचिन सिंह सुमित मुखी देवमुखी दीपक कर्मकार सपन चक्रवर्ती शामिल हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक चौधरी, रामाश्रय प्रसाद पूर्व जिला अध्यक्ष, बृजेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद, मनोज झा, संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, रियाजुद्दीन खान सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण भी शामिल हुए।

## जेबीकेएसएस ने गांव में चलाया जन जागरूक अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत लावा/ चुनीडीह गांव में जेबीकेएसएस द्वारा जनजागरूक अभियान चलाया गया। लावा, चुनीडीह के ग्रामीणों के समर्थन से ये प्रतीत हुआ बदलाव निश्चित है ।वर्तमान सांसद, विधायक विधि कानून तो दूर की बात मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में भी नाकाम है। मौके पर उपस्थित गोपेश महतो, रहीदास गोप, मकर चंद्र लोहारा, खगेन चंद्र महतो , तारकेश्वर लोहारा पूर्ण शशि महतो, विमल प्रमाणिक, लक्ष्मण गोप, गणेश मछुआ, फूलचंद महतो अनिरुद्ध दास, त्रिलोचन महतो, मुकेश महतो, शिवनाथ मछुआ, भवतारण महतो, श्यामसुंदर, साईनाथ, राधेश्याम, भुवनेश्वर, वीरेंद्र आदि उपस्थित थे ।

### डुमरी उप चुनाव में जीत पर खरसावां में जश्न, निकाला गया विजय जुलूस

## डुमरी की जीत 2024 का आगाज : गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** शनिवार को खरसावां में झामुमो कार्यकर्ताओं ने डुमरी विस उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के जीत पर विजय जुलूस निकाला. पार्टी नेताओं ने गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकालते हुए खरसावां के केरसे मुंडा चौक से बेहरासाही, बाजारसाही, तलसाही, कुम्हारसाही होते हुए खरसावां के सभी मुहल्लों का भ्रमण किया. इस दौरान पार्टी नेताओं ने जम कर रंग-गुलाल उड़ाये तथा कार्यकर्ताओं में लड्डू बांटे. खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने डुमरी विस उप चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर बधाई दी है. उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने इंडिया गठबंधन पर विश्वास जताया है. डुमरी की यह प्रचंड जीत 2024 का आगाज है. इस दौरान मुख्य रुप से विधायक दशरथ गागराई, विधायक की धर्मपत्नी बासंती गागराई, प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, युवा कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, अनूप सिंहदेव, केंद्रीय सदस्य सुधीर महतो, धनु मुखी, भरत सिंह मुंडा, राम सोय, धर्मेद्र मुंडा, ललन तिवारी, सुकरा नायक, रानी हेंब्रम, अजय सामड,संजय प्रधान, दीपक नायक, प्रताप मिश्रा, मो सलाम, खिरोद प्रमाणिक, मंजु कुम्हार समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया धातकीडीह टैक्सी स्टैंड के नये कार्यालय का उद्धाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को जे एच तारापोर धातकीडीह स्कूल के समीप धातकीडीह टैक्सी स्टैंड के नये कार्यालय का उद्धाटन सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय लोग और बन्ना गुप्ता के फैंस भी मौजूद थे। मौके पर उपस्थित टैक्सी स्टैंड के अध्यक्ष मोहम्मद सफदर और सचिव हाजी अली हुसैन (लल्लू भाई) ने संयुक्त रूप से कहा कि धातकीडीह टैक्सी स्टैंड की स्थापना सन् 1958 में हुई थी। पिछले माह आधी तूफान में गिर गया था, जिसे नया रूप दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महबूब अली खान, बब्लू, सोनू, सिकन्दर, अशाक अली, हासिम, मो. समी, मो. कमर, राज, पप्पू, कलाम और मकबूल आदि उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज के सतरंग में नृत्य कला रक्स का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में स्पार्क (सोसायटी फॉर प्रोमोटिंग आर्ट एंड कल्चर) छात्र मंच की ओर से आयोजित सतरंग उत्सव के तहत रविवार को रक्स का आयोजन किया गया. यह एक नृत्य प्रतियोगिता है. इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नृत्य कला को बढ़ावा देना और नृत्य के लिए उत्सुक छात्र-छात्राओं को एक मंच प्रदान करना है. प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रस्तुतीकरण की. इसमें अर्ध शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य आदि शामिल रहा. निर्णायक मंडली में नृत्य प्रतिपादक संदीप बोस एवं नृत्य गुरु तरित सरकार शामिल थे. उन्होंने सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया. प्रतियोगिता में अर्ध शास्त्रीय नृत्य की विजेता मासूम पॉल बनी तथा दूसरा स्थान छात्रा अद्रीजा मल्लिक ने हासिल किया. लोकनृत्य में प्रथम स्थान पर शिवानी कुमारी और दूसरे स्थान पर प्रतिभागी है मुस्कान व अपूर्व पॉल रहा. यह कार्यक्रम बड़ा ही रोचक रहा. इसमें कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया.

## टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने जामाडोबा ग्रुप के लिए ट्रांसपोर्टेशन पार्क का किया उद्घाटन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामाडोबा/जमशेदपुर :** सड़क से कोयले की ढुलाई के दौरान सुरक्षा बढ़ाने के लिए, जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन के 6 और 7 पिट्स क्षेत्र के पास एक अत्याधुनिक परिवहन पार्क का उद्घाटन किया गया। यह पार्क मुख्य रूप से जामाडोबा कोल प्रिपरेशन प्लांट तक चलने वाले ट्रकों के लिए समर्पित है। ट्रांसपोर्टेशन पार्क का उद्घाटन आज टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट रॉ मैटेरियल्स डी बी सुंदरा रामम ने झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया, चीफ (सेफ्टी) नीरज कुमार सिन्हा, चीफ सेफ्टी (रॉ मैटेरियल्स) सरोज कुमार बनर्जी, मयंक शेखर, चीफ (सिजुआ ग्रुप), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, संतोष महतो, रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, और टाटा स्टील के अन्य अधिकारी और यूनियन के सदस्यों की उपस्थिति में किया। ट्रांसपोर्टेशन पार्क में 26 वाहनों को रखने के लिए अलग-अलग पार्किंग स्लॉट, कंक्रीट स्टॉपर्स और रोल बैक अरेस्टर, ड्राइवरों की सुरक्षित आवाजाही के लिए एक समर्पित मार्ग, स्नान सुविधा के साथ विश्राम कक्ष और ड्राइवरों के लिए वॉशरूम जैसी सुविधाएं, वेंडर ऑफिस कॉम्प्लेक्स, चौतरफा सीसीटीवी निगरानी, ड्राइवरों के लिए प्रशिक्षण क्षेत्र, उपयुक्त गेट, ड्रॉप गेट और सिग्नल लाइट के माध्यम से पहुंच नियंत्रण और रात के संचालन के लिए पर्याप्त रोशनी वाला नियंत्रण कक्ष सहित कई विशेष सुविधाएं हैं। ट्रांसपोर्टेशन पार्क के अलावा, डीबी सुंदरा रामम ने झरिया डिवीजन के कर्मचारियों के लिए बसों में सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित करने की उन्नत सुविधा का उद्घाटन किया।

## ईचागढ़ में विधायक ने किया 2 पीसीसी पथ का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** रविवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर व कुईडीह में दो पीसीसी पथ का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। जिला अनावद्द योजना मद से स्वीकृत दो पीसीसी पथ करीब 75 लाख की लागत से निर्मित किया जाएगा। टीकर बुड़ीबांध से पामीया पथ व सिल्ली रांगामाटी मुख्य पथ से कुईडीह तक दोनों पीसीसी पथ 7 सौ मीटर किया जाना है। वहीं विधायक सविता महतो को ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं शिलान्यास के बाद विधायक ने संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण पीसीसी पथ निर्माण कराने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, प्रमुख गुरूपद मार्डी, नकूल घोष, मुखिया किसुन किस्कू, पंचानन पातर, लालू हाजाम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अनिल सिन्हा, ठाकुर दास महतो, राजेन सिंह मुण्डा, हरेंद्र कुमार महतो, आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# भारत अर्थात इंडिया

**हमारे** देश का सांस्कृतिक और पौराणिक नाम 'भारत' है। संविधान में 'इंडिया' नाम का भी उल्लेख है। संविधान की प्रस्तावना में लिखा है-'इंडिया, जो भारत है, राज्यों का संघ कहलाया जाएगा।' यही संवैधानिक व्यवस्था जारी रही है। भारत और इंडिया हमारे देश के पूरक नाम रहे हैं, जिन पर हमें गौरव महसूस करना चाहिए। भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है और 9-10 सितंबर को शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष या प्रधानमंत्री भाग लेंगे। 'राष्ट्रपति भवन' ने विदेशी मेहमानों के लिए 9 सितंबर को रात्रि-भोज का आयोजन किया है। उसके निमंत्रण-पत्र में लिखा गया है-'प्रेसीडेंट ऑफ भारत...।' अभी तक 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' का चलन रहा है। अलबत्ता हिंदी में 'भारत के राष्ट्रपति' लिखने की भी परंपरा रही है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ऑसियान समिट में शिरकत करने इंडोनेशिया जा रहे हैं। इस संदर्भ में लिखा गया है-'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत...।' ये नए प्रयोग गलत नहीं हैं, लेकिन अचानक ऐसा बदलाव सामने आया है, तो अटपटा और संदेहास्पद जरूर लग रहा है। ऐसे बदलाव की जरूरत क्या थी? क्या मोदी सरकार संविधान में महत्त्वपूर्ण संशोधन के मंसूबे रखती है? क्या संविधान की प्रस्तावना में भी परिवर्तन किया जा सकता है? इनके जवाब संसद के विशेष सत्र के दौरान मिल सकते हैं, लेकिन हमारी जड़ें, हमारा परिचय और हमारी सांस्कृतिक विरासत 'भारत' में निहित है। 'विष्णु पुराण', 'ब्रह्म पुराण' और कई अन्य धार्मिक ग्रंथों में 'भारतम्' शब्द का उल्लेख मिलता है। लेकिन हमारे देश को आर्यावर्त, हिंद, हिंदुस्तान, भारतखंड, हिमवर्ष, जम्बूद्वीप आदि नामकरणों से भी संबोधित किया जाता रहा है। किसी को कोई आपत्ति नहीं रही। 2016 में एक याचिका के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने फैसला दिया था कि इंडिया और भारत दोनों ही नाम प्रचलित रहेंगे। नागरिक अपनी इच्छा और पसंद के मुताबिक नाम का इस्तेमाल कर सकते हैं। 'भारत' के अलावा 'इंडिया' के साथ भी मिथकीय कथाएं जुड़ी हैं। महारानी इंदुमती अयोध्या के सम्राट अज की धर्मपत्नी और महाराजा दशरथ की माता थीं। जब राजा राम अयोध्या के सिंहासन पर बैठे, तो उनके कालखंड में दादी इंदुमती का नाम भी प्रचलित था, जिसे आज हम 'इंडिया' कहते हैं। 'भारत' नाम राजा राम के छोटे भाई भरत के नाम पर पड़ा। किंवदन्ति यह भी है कि राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र का नाम भी भरत था। ऋषि कण्व ने भरत को 'चक्रवर्ती सम्राट' बनने का आशीर्वाद दिया था, लिहाजा उनके आधार पर हम 'भारत' बने। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी के 'चक्रवर्ती पुत्र' भरत विश्व-विजयी सम्राट थे, लिहाजा देश का नाम 'भारत' पड़ा। ऐसी कई मिथकीय कथाएं और मान्यताएं होंगी, जो 'भारत' के सांस्कृतिक अतीत का खुलासा करती रही हैं, लेकिन 1947 में देश की आजादी के बाद जब संविधान ने आकार और स्वीकृति प्राप्त की, तो अनुच्छेद एक में 'इंडिया अर्थात भारत' का उल्लेख किया गया। यदि देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने 'भारत' शब्द का प्रयोग किया है, तो किसी प्रोटोकॉल का हनन नहीं किया गया है। हमारे 'राष्ट्रगान' में 'भारत भाग्य विधाता' लिखा गया है, तो भारत सरकार की कई परियोजनाओं के साथ 'इंडिया' शब्द लिखा गया है। हमारे केंद्रीय बैंक, उच्च शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों, चुनाव आयोग आदि के साथ भी 'इंडिया' शब्द आज भी नत्थी है। किसी को हटाने का कोई निर्णय और आदेश नहीं है। फिर सियासी चीखा-चिल्ली क्यों? देश में 'सदी के महानायक' अमिताभ बच्चन और उनकी सांसद-पत्नी जया बच्चन ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है-'भारत माता की जय।' हमारे महान एवं विश्व चैम्पियन बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी 'भारत' को ही मूल नाम और परिचय माना है। ढेरों प्रतिक्रियाएं आना स्वाभाविक है।

भारत और इंडिया हमारे देश के पूरक नाम रहे हैं, जिन पर हमें गौरव महसूस करना चाहिए। भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है और 9-10 सितंबर को शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष या प्रधानमंत्री भाग लेंगे। 'राष्ट्रपति भवन' ने विदेशी मेहमानों के लिए 9 सितंबर को रात्रि-भोज का आयोजन किया है। उसके निमंत्रण-पत्र में लिखा गया है-'प्रेसीडेंट ऑफ भारत...।' अभी तक 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' का चलन रहा है। अलबत्ता हिंदी में 'भारत के राष्ट्रपति' लिखने की भी परंपरा रही है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ऑसियान समिट में शिरकत करने इंडोनेशिया जा रहे हैं। इस संदर्भ में लिखा गया है-'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत...।' ये नए प्रयोग गलत नहीं हैं, लेकिन अचानक ऐसा बदलाव सामने आया है, तो अटपटा और संदेहास्पद जरूर लग रहा है। ऐसे बदलाव की जरूरत क्या थी? क्या मोदी सरकार संविधान में महत्त्वपूर्ण संशोधन के मंसूबे रखती है? क्या संविधान की प्रस्तावना में भी परिवर्तन किया जा सकता है? इनके जवाब संसद के विशेष सत्र के दौरान मिल सकते हैं, लेकिन हमारी जड़ें, हमारा परिचय और हमारी सांस्कृतिक विरासत 'भारत' में निहित है। 'विष्णु पुराण', 'ब्रह्म पुराण' और कई अन्य धार्मिक ग्रंथों में 'भारतम्' शब्द का उल्लेख मिलता है। लेकिन हमारे देश को आर्यावर्त, हिंद, हिंदुस्तान, भारतखंड, हिमवर्ष, जम्बूद्वीप आदि नामकरणों से भी संबोधित किया जाता रहा है। किसी को कोई आपत्ति नहीं रही।

## कुछ अलग

# अंततः जमीन के टुकड़े पर

**'आओ** उसी आकाश के नीचे छुपा जाए, जमीं का कोई टुकड़ा नसीब में आए।' आपदा जिस कद्र गुजर गई उससे हिमाचल में इनसान का आधार कमजोर पड़ गया। घाव चेहरे के जब जमीं पर उतर आएं, प्रगति के दिन और रातें कांपती हैं। इसी एहसास में हिमाचल सरकार के पिछले दो महीनों की समीक्षा होनी चाहिए। ऐसा बहुत कुछ हो रहा है जो पहले नहीं हुआ। ऐसा बहुत कुछ सुना जा रहा, जो पहले नहीं सुना। नींद में सुला दिए गईं रिपोर्टें, सर्वेक्षण व हिदायतें अब सवालिया निशान बन कर हाजिर हैं, तो यह वक्त नीतियों, कार्यक्रमों, प्राथमिकताओं, सामाजिक संस्कारों और सरकार के राजनीतिक श्रृंगारों को बदलने का है। अगर समाज को हक है कि सरकार से पूछे, तो उन मेहरबानियों पर उगी वक्त की काई को भी हटाना होगा। जाहिर है आपदा ने पूरे हिमाचल के सामने जो दर्पण खड़ा किया है, उसकी दरारों में झांकते हुए केवल सरकार को ही नहीं सीखना है, बल्कि समाज को भी यह देखना है कि प्रदेश में राज्य का नया आचरण व चरित्र खड़ा करें। अभी केंद्र सरकार द्वारा वाया सुप्रीम कोर्ट 13 हिमालयी राज्यों की 'कैरिंग कैपस्टी' की योजना बनाने के निर्देश देने की अरदास हुई है। इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखा, सुना और किया जाए, तो विकास के बीच उगते नासूर को खत्म किया जा सकता है, लेकिन फर्ज की हिदायतें तो केंद्र से नीतियों की राह बटोरना चाहती हैं। हिमालयी राज्य केवल पर्यावरण का भंडार नहीं, मानव अस्तित्व का भौगोलिक व जलवायु परिस्थितियों से मुकाबला भी है। इसलिए यह स्वतंत्र रूप से अपनी देखभाल या अनिवार्य मानदंडों का पालन नहीं कर सकते और न ही राष्ट्रीय योजनाओं में आबादी के आधार पर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। अब वक्त आ गया है जब हिमालयी तथा समुद्र तटीय राज्यों के लिए राष्ट्रीय योजनाएं, अनुसंधान, तकनीक, नवाचार तथा विकास का ढांचा अलग से सुनिश्चित किया जाए। हम पिछले पंद्रह सालों से सुझाव दे रहे हैं कि हिमालयी राज्यों को सुरक्षित, आत्मनिर्भर तथा न्याय की दृष्टि से संबल देना है, तो पर्वतीय राज्य विकास मंत्रालय की स्थापना करनी होगी। देश की वर्तमान राजनीति जिन पैमानों से बनती व बंटती है, वहां पर्वतीय राज्य आबादी के आधार पर हाशिए से बाहर हो जाते हैं। भारतीय सुरक्षा बलों में पर्वतीय जज्बा जब तक खुले मन से भर्ती होने की असीमित संभावना में परिलक्षित होता था, रोजगार का यह पहलू परवान चढ़ता था, लेकिन अब आबादी का कोटा हिमालयी राज्यों को किनारे लगा देता है। कभी वित्त आयोग की सारी सिफारिशें हिमालयी राज्यों के पक्ष में केंद्र से लागत का नब्बे प्रतिशत दिला देती थी, लेकिन जब धर्मशाला-शिमला जैसे शहर, स्मार्ट सिटी परियोजना में आए तो लागत 50 : 50 प्रतिशत के आधार पर हो गई। इसी तरह अब केंद्र की मदद से इलेक्ट्रिक वाहनों की खेप बड़े शहरों की रखवाली कर रही है, तो हिमाचल के मनाली, शिमला, मकलोडगंज व कसौली की 'कैरिंग कैपस्टी' के आकलन की जरूरत में बसों का यह तोहफा क्यों आबादी-आबादी खेल रहा है।

## कोरोना के कारण मार्च 2020 में जब हमारे कार्यालय बंद हुए तो लगभग साल भर तक नहीं खुल

# सीखने की उम्र

पीके खुरराना

मेरा प्रयास सिर्फ इतना सा है कि हम जो नया ज्ञान अर्जित करें, उसे सिर्फ शौक ही न रहने दें बल्कि उसका आर्थिक लाभ भी लें। आज जब मैं हैपीनेस गुरु से आगे बढ़ कर स्पिरिचुअल हीलर यानी आध्यात्मिक चिकित्सक के रूप में प्रसिद्धि पा चुका हूं तो अपने पास आने वाले लोगों को ये बताने से गुरेज नहीं करता कि खुश रहने के लिए शौक पालिए, पर यदि आप उन्हें बिजनेस में भी बदल सकें तो सोने पर सुहागा होगा। मुझे खुशी है कि खुशनुमा गपशप सरीखी मेरी बातचीत के इस तरीके के कारण भी बहुत से नए बिजनेस खुले हैं।

**पंजाब** के एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए नामचीन बिजनेस गुरु शिव खेड़ा ने स्वीकार किया कि दो साल पहले तक उन्हें ईमेल करना नहीं आता था। सहायकों की टीम उनके काम निपटा देती थी। कोरोना काल में जब सारी दुनिया को लॉकडाउन से गुजरना पड़ा, दफ्तर बंद हो गए और अपने बहुत से काम खुद निपटाने की जरूरत आन पड़ी तो उन्होंने अपने पोते-पोतियों से ईमेल करना सीखा। कोरोना का सबसे बड़ा सबक यही है कि परिस्थितियां कब किसे विवश कर दें, कहना मुश्किल है, इसलिए जितना संभव हो, अपने कामों के लिए हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए। जहां तक संभव हो अपने कामों से संबंधित टूल्स का ज्ञान होना चाहिए, उन्हें प्रयोग करना आना चाहिए। सहायक उपलब्ध हों, और रूटीन के काम खुद न करने पड़ें तो बहुत अच्छा है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि आवश्यकता होने पर हम किसी का मुंह ताकने के लिए विवश न हो जाएं। हम सब जानते हैं कि कर्नल सैंडर्स ने 65 वर्ष की उम्र में केएफसी की स्थापना की जो आज दुनिया भर में फैला है। उस वक्त जब उन्होंने केएफसी की स्थापना की तो बिजनेस नया था। नए बिजनेस को संभालना, चलाना, कर्मचारियों का चयन, नियुक्ति, प्रशिक्षण और उन्हें टिकाए रखना, ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी का स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करवाना, कच्चे माल की खरीद, व्यवसाय का प्रचार आदि सब उन्होंने उसी उम्र में किया। तब क्या चुनौतियां नहीं आई होंगी। पैंसठ साल की उम्र में कर्नल सैंडर्स ने उन चुनौतियों का मुकाबला करने के कुछ नए तरीके तो अवश्य सीखे ही होंगे। खुद मैं अपनी बात करूं तो बुढ़ापे की इस उम्र में भी मैं अब भी हर रोज कुछ न कुछ नया सीख रहा हूं। कोरोना के कारण मार्च 2020 में जब हमारे कार्यालय बंद हुए तो लगभग साल भर तक नहीं खुले। हम सब अपने-अपने घरों से ही काम कर रहे थे। सहायक नहीं थे। कार्यालय में बैठ कर बहुत से काम जो मैं टीम के विभिन्न सदस्यों को सौंप सकता था, तब संभव नहीं थे, इसलिए बहुत से काम खुद करने की जरूरत आन पड़ी तो उन्हें करना शुरू किया। जैसे कोई नन्हा बच्चा चलना सीखते हुए लडखड़ाता है, कई बार गिरता भी है, लेकिन फिर चलना शुरू कर देता है, वही मेरे साथ भी हुआ। सहायकों द्वारा किए जाने वाले जो काम मैं खुद करता था, उनकी गुणवत्ता और पैकेजिंग बहुत अच्छी नहीं होती थी, पर शुरुआत हो गई। बहुत से काम ठीक ढंग से करने सीख लिए,




हालांकि बहुत से काम अभी भी सीखने की स्टेज पर ही हूं। अपने काम खुद करने की प्रेरणा मुझे अपनी पोती की उम्र की एक छोटी सी बच्ची से मिली। तनावमुक्त जीवन जीने का प्रशिक्षण देने के कारण लोग मुझे हैपीनेस गुरु के रूप में जानते हैं। पिछले वर्ष मैं उस वक्त हैरान रह गया जब मेरी पुस्तकों के प्रकाशक डा. विनीत गेरा ने मेरा परिचय श्रीमती नित्या मेहता से करवाया। नित्या जी की तेरह साल की बिटिया स्निग्धा मेहता ने अपने उपन्यास का दूसरा भाग लिखा था और उसका प्रकाशन भी मेरे प्रकाशक द्वारा ही होना था, अतः डा. गेरा ने मुझसे अनुरोध किया कि मैं स्निग्धा के उपन्यास की भूमिका लिख दूं। मैं यह जानकर चमत्कृत था कि इस छोटी सी बच्ची ने इस कच्ची उम्र में न केवल उपन्यास लिखना सीखा, बल्कि एक प्रकाशित लेखिका बनने का गौरव भी प्राप्त किया। कोरोना ने बहुत सी नौकरियां छीन लीं, बहुत से व्यवसाय बंद हो गए, कई घर उजड़ गए और बहुत से लोग भगवान को प्यारे हो गए। इस कठिन समय में बहुत से लोग निराश हुए, हताश हुए या डिप्रेशन में चले गए। इस कठिन समय में मुझे यही उचित लगा कि मैं अपने देशवासियों की हरसंभव सहायता करूं। तब मैंने स्पिरिचुअल हीलर की अपनी सेवाओं को ऑनलाइन भी देना आरंभ किया और लोगों को रोगमुक्त होने में सहायता की। पत्रकारिता की मेरी पृष्ठभूमि के कारण मैं अपने पास आने वाले लोगों से कई तरह के सवाल पूछता था ताकि उनके बारे में अधिक से अधिक जानकर उनकी व्यक्तिगत उन्नति में भी सहायक हो सकूं। इसी दौरान मेरी मुलाकात आकाशवाणी शिमला, जालंधर, जयपुर, दिल्ली आदि केंद्रों के मुखिया रह चुके प्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय विश्व प्रकाश दीक्षित 'बटुक' की अड़सठ वर्षीय सुपुत्री सुश्री माधवी दीक्षित से हुई। वे भी आकाशवाणी में वरिष्ठ पदों पर रह चुकी हैं और रिटायरमेंट के बाद खाली बैठने के बजाय कुछ नया करने और सीखने का शौक उन्हें मेरे संपर्क में ले आया। बातचीत के दौरान सुश्री दीक्षित के एक कथन ने मेरे ज्ञान चक्षु खोले। उन्होंने कहा कि ज्यादातर भारतीय 'कर्स ऑफ नालेज', यानी ज्ञान के अभिशाप नामक रोग से ग्रसित हैं। 'कर्स ऑफ नालेज' का खुलासा करते हुए उन्होंने मुझे बताया कि आम भारतीय या तो यह मानता है कि वह सब कुछ जानता है और उसे कुछ भी नया सीखने की जरूरत नहीं है। इसका दूसरा पहलू यह है कि हमारे पास जो ज्ञान है, हम उसकी महत्ता नहीं समझते और उसे व्यवसाय बनाने या उससे आर्थिक लाभ लेने की कोशिश नहीं करते, तीसरा पहलू यह है कि हम बिना कोशिश किए ही यह मान लेते हैं कि अमुक काम हमारे बस का नहीं है और चौथा पहलू यह है कि अक्सर हम उम्र का बहाना बना कर कुछ नया सीखने से इन्कार कर देते हैं कि लोग क्या सोचेंगे। उनका यह खुलासा हमें नई दिशा देने में समर्थ है। कोशिश किए बिना ही हार मान लेना गलत है, और कुछ नया करने या नया सीखने की कोई एक उम्र नहीं होती, हर उम्र में नया ज्ञान सीखा जा सकता है, नया कुछ किया जा सकता है। इसमें मैं अपनी ओर से इतना ही जोडना चाहूंगा कि हमारे पास बहुत सा ऐसा ज्ञान होता है, जिसे व्यवसाय में बदलकर उससे आर्थिक लाभ लेना संभव है। इसके लिए सिर्फ कल्पनाशक्ति की आवश्यकता है। स्पिरिचुअल हीलिंग के अपने शौक को मैंने व्यवसाय में बदला। तकनीक का सहारा लेकर हीलिंग का ऑनलाइन सिस्टम तैयार किया। आज भी मेरा वह अनुभव कायम है कि हर उम्र के लोग जीवन का उत्साह बनाए रखने के लिए कुछ न कुछ नया सीखना ही चाहते हैं। नई बातें सीखने से हमारा दिमाग चुस्त रहता है और भूलने की बीमारी नहीं घेरती। मेरा प्रयास सिर्फ इतना सा है कि हम जो नया ज्ञान अर्जित करें, उसे सिर्फ शौक ही न रहने दें बल्कि उसका आर्थिक लाभ भी लें। आज जब मैं हैपीनेस गुरु से आगे बढ़ कर स्पिरिचुअल हीलर यानी आध्यात्मिक चिकित्सक के रूप में प्रसिद्धि पा चुका हूं तो अपने पास आने वाले लोगों को ये बताने से गुरेज नहीं करता कि खुश रहने के लिए शौक पालिए, पर यदि आप उन्हें बिजनेस में भी बदल सकें तो सोने पर सुहागा होगा। मुझे खुशी है कि खुशनुमा गपशप सरीखी मेरी बातचीत के इस तरीके के कारण भी बहुत से नए बिजनेस खुले हैं, सफल हुए हैं, उनके कारण नए रोजगार बने हैं और हम सब देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में विनम्र योगदान कर पा रहे हैं।

# क्या प्रदेश आपदा से सीख लेगा?

मात्र दो महीने के अन्तराल में हिमाचल के लोग भूस्खलन, बाढ़, बादल फटना, बिजली गिरना, ऑरेंज अलर्ट, रैड अलर्ट की चेतावनियां भयंकर तथा डरावनी बर्बादी देख तथा सुन कर भयभीत रहे। इतनी तबाही के बाबजूद राष्ट्रीय आपदा घोषित न होना भी बड़ा प्रश्नचिन्ह है। बिहार, केरल तथा उत्तराखंड की त्रासदी में पूरे देश के लोगों ने वहां के लोगों का दर्द समझ कर प्रधानमंत्री राहत कोष तथा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए अंशदान दिया है। हैरानी की बात है कि इस सुंदर, आकर्षक तथा छोटे से राज्य हिमाचल प्रदेश में घटित इस भयंकर त्रासदी के लिए कहीं से भी मदद के हाथ नहीं उठ सके। हिमाचल प्रदेश की जानी मानी फिल्मी हस्तियों का इस विपत्ति में कोई भी सहयोग न मिलना भी कल्पना से परे है। केवल हरियाणा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा राजस्थान की सरकारों ने 56 करोड़ रुपए भेज कर संकट के समय हिमाचल प्रदेश के आंसू पोंछने की कोशिश की है।

**बरसात** तो पहले भी होती थी, लेकिन वर्ष 2023 की बेदर्दी मानसून हिमाचलवासियों को कभी न भूलने वाले गहरे जख्म दे गई। मात्र दो महीने की विनाशलीला ने इस सुंदर प्रदेश को तबाह तथा छलनी-छलनी कर दिया। इस बार जलप्रपात तथा भूस्खलन के भयानक मंजर ने यह भी समझाया कि हिमाचल वालो, अभी भी सुधर जाओ, कोई तुम्हारे आंसू पोंछने नहीं आएगा। इस बार यह भी पता चला कि मात्र दो महीने में लगभग 395 लोगों का असमय और अकारण मौत के मुंह में चले जाना, 349 लोगों का घायल होना तथा 40 का लापता होना कोई बड़ी घटना नहीं है। इस विनाशलीला में चारों ओर लाशें, बिखरते और गिरते आशियाने, बहते पुल, हर तरफ चीख-ओ-पुकार, सिसकियां, बिलखते लोग, अपनों के बिछड़ जाने का गम, मदद के लिए उठते हाथ, ईश्वर के लिए प्रार्थनाएं- सब कुछ था, लेकिन मानकों के अनुसार यह कोई बड़ी राष्ट्रीय आपदा या त्रासदी नहीं थी। बीघों जमीन का बहना, बागीचों का जलमग्न हो जाना, लगभग 1200 सडकों का बाधित होना, पथ परिवहन के लगभग 5000 रूट बंद होना, बिजली के लगभग 5000 ट्रांसफार्मर खराब होना, दस हजार पेयजल योजनाएं ठप्प हो जाना, 2457 घरों का गिरना, बहना तथा टूटना, 10569 घरों का आंशिक नुकसान, 1000 से अधिक गाडियों का जलप्रपात में बह जाना तथा परिणामस्वरूप 8604 करोड़ 88 लाख रुपए की बरबादी का आकलन कोई राष्ट्रीय आपदा नहीं होती? मात्र दो महीने के अन्तराल में हिमाचल के लोग भूस्खलन, बाढ़, बादल फटना, बिजली गिरना, ऑरेंज अलर्ट, रैड अलर्ट की चेतावनियां भयंकर तथा डरावनी बर्बादी देख तथा सुन कर भयभीत रहे। इतनी तबाही के बाबजूद राष्ट्रीय आपदा घोषित न होना भी बड़ा प्रश्नचिन्ह है। बिहार, केरल तथा उत्तराखंड की त्रासदी में पूरे देश के लोगों ने वहां के लोगों का दर्द समझ कर प्रधानमंत्री राहत कोष तथा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए अंशदान दिया है। हैरानी की बात है कि इस सुंदर, आकर्षक तथा छोटे से राज्य हिमाचल प्रदेश में घटित इस भयंकर त्रासदी के लिए कहीं से भी मदद के हाथ नहीं उठ सके। हिमाचल प्रदेश की जानी मानी फिल्मी हस्तियों का इस विपत्ति में कोई भी सहयोग न मिलना भी कल्पना से परे है। केवल हरियाणा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा राजस्थान की सरकारों ने 56 करोड़ रुपए भेज कर संकट के समय हिमाचल प्रदेश के आंसू पोंछने की कोशिश की है। स्वतन्त्र पत्रकार रवीश कुमार का यह कहना कि चंद्रयान की सफलता के शोर में दिल्ली से अंतरिक्ष में चांद बहुत पास दिखा, लेकिन राजधानी के बहुत पास जलप्रलय से बर्बाद हिमाचल प्रदेश के लोगों की चीख-ओ-पुकार नहीं सुना जाना बहुत कुछ सोचने पर विवश करता है। केन्द्र सरकार ने इस आपदा में कुल मिलाकर लगभग साढ़े आठ सौ करोड़ जारी किए हैं जो कि 8604 करोड़ 88 लाख की भरपाई के लिए बहुत ही कम हैं। प्रदेश में इन हालात के मद्देनजर नजर केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की दरकार थी, ताकि प्रदेश के पुनर्निर्माण तथा फिर से पटरी पर लाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होती। इस समय पर्यटकों के न आने से हिमाचल का पर्यटन उद्योग ठप्प हो चुका है। वर्तमान हालात में सेब से लगभग 5500 करोड़ रुपए की आर्थिकी को संभालना प्रदेश सरकार के लिए चुनौती बन गया है। सब्जियों तथा फलों की ढुलाई तथा उन्हें मण्डियों तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है। वित्तीय संकट के कारण प्रदेश सरकार कोई आर्थिक मदद देने की स्थिति में नहीं है। यह ठीक है कि राजनीति हमारे जीवन का एक अटूट अंग है, लेकिन इस संकट के समय में प्रदेश की सरकार, प्रदेशवासियों, नीति निर्माताओं, प्रशासकों तथा जनता को व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठ कर प्रदेश के सतत विकास के बारे में सोचना होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों को अपनी आत्मा की आवाज को सुन कर प्रदेश के भविष्य के बारे में चिंतन तथा विश्लेषण करना चाहिए। भविष्य की चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुए सरकार को निम्नलिखित कड़े फैसले लेने की आवश्यकता है:



1. आपदा के समय हिमाचल प्रदेश को किसी पर निर्भर न होना पड़े, इसलिए विशेष आपदा कोष स्थापित किया जाना चाहिए। इस समय लगभग 10 हजार करोड़ से अधिक के नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार के पास कम से कम तीन गुना जमा पूंजी अपेक्षित थी। 2. भवन निर्माण के लिए कड़े नियमों तथा उनकी अनुपालना अति आवश्यक है। होटल निर्माण, उद्योग निर्माण, बिजली-पानी परियोजनाओं तथा धर्मस्थल निर्माण की स्थापना के लिए विशेष निरीक्षण सहित अनुमति ली जानी चाहिए। 3. मन्दिरों, मस्जिदों, गुरद्वारों तथा गिरजाघरों के आस्था के सैलाब से बनने वाले बेतरतीब निर्माण कार्यों पर रोक लगनी चाहिए। धार्मिक स्थलों का निर्माण भी नियमपूर्वक होना चाहिए। 4. प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के लिए स्पष्ट तथा कड़ी पर्यटक नीति बनाई जानी चाहिए। प्रदेश के चार मुख्य द्वारों पर उनका विधिवत पंजीकरण होना चाहिए। पर्यटकों से उपयोग तथा उपभोग पर्यावरण टैक्स लिया जाना चाहिए। 5. अन्धाधुंध जंगलों के कटान, सडक निर्माण, नदी-नालों के अतिक्रमण तथा खड्डों के भूमि कटान पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। भू-माफियाओं, खनन माफियाओं, माइनिंग, बजरी, रेत तथा स्टोन क्रशर मालिकों, बिल्डरों तथा ठेकेदारों पर सरकार की लगाम होनी चाहिए। प्रशासन, पुलिस तथा कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होनी चाहिए। इस संदर्भ में राजनीतिक दखल तथा भाई-भतीजावाद न होकर 'जीरो टॉलरेंस' होनी चाहिए। 6. पर्यटन के कारण मनाली, कुल्लू, मंडी, धर्मशाला, शिमला तथा सोलन आदि शहर वर्तमान में कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। इन शहरों में अब बेतरतीब निर्माण पर रोक लगनी चाहिए। भूकम्प, बाढ़, हिमपात, आगजनी तथा किसी भी आपदा की दृष्टि से यह बहुत ही आवश्यक है।

## दृष्टिकोण

# देश के लिए जवानी की तलाश

**बूढ़ा** हो जाने के बाद आदमी कितनी सफाई से झूठ को सच बना कर बोल लेता है। लगता है इतना बूढ़ा हो गया है। सच ही कह रहा होगा। हो सकता है वास्तव में इसने जीवन में इतनी ही उपलब्धियां हासिल कर ली हों! इसका जीवन एक शाहकार बन कर गुजरा हो। वास्तव में क्यों न इसकी बात मान ही लो कि दुनिया में सबसे अकलमंद गदहा होता है, और सबसे सुखी जीव सुअर है। जो बात एक बूढ़े होते आदमी के लिए सही है, वही बात एक बूढ़े हो गए देश के लिए भी सही है। एक झूठ को दस बार सच कह कह दुहरा दो, तो वह वास्तव में सच ही लगने लगता है। हम अपने देश की रगों में दौड़ते उद्दाम यौवन की कल्पना करते हैं, तो लगता है वास्तव में देश बुढ़ापा त्याग फिर से जवान हो उठा। काव्य पंक्तियां क्यों दुहरायें कि 'बूढ़े भारत की रगों में फिर से आई नई जवानी थी।' इसी से लगता है सैकड़ों बरस पुराने भारत के जीर्ण-शीर्ण मूल्य खण्डित हो गये। नये मूल्यों ने, नये बदलाव ने फिर जन्म ले लिया। देश चिरयुवा हो उठा, चिल्ला-चिल्ला कर उठाये गये नारे एक नया सच बन कर उभर आये। उन्होंने कितनी बार कोरोना के इस विचलित कर देने वाले दिनों में कहा था, यह घरबंदी का विलाप सदा नहीं रहेगा। अच्छे दिन आने वाले हैं। उन्हें आने से कोई रोक नहीं सकता। फिर बताया, हमने कहा था न कि यह कोरोना के एकालाप का विलाप नहीं रहेगा। लो कहां रहा? मृत्यु दर इतनी गिरी कि गिरावट को शर्मिंदा करने लगी और मरीजों के स्वस्थ होने की दर इतनी तेजी से बढ़ी कि लोगों ने उससे हर्षित हो मास्क को एक उपेक्षित कवच बना दिया। हाथों को सैनिटाइज करना भूल गए। देखो न, इस भीड़ भरे देश में आदमी पर आदमी चढ़ा चला आ रहा है, भला सामाजिक अन्तर कैसे रख लेते। लीजिये बन्धु हमारी कृपा से टीका दर टीका चले आ रहे हैं। एक सौ चालीस करोड़ लोगों के देश में एक करोड़ लोगों को रिकार्ड समय में टीका लग गया। छह महीने में उन्नीस करोड़ लोगों को और लग जायेगा। फिर भी आप हमारे कामयाब नेतृत्व को दाद नहीं देते। इधर देश के फिर धृष्ट कोने कोरोना संक्रमण के बढने की धमकी देने लगे। कोरोना की दूसरी या तीसरी लहर के फूट पडने की आशंकायें व्यक्त होने लगीं। भाई जान, क्या करें हम तो कोरोना मुक्त भारत के अच्छे दिन देश में ले ही आये थे। लेकिन आपको क्या कहें? आपने तो भीड़ तंत्र के साथ सफलता का जश्न मनाना शुरू कर दिया। बस सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। आपको कैसे समझायें दोष कोरोनामुक्त भारत में अच्छे दिन आ जाने का नहीं, हम ही उसे सम्भाल नहीं पाये। तुम कहते हो भूख, बेकारी और महंगाई बढ़ गई। अरे महसूस तो करो, तुम्हारी भूख मिट गई। देश खुल गया है, बेकार हाथों को काम मिल गया। और महंगाई की दिक्कत की बात न करना। आर्थिक विकास दर के गिर कर ऋणात्मक होने की बात न करना, सकल घरेलू उत्पादन में रिकार्ड कमी आई, इसकी बात न करना। तालियां बजाना सीखो। हमने बता तो दिया है कि कोरोना का दबाव कम हो गया है। देश की आर्थिक गतिविधियां खुल रही हैं।

## देश दुनीया से

# चीन की गीदड़ भभकी ,दिखावा या हकीकत

**इस** समय पूरा विश्व भारत के प्रति चीन के बदलते नजरिये को देखकर काफी आश्चर्य चकित है । वह भी तब जब भारत इसी महीने आयोजित होने वाले जी – 20 बैठक का मेजबानी कर रहा है । चीन भी इस जी – 20 समूह का सदस्य देश है । पिछले दिनों दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच सकारात्मक बैठक भी हुई थी । इसके बावजूद भी पिछले दिनों चीन के द्वारा जारी किये गए अपने स्टैण्डर्ड मैप में अक्साई चीन सहित अरुणांचल प्रदेश के कई हिस्सों को अपना बताया गया ।इसे लेकर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसके विरुद्ध कड़ी प्रतिक्रिया भी दी ।चीन के द्वारा ऐसा पहली बार नहीं किया गया है ,इससे पहले भी कई बार चीन इसे अपना हिस्सा बता चूका है । इस बार के नक्शे में भारत ही नहीं कई अन्य देशों मलेशिया ,फिलीपींस, ताईवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को अपना हिस्सा दर्शाया गया है ।चीन के बढ़ते विस्तारवादी नीति को लेकर पूरे दक्षिण एशिया सहित विश्व की कूटनीतिक राजनीति में काफी उथल – पुथल मचा है । वैसे तो चीन ने पाकिस्तान के साथ जी – 20 से सम्बन्धित विभिन्न बैठको का अरुणांचल प्रदेश में आयोजित होने पर भी विरोध किया था ,जिसे भारत ने ख़ारिज करते हुए काश्मीर और अरुणांचल प्रदेश में बैठके आयोजित की ।आज चीन के द्वारा आधिकरिक घोषणा की गई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत में आयोजित जी– 20 सम्मेलन हिस्सा नही लेगे । चीन के इस रुख के पीछे का कारण आने वाला समय ही बयां करेगा लेकिन चीन के इस बदलते नज़रिये से हर कोई हैरान हैं । चीन के इस बदलते बोल के पीछे कई कारण है ,सबसे जो महत्वपूर्ण है वह गलवान घाटी विवाद के बाद दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का भारत के प्रति बढ़ता विश्वास है ।पिछले तीन वर्ष से सीमा पर भारत का चीन के विरुद्ध लगातार कड़ा रुख अख्तियार किया हुआ है । इससे जितने भी दक्षिण पूर्व एशियाई देश चीन के विरुद्ध है ,सभी अब खुल कर भारत का साथ दे रहे है । ये देश आसियान के मंच पर अब तक खुलकर चीन का विरोध करने की हिमाकत नही जुटा पाते थे ।इससे पहले दक्षिण पूर्व एशियाई देश केवल आपस में बात कर ही चीन का विरोध व्यक्त करते थे । अब बदलते वक्त के साथ हर कोई खुलकर बात करने लगा है। नेपाल जैसे देश के काठमांडू के मेयर ने इस विवाद के बाद अपनी चीन की प्रास्तावित यात्रा को रद्द कर दिया है ।यही सब अब चीन को नागवार गुजर रहा है । इस समय जब भारत जी – 20 सम्मेलन का मेजबानी कर रहा है तो चीन के द्वारा विभिन्न तरीकों से दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने एक इंटरव्यू में साफ कर दिया था कि भारत किसी भी कीमत पर अपनी सम्प्रभुता व अखंडता से कोई समझौता नही करेगा । इसका अंदेशा भारत को पहले से ही था तभी तों पिछले कई महीनों से सीमा पर कोर कमांडरो के बीच लगातार बैठकों का दौर जारी था। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार 23 अप्रैल को 18 वीं जबकि 13–14 अगस्त को ही भारत और चीन के कमांडरो के बीच सीमा पर 19 वीं मीटिंग हुईं थी ।इस मीटिंग में यह कोशिश किया गया कि दोनों देशों के सैन्य तनाव को कम किया जाय। इसी को लेकर भारतीय एन.एस .ए. अजित डोभाल ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका में चीनी समकक्ष से बात की थी। जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर मुलाकात किया था ।इन सब प्रयासों के बाद ये कयास लगाये जा रहे थे कि अब स्थिति कुछ समान्य जरुर होगी और चीनी राष्ट्रपति भारत में आयोजित जी –20 सम्मेलन जरुर हिस्सा लेगे । आज बीजिंग के तरफ से जारी वक्तव्य ने साफ कर दिया ,जिसका पहले से ही मीडिया में चर्चा था ।चीन के इस बिरोध का एक कारण और भी है । भारतीय प्रधानमंत्री लगातार दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के दौरे कर रहे है ।

आज चीन के द्वारा आधिकरिक घोषणा की गई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत में आयोजित जी– 20 सम्मेलन हिस्सा नही लेगे । चीन के इस रुख के पीछे का कारण आने वाला समय ही बयां करेगा लेकिन चीन के इस बदलते नज़रिये से हर कोई हैरान हैं । चीन के इस बदलते बोल के पीछे कई कारण है ,सबसे जो महत्वपूर्ण है वह गलवान घाटी विवाद के बाद दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का भारत के प्रति बढ़ता विश्वास है । पिछले तीन वर्ष से सीमा पर भारत का चीन के विरुद्ध लगातार कड़ा रुख अख्तियार किया हुआ है । इससे जितने भी दक्षिण पूर्व एशियाई देश चीन के विरुद्ध है ,सभी अब खुल कर भारत का साथ दे रहे है ।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह

**बेतला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के चुंगरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन के समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह, युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू,कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम, शिवानंद तिवारी उर्फ दीपू,अनिल कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग। इस दौरान अतिथि को कार्यक्रम स्थल पहुंचे पर फुल माला और ढ़ोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। आयोजन की शुरुआत मुख्य अतिथि के हाथो फिता काट कर किया गया। इस दौरान सफल प्रतिभागी को अंग वस्त्र व ड्रेस कोड वितरण करते हुए सम्मानित करने का काम किया। मौके पर पंचायत के मुखिया बालदेव परहिया, नरेश सिंह खरवार समेत पंचायत क्षेत्र के विभिन्न अलग-अलग जगहों आयें हुए ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## भावी सांसद प्रत्यासी दिलीप कुमार शाहू ने कई गांवों का किया दौरा

**बेतला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भावी सांसद प्रत्याशी दिलीप कुमार शाहू ने बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला, पोखरी कलां,केचकी समेत कई अन्य अलग-अलग जगहों पर लगातार जन संपर्क कर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं।उसी के क्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों से वर्तमान स्थिति का जायजा ले रहे हैं। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने क?ई गांवों के ग्रामीणों की समस्यायों से अवगत हुए और समस्यायों को लेकर निदान करने का लोगों को भरोसा दिलाया। मौके पर काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया शुभारंभ

**बेतला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा चन्द्रदाहा बजार टांड़ खेल मैदान में रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्राम प्रधान सोहराई सिंह,विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू,जीप सदस्य संतोषी शेखर , पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह उर्फ पिनटर ने संयुक्त रूप से फिता काट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुरूआत किया गया। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों से बारी बारी से परिचय प्राप्त करने का काम किया और फुटबॉल को किक मार कर शुरूआत की गई। विधायक पुत्र श्री सिंह ने कहां कि खिलाड़ियों को समय समय खेल को खेलते रहना चाहिए। खेल को खेल की भावना से खेले और बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर जिला स्तर पर नाम कमायें मौके पर काफी संख्या में विधायक समर्थक और स्थानीय ग्रामीण जनता खेल प्रेमी मौजूद थे।

## फसल बर्बादी और मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**बेतला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला नेशनल पार्क से सटे आस - पास के गांवों के किसानों ने जंगली जानवरों से फ़सल की हुई बर्बादी और नुकसान हुए फ़सल मुवाबजे की मांग को लेकर शनिवार बेतला रेंज कार्यालय परिसर में जान माल एवं फ़सल सुरक्षा और बर्बाद फसलों की एल उचित मुआवजा की मांग की समर्थन में भाकपा माले बरवाडीह प्रखंड और भारतीय किसान महासभा प्रखंड इकाई बरवाडीह के बैनर तले विभिन्न गांवों से सैकड़ों पीड़ित किसान महिला पुरुष आक्रोशपूर्ण धरणा में शामिल हुए। धरणा कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के प्रखंड प्रभारी कॉम लुरुक सिंह एवं संचालन माले प्रखंड सचिव कॉम कमलेश सिंह ने किया। इस मौके पर माले जिला सचिव बिरजू राम,किसान महासभा के लातेहार जिला प्रभारी धनेश्वर सिंह खरवार, माले नेता घनश्याम राम, कॉ. सुदामा राम, प्रहलाद सिंह, दुर्गा सिंह, दशरथ सिंह जितेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह आदि उपस्थित थे।

## खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता आज

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ में आज सोमवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ राजकीय कृत उच्च प्लस टू उच्च विद्यालय में खेलो झारखंड कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी शामिल होंगी ।उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी बानो ने बताया की खेलो झारखण्ड के तहत विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा ।जिसमें चयनित प्रतिभागी या टीम प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेगी । प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने पर जिला स्तर के लिए प्रतिभागियों को भेजा जाएगा।

## गारू पुलिस के त्वरित कारवाई से दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारू थाना में 08 सितम्बर को बारीबाँध की महिला के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले में थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत के नेतृत्व में एक गठीत टीम ने शिवलाल सिंह पिता शिवराज सिंह ग्राम-डाड़ीछापर ( निरुध बालक ),अनुप सिंह पिता बलराम सिंह ग्राम- हेन्देहास तथा अरविन्द सिंह पिता पाण्डु सिंह ग्राम-डाड़ीछापर थाना गारु, जिला-लातेहार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत नें बताया कि तीनों अभियुक्तों के द्वारा इस बलात्कार कांड में संलिप्ता होने की बात स्वीकार किया गया। इन्हीं अभियुक्तों के निशानदेही पर छुपाए हुए पीड़ित महिला का कपड़ा को बरामद किया।गारू पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के द्वारा सामुहिक बलात्कार कांड अंजाम को स्वीकार करते हुए बताया कि गुरुवार को कबरी बाजार में दारु पीकर रात करीब 08.00 बजे अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में कबरी खेल मैदान में बारीबाँध के एक पति पत्नी नशे की हालत में गिरे पड़े थे।

## सांसद पहुंचे सदर प्रखंड के मरदनपुर गांव, शहिद केरोबिन तिग्गा के स्मारक पर किया माल्यार्पण

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सुनील कुमार सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सदर प्रखंड के मदनपुर गांव पहुंचे। उन्होंने भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत मदनपुर गांव के शहीद परिवारों सहित अन्य लोगों के घरों से मिट्टी इकठ्ठा किया। गौरतलब है कि पूरे देश स्तर पर मेरी माटी मेरा देश चलाया जा रहा है।सदर प्रखंड के मरदनपुर गांव के जाबांज जवान केरोबिन तिग्गा कारगिल युद्ध में शहीद हो गए थे।सांसद सुनील कुमार सिंह ने कारगिल युद्ध में शहीद केरोबिन तिग्गा स्मारक पर माल्यार्पण किया।उसके बाद केरोबिन तिग्गा के पिताजी के हाथों से रिटायर्ड आर्मी नुवस खलको और अन्य सभी घरों में जा जाकर कलश में मिट्टी इकठ्ठा किया।

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामप्रवेश यादव सहित दर्जनों ने थामा आजसू का दामन

# संगठन को मजबूत और सशक्त करना पहली प्राथमिकता : अशोक गहलोत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** आजसू नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि चतरा विधानसभा में संगठन को सशक्त और मजबूत किया जा रहा है और प्रत्येक पंचायत में पंचायत सम्मेलन का आयोजन करके पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है। प्रतापपुर प्रखंड के सिदकी पंचायत के जीरावर गांव में आयोजित पंचायत सम्मेलन स्तरीय सम्मेलन में पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामप्रवेश यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आज आजसू का दामन थामा है। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य राकेश यादव, कपिल यादव, सत्येंद्र राम, महिला नेत्री सरिता देवी, नीलम देवी, रिंकी देवी, अरविंद यादव, नारो साव सहित अन्य लोगों ने आजसू का दामन थामा है। सम्मेलन की अध्यक्षता नारो साव और मंच संचालन पंचायत के उप मुखिया संदीप यादव ने किया। पंचायत सम्मेलन में आजसू के केंद्रीय सचिव पारस सिंह, जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी,पोखन दांगी, अक्षयवट सिंह, खुर्शीद आलम सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर आजसू नेता अशोक गहलोत ने विभिन्न दलों से आजसू पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने बाद में सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू पिछले 20 वर्षो से चतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख में साथ में है। सम्मेलन में उन्होंने जनता को बताया कि चतरा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव के आम लोगों के दिल में अशोक गहलोत ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि पिछले तकरीबन दो दशक से क्षेत्र की जनता से जुड़ाव रहा है। आजसू नेता अशोक गहलोत ने बताया कि हर पंचायत में 10 सदस्य टीम बनेगा जिसमें पार्टी के मुख्य विंग के अलावा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, छात्र मोर्चा,किसान मोर्चा,मजदूर मोर्चा, बुद्धिजीवी मोर्चा सहित अन्य सभी मोर्चो में दस दस सदस्यीय कमिटी का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन में ही शक्ति है और संगठन के बगैर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल है। इसीलिए गांव-गांव में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को सशक्त और मजबूत करने की दिशा में पार्टी प्रयासरत है। इस तरह हर पंचायत में से लेकर हर गांव में आजसू का कार्यकर्ता होगा। पंचायत सम्मेलन का सफल सफल संचालन करने वालों में मुख्य रूप से बबन पासवान, पिंटू भारती, पिंटू चौधरी, नारो साव, कुर्बान अंसारी, बेचन यादव, दिलीप यादव, सहदेव यादव,अजय प्रजापति ,रामप्रवेश यादव रहे।

## प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता के तहत किया गया कबड्डी खेल का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता के तहत कबड्डी खेल का आयोजन रविवार को किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग के प्रखण्ड के बिईओ एवं बीपीओ के देखरेख में किया गया। जहां प्रखंड में संचालित विद्यालयों से अंडर 14 के बालक को खेलवाया गया। शामिल टिम युएचएस द्वारी विजेता युएचएस पिणडारकोण उपविजेता अंडर 14 के बालिका युएचएस द्वारी विजेता युएचएस पिणडारकोण उपविजेता रही। अंडर 17 में भी बालिका द्वारी विद्यालय उपविजेता पिंन्डारकोण रही। अंडर-19 में बालक प्लस टू उच्च विद्यालय बारीसाखी उपविजेता प्लस टू गंगा स्मारक गिद्धौर के बच्चे रहे एवं बालिका में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के विजेता एवं प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के बच्चीयां उपविजेता रही। कार्यक्रम में खेल शिक्षक दीपक कुमार प्रेमचंद दास सीताराम दास शैलेश कुमार सीताराम रविदास वीरेंद्र तिर्की विनय मुंडा मोहम्मद खान इत्यादि शिक्षक उपस्थित थे।

## 14वीं एवं 15वीं वित्त आयोग की राशि गबन को लेकर प्रमुख ने दिया जांच के लिए आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत 14वीं एवं 15वीं वित्त आयोग की राशि मुखिया के द्वारा गमण कर दिया गया है। जिसकी जांच को लेकर प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने उप विकास, निर्देशक पंचायती राज विभाग रांची,प्रखंड विकास पदाधिकारी विभाग गिद्धौर को लिखित आवेदन देकर जांच करने की मांग किया है। एवं प्रखंड के संयुक्त अधिकारियों के प्रति कानून कारवाई करने की लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में प्रमुख ने लिखा है।कि मार्च 2023 में सोलर जलमिनर की मर्मती करने को लेकर राशि का निकासी किया गया। परंतु अब तक एक भी सोलर जलमिनर प्रखंड में नहीं बनवाया गया। जिसके लिए अगस्त में प्रमुख ने अधिकारियों को जांच के लिए आवेदन दिया। इसके उपरांत सितंबर माह में सभी मुखिया वेंडर एवं सम्मिलित अधिकारियों ने सोलर जलमिनर की मर्मती करवाने में जुड़े। प्रमुख का कहना है कि धरातल पर पंचायत समिति सदस्य के योजनाओं का बिना कार्य कारनी रजिस्टर में पारित किए बिना ही कार्य किया गया है।और राशि का गमण किया गया है। जो धरातल पर नहीं है। बताते चलें कि बरियातू पंचायत में पूर्व विधायक मत से चबूतरा निर्माण कराया गया था। उसी चबूतरा को दिखाकर बरियातू मुखिया के द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से इस चबूतरा में 65000 का निकासी किया गया है। एवं द्वारी पंचायत में नौ सोलर जलमिनर का भुगतान किया गया है।तो वहीं पहरा पंचायत एवं मंझगांवा पंचायत में योजनाओं में राशि का गमण करने का आरोप मुखिया के प्रति लगा है।

## फ्रैक्चर जबड़ा का सफलता पूर्वक किया गया ऑपरेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** शहीद चौक स्थित पलाश हॉस्पिटल में रविवार को बाइक दुर्घटना में नावागढ़ निवासी चंदन कुमार का फ्रैक्चर जबड़ा का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया।इस संबंध में पलाश हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर चंदन सिंह ने बताया कि गत दिनों बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति का उपर जबड़ा आंख के नीचे की हड्डी फ्रैक्चर हो गई थी।जिसका इलाज हमारे हॉस्पिटल मे चल रहा था।इसका आज सफल ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि इसके पुर्व भी हमारे यहां कई ऐसे मरीज का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है।उन्होंने स्पष्ट कहा है।चेहरा, मुंह, नाक समेत जगहों पर



फ्रैक्चर की स्थिति में लातेहार के लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं है।इससे संबंधित सभी प्रकार के सफल ऑपरेशन हमारे यहां पूर्व से ही किया जाता रहा है।उन्होंने लातेहार जिले वासियों से अपील किया है।की इस तरह से हुए फ्रैक्चर पेसेंट को हमारे यहां लाकर इसका इलाज कराया जा सकता है।उन्होंने ओरल कैंसर का भी इलाज संभव बताया है।मौके पर उनके साथ डॉक्टर की टीम शामिल थे।

## लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा प्रखण्ड स्तरीय किशोरी लीडर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र की ओर से प्रखंड स्तरीय किशोरी लीडर्स के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गयाद्य यह प्रशिक्षण 9 से10 सितंबर को संस्था के कार्यालय सिमरिया में आयोजित किया गया है। जिसमें 12 गांव के 26 लीडर किशोरियां शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त की। प्रशिक्षण का विषय सरकारी योजना एवं नेतृत्व विकास सह सामाजिक मुद्दा था ।मौके पर उपस्थित संस्था सचिव मौसमी बाखला ने किशोरियों को पंचायत स्तर, विद्यालय स्तर, आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रहे अलग-अलग योजनाओं से अवगत कराया गया। वहीं संस्था के प्रशिक्षकों ने किशोरी नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण दिया उन्होंने कहा कि किशोरियों की मुद्दे पंचायत स्तर पर कहीं ना कहीं पीछे छूट रहा है जिसके लिए लीडर किशोरियों को पहल करके आगे आना होगा ।

## ईश्वर दयाल पांडेय बने सिसई दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिसई दुर्गा मंडप परिसर में हर वर्ष की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा मनाये जाने को लेकर मंडप प्रांगन मे रविवार को दुर्गा पूजा महासमित की बैठक हुई। जिसमे काफी संख्या मे ग्रामीण शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पुर्व मुखिया छेदी पांडेय तथा संचालन सुमन भारतीय ने किया। आयोजित बैठक में हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। दस दिवसीय दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण मनाये जाने तथा इसकी सफलता को लेकर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ईश्वर दयाल पांडेय को अध्यक्ष, सुमन भारतीय को महामंत्री, धनंजय पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव



संजीव कुमार पांडेय व संयोजक उदय पांडेय को तथा उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, दिगेश्वर रजक, सूरज भुईयां को बनाया गया। मिडीया प्रभारी मुकेश आनंद, पूजा प्रभारी संतोष पांडेय, भूषण पांडेय व दयानंद को, मंडप सजावट प्रभारी प्रवीण कुमार पांडेय, राजीव रंजन, आलोक कुमार, विक्की कुमार को बनाया गया। वहीं दुर्गा पूजा महासमिति में मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास व स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन रहेंगे। अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि बंगाल के पंडित द्वारा भव्य महाआरती और भक्ति जागरण समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा, जो आकर्षण का मुख्य केन्द्र बनेगा और पूजा में भव्यता लाएगा। मौके पर परमेश्वर रजक, शैलेश भारतीय, विशेश्वर रजक, कृष्णकांत पांडेय, द्वारिका पांडेय, शिक्षक कुणाल कुमार, प्रवेश पांडेय, सुशील विद्यार्थी, विजय पांडेय, विश्वनाथ विद्यार्थी, रौशन पांडेय, महावीर भुईयां, चंद्रशेखर रजक,भीम रजक, मनोज , मनीष, अविनाश,राहुल,सुदर्शन समेत कई मौजूद थे।

## हिसरी गांव का दौरा कर पंसस ने हर घर नल जल योजना का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ग्रामीणों की शिकायत पर कामता पंचायत के हिसरी ग्राम का हिसरी, अखरा टोला, पाहन टोली, कुयाम टोला, सुयापतरा टोला का दौरा किया, हर घर नल जल योजना के कार्यो की जायजा लिया, ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना अधूरे पड़े हुए हैं, हर घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाने के लिए टोलों में बोरिंग कराई गई है।टावर खड़ा कर टंकी लगा दी गई पाईप बिछाया गया है, परंतु संवेदकों की मनमानी के कारण योजना अभी तक अपूर्ण है, दो महीना पहले हर घर तक नल जल योजना का बिछाए गए



पाइप में जगह जगह लिकेज होने पर बाहर का दुषित पानी पाईप में घुसकर घरों में पहुंचेगा जिसको पीने से लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं।पाहन टोला की टंकी लिकेज है यहां दिन भर टंकी से पानी लिकेज होकर थोड़ा थोड़ा बेकार बह रहा है, पानी से टंकी भर ही नहीं रहा है इसके कारण घरों तक पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है।सकेंन्द्र गंझु, कार्तिक उरांव, भोंदो उरांव, अलेक्स टोपनो, सारुन नायक, सुधन उरांव, महेश उरांव, जोखन उरांव,पाहन टोली में राजेंद्र लोहार, लालु गंझु, सुनील गंझु, बंधन भुइंया को अबतक कनेक्शन नहीं दिया गया है।टंकी पाईप मे लिकेज होने और कनेक्शन अधुरे रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। हर घर नल जल योजना के तहत हुए अधूरे कार्यो को पूरा कराने के लिए पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार को फोन पर जानकारी देते हुए अधुरे कार्य को पूरा कराने का आग्रह उनसे किया है। इसपर सहायक अभियंता ने कार्य को पुरा करने का आश्वासन पंसस अयुब खान को दिया है।

## चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपूर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में रविवार को जिला योगासन खेल संघ के द्वारा चतुर्थ जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर लातेहार जिला योगासन खेल संघ के सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया है।प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष पूनम देवी, संरक्षक बलिराम सिंह, अध्यक्ष संजय कुमार, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अरुण कुमार चौधरी, सचिव प्रशांत कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक सुषमा कुमारी, डायरेक्टर चौताली मुखर्जी, रांची जिला सचिव संतोषी कुमारी, नेतरहाट विद्यालय के शिक्षक बसंत तिर्की द्वारा दीप जलाकर किया गया। प्रतियोगिता सब जूनियर ग्रुप, जूनियर ग्रुप, सीनियर ग्रुप में बालक और बालिका वर्गो में आयोजित है। कार्यक्रम का संचालन योगासन खेल संघ झारखंड के 10 सदस्यी निर्णायक मंडली द्वारा कराया गया । इस सदस्यी निर्णायक मंडली में आर्य प्रहलाद भगत, डॉ. सुरजीत घोषाल, शंकर राणा, पूजा सिंह, सोनाली सरकार, दयानंद कुमार, चंदू कुमार आदि शामिल रहे । इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से लगभग 250 बच्चे शामिल हुए ।ज्ञात हो कि यहां से चयनित छात्र राज्य स्तर पर अपने प्रतिभा दिखाएंगे। जो 8 और 9 अक्टूबर को जमशेदपुर में आयोजित होनी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में लाल बिहारी सिंह, अक्षय कुमार सिंह, मानसी कुमारी, रमेश प्रजापति, आकाश कुमार की प्रमुख भागीदारी रही।

## दुर्गासिरेन की जयंती धूम धाम से मनायी गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के मुरबे गांव के चौधरी होटल में जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं जिला महासचिव संतोष नायक के नेतृत्व में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया । जयंती मनाने के उपरांत उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पण किया गया। इसके उपरांत बैठक कर 13 सितम्बर बुधवार को सिमरिया में महारैली की तैयारी को लेकर समिति की बैठक हुई । बैठक में सिमरिया अनुमंडल के जितने भी प्रखंड अध्यक्ष हैं सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई और सभी ने एक स्वर में रैली को सफलतापूर्ण सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल उर्फ़ पिंकू, केंद्रीय सचिव मनोज राणा ,आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश सिंह पांडे , प्रखंड अध्यक्ष श्री शिव शंकर यादव, प्रखंड सचिव अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष सुगन साव, लीलाधर महतो, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान, तिलक महतो, प्रकाश राम, लावालौंग धीरन सिंह, आदि थे ।

## जेबीकेएसएस का बैठक हुआ सम्पन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित नगर भवन में रविवार को जेबीकेएसएस के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य ईना कुमारी तथा संचालन बिजली महतो के द्वारा किया गया।बैठक में यह निर्णय लिया गया की तीव्र गति से संगठन का विस्तार किया जाएगा, एवं आने वाला 2 से 3 महीना के अंदर जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम टंडवा में करवाने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा यादव, पृथ्वी भुईयां, बिजली महतो, राजू कुमार महतो, विजय महतो, प्रधान यादव, भोला महतो, मुकेश कुमार महतो ,महिंद्रा कुमार ,कृष्णा महतो, आनंद महतो, सिकन्दर यादव, गिरधारी महतो,नरेश महतो सहित 19 पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ता हुवे उपस्थित।

## एसपी शंभू कुमार सिंह को युवा पत्रकार संघ ने अंग वस्त्र भेंट कर दी विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** रविवार को टंडवा एसडीपीओ कार्यालय परिसर में एसपी शम्भू सिंह का विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें टंडवा प्रखंड सहित ,सिमरिया, पिपरवार के प्रबुद्धजनो ने भी भाग लिया। सभी ने अस्तांतरित एसपी शम्भू सिंह को फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। वहीं टंडवा प्रखंड के युवा पत्रकार संघ ने अस्तांतरित एसपी को फूल गुलदस्ता, पेन डायरी देकर विशेष रूप से सम्मानित किया। टंडवा युवा पत्रकार संघ ने स्पेशल ब्रांच के बने जांबाज एसपी शम्भू सिंह को उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 सितंबर को पीवीयूएन को सौंपा जाएगा ज्ञापन मांगे पूरी नहीं होने पर होंगे आंदोलन : वि.प्र.सं.मोर्चा



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीवीयूएन विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक कटिया सरना काली मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक सभी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे तो पीवीयूएन प्रबंधन हमारी उम्मीदों में पानी फेरने का काम कर रहा है। जिसके छाती पर इतना बड़ा पावर प्लांट लगाया जा रहा है उन्हें ही को दरकिनार कर अन्य की बहाली किया जा रहा है।यह विस्थापित प्रभावितों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। इसीलिए निर्णय लिया गया कि प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ में अपने हक अधिकार को लेकर आगामी 14 सितम्बर 2023 को सभी गावों के सैंकड़ो महिला पुरुष पीवीयूएन गेट पहुंचकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपेंगे और आगाह करेंगे कि आगामी 28/09/2023 तक सकारात्मक पहल करते हूए वार्ता बुलाकर सभी समस्याओं का समाधान करें। यदि ऐसा नहीं हुआ तो 29/09/2023 से पीवीयूएन गेट के समक्ष विशाल धरना दिया जायेगा फिर भी प्रबंधन द्वारा पहल नहीं किया गया तो धरना स्थल से ही क्रमवद्ध आंदोलन का घोषणा किया जायेगा,जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी प्रबंधन पर होगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि विस्थापित प्रभावित के हक अधिकार के नाम पर बनने वाले समन्वय समिति में बाहरियों को सामिल करने का सभी गांव के लोग पुरजोर विरोध करेंगे।बैठक में मुख्य रुप से राजा राम प्रसाद,किशोर महतो,प्रदीप महतो,कोलेश्वर महतो,प्रिय नाथ मुखर्जी, अलीम अंसारी,सुरेश साव,कपिल मुंडा,मनु मुंडा,भरत साव, सनोज कुमार,रमेश महतो, गोपाल महतो,राजेश महतो,दीपक, रिंकू देवी,वीणा देवी,रामकुमार सिंह,संजय गुरु,विकाश गिरी,वंशी महतो,अमर नाथ,राकेश,प्रेम आदि उपस्थित थे।

### खेल से न केवल शारिरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ विकसित होता है : किशुन यादव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में युवा कल्ब बुंडू द्वारा हर वर्ष की भांति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, दुलमहा पंचायत मुखिया नारायण यादव आदि ने संयुक्त रूप से फिता काट कर व किक मारकर किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहाँ की खेल से न केवल शारिरिक बल्कि मानसिक रूप से भी विकसित होता है। उन्होंने कहाँ खेल को एकता का प्रतीत बताते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। विजय कुमार यादव कहाँ की भविष्य में किसी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़ी तो वे अवश्य खड़ा रहेंगे। मौके पर पंसस प्रतिनिधि रोहित यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, अध्यक्ष विकाश कुमार, उपाध्यक्ष नरेश यादव, सचिव रोहित यादव, उपसचिव संतोष यादव, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, उपकोषाध्यक्ष विनोद यादव, मैनेजेर कप्तान राजकुमार, मोतीलाल कुमार, उपकप्तान दीपक कुमार एवं सैकड़ो ग्रामीण एवं अगल बगल के क्षेत्र के लोग मैच का आनंद लिए।

### बरही विधायक ने बहेराबाद यादव टोला में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बहेराबाद यादव टोला गाँव में बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व ग्रामीणों ने विधायक श्री अकेला का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, रामचंद्र यादव, सीताराम यादव, सिकंदर यादव, पिंटू सिंह, तुलसी दास, बहादुर पासवान, शमशेर आलम, सुनील पांडे, चंद्रिका सिंह, गणेश यादव, गोपी यादव, तुलसी देवी, सुशीला देवी, रीना देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जर्जर तार बदलने की प्रक्रिया एक हप्ते अंदर किया प्रारम्भ

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने अपने क्षेत्र से जुड़ी हर समस्याओं के समाधान के हमेशा प्रयासरत रहते है। जिप सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि बोदरा सबस्टेशन से बराय तक के तार काफी पुराने एवं जर्जर तारो से आम जनो को दुर्घटना की आशंका को देखते हुए हजारीबाग उपायुक्त महोदया नैंसी सहाय को पत्र के माध्यम से 05 सितंबर 2023 को अवगत कराया था। उपायुक्त महोदया ने तत्काल कार्यवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर तार बदलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। इस कार्य के लिए जिप सदस्य ने उपायुक्त को धन्यवाद देते हुए कहा कि उपायुक्त महोदय के इस कार्य से अब तार गिरने की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिलेगी और दुर्घटना नही घटेगी।इस कार्य के तहत हेठली बोदरा,अलपिटो छाता टांड़,पाण्डेयडीह, हरिहरधाम, नाऊआडीह, इस्लामपुर, बाराघाट में ग्रामीणों को निर्बाध बिजली मिलेगी। तार बदलने की प्रक्रिया से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

### गोला के सोंटई स्थित कृतिका नर्सिंग होम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरियातू सोंटई स्थित कृतिका नर्सिंग होम में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी नर्सिंग होम के संचालक कमलेश कुमार महतो उपस्थित थे।जांच शिविर में 120 लोगो का निःशुल्क ब्लड प्रेशर,शुगर, जेनरल रोग,स्त्री एवम प्रसुति रोग,नेत्र रोग,एवम दंत रोग का जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन सभी जगहों पर हो ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी,सचिव अश्वनी,सदस्य नितेश मिश्रा का सहयोग रहा।

## वन विभाग ने रुद्दी में 5 अवैध कोयला खदान को किया डोजरिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के रुद्दी जंगल में अवैध कोयला खदान के विरुद्ध वन विभाग के बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व व बड़कागांव पुलिस एस आई चानेश्वर किस्कू के द्वारा संयुक्त कारवाई किया गया। जिसमें 5 बडा अवैध कोयला खदान को डोजरिंग कर भर दिया गया तथा तीन ट्रैक्टर अवैध कोयला जब्त करके बड़कागांव वन कार्यालय लाया गया। समाचार लिखे जाने तक अवैध कोयला खदान माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज करने कि प्रक्रिया जारी था। वही बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह ने बताया कि अवैध कोयला खनन करने वाले माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा निरंतर करवाई किया जा रहा है। छापामारी अभियान में बड़कागांव वनपाल संतु कुमार, वनरक्षी केशव महतो,अजय कुमार यादव, नजीर हुसैन, संजय कुमार यादव,मृणाल भास्कर, अमर कुमार साहू, तथा हजारीबाग सदर वनपाल व वनरक्षी के अलावे बरकाना पुलिस जवान के सशस्त्र बल शामिल थें।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का एकदिवसीय बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में JBKSS के बैनर तले एक बैठक किया गया. बैठक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतों का एक सभा सूर्यकुण्ड धाम मेला टांड मे करनें का निर्णय लिया गया.बैठक में उपस्थित युवाओं के द्वारा बारी-बारी से हेंमत सोरेन सरकार के नितियों को कोसा.और आने वाले विधानसभा चुनाव में मुहतोड़ जवाब देने के लिए युवा तैयार हैं.स्थानीय विधायक के क्रियाकलापों को कोसते हुए बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के अंचल कार्यालय,प्रखंड कार्यालय से लेकर सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार के प्रति स्थानीय विधायक के रवैये से क्षुब्ध युवाओं ने कहा कि जिस प्रकार से राष्ट्रीय राजमार्ग सिकस्लेन चौडीकरण निर्माण कार्य का सुस्त तरीक़े से किए जा रहे कार्य पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि आने वाला समय में झारखंड की राजनीति में जयराम महतों का है.और झारखंडी हितों की रक्षा करने के लिए जयराम महतों से बेहतर विकल्प ओर कोई नहीं हो सकता है.

## फुटबॉल मैच में हजारीबाग की टीम जाएगी गढ़वा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच गढ़वा की धरती पर आयोजित किया गया है। जिसमें सम्मिलित होने के लिए हजारीबाग फुटबॉल की जिला टीम गढ़वा की धरती के लिए रवाना होगी। और 12 तारीख को हजारीबाग जिला टीम का प्रदर्शन घाटशिला टीम के साथ होगा। गढ़वा रवाना होने से पूर्व ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने 20 खिलाड़ियों सहित कोच और मैनेजर को जर्सी भेंट की। सभी खिलाड़ियों में एक अलग उत्साह देखने को मिला सभी ने एक स्वर से कहा हजारीबाग की जीत ही हमारी सबसे बड़ी जीत होगी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी जीत का परचम लहराकर हजारीबाग का नाम रौशन करें। आप लोगों की जीत के बाद हमारी ओर से आप सभी को एक और भेंट दिया जाएगा।

## अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा का एक दिवसीय सेमिनार संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा हजारीबाग का एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन निमंत्रण पैलेस हुरहुरू हजारीबाग में आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री, पूर्व सांसद हजारीबाग लोकसभा यशवंत सिन्हा उपस्थित हुए। मंचस्थ वक्ताओं ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से बच्चों की शिक्षा युवाओं के रोजगार एवं समाज को शिक्षित करने के संदर्भ में कहा कि सरकारी नौकरी एवं अन्य सुविधाओं से हमारे समाज को वंचित किया जा रहा है।

आज हम आर्थिक और सामाजिक स्थिति में शून्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस व्यवस्था में सुधार के लिए एक क्रांति की जरूरत है। मुख्य अतिथि यशवन्त सिन्हा ने कहा कि हमारा प्रथम कर्तव्य है कि हम संविधान की रक्षा करें, हम संविधान की आत्मा की रक्षा करें। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था होती थी,मगर आज सरकारी नौकरी में आऊट सोर्शिंग के जरिए नौकरी दिया जा रहा है, जिसमें किसी भी तरह के आरक्षण की व्यवस्था होती ही नहीं है।

हमें आज एक बड़ी लड़ाई की जरूरत है। अनुसूचित जाति और जनजाति दोनों मिलकर इस लड़ाई को लड़े तभी आप सफल होंगे। आगे उन्होंने कहा कि आज हमें शिक्षा की आवश्यकता है अगर हमारे पास डिग्री है तो वह आपके लड़ने के लिए सर्वश्रेष्ठ हथियार है।

## टीएसइस अध्यक्ष ने फुटबॉल खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल कीट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** उजैना स्थित बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने पदमा व चौपारण के फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को फुटबॉल और जर्सी देकर उनका उत्साह बढ़ाया, वहीं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर बरही प्रखंड के उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने भी खिलाड़ियों को स्वागत किया। मौके पर श्री साहू ने फुटबॉल खिलाड़ियों को उत्सवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य होता है, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मसमर्पण और टीम का कौशल को भी बढ़ावा देता है। खेलकूद का अभ्यास शिक्षा, समाजिक मिलन और मनोरंजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो एक व्यक्ति के सामाजिक और व्यक्तिगत विकास में सहायक होता है। विभिन्न पहलुओं में खेलकूद अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो हमारे समाज के विकास के साथ साथ राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। मौके पर पदमा प्रखंड के सक्रिय युवा कार्यकर्ता करण ओझा, मनोज कुमार, यमुना कुमार, रौशन मेहता, राकेश मेहता सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में भाजपा ने शहीद महेंद्र सिंह को किया याद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर झारखंड आंदोलनकारी शहीद महेंद्र प्रताप सिंह शहादत दिवस दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक में वक्ताओं ने महेंद्र प्रसाद सिंह के विचारों को रखते हुए कहा कि आज भी शहीद के परिजनों को झारखंड सरकार सम्मान नहीं दे रही है। उनके आश्रितों को नौकरी नहीं मिल रहा है। झारखंड आंदोलन में विष्णुगढ़ प्रखंड से दर्जनों लोगों ने शहादत दिया है। आंदोलनकारियों को भी किसी प्रकार का कोई सम्मान नहीं मिल रहा है। बैठक में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव जिला युवा उपाध्यक्ष हीरामन महतो, सुखदेव मंडल, हेमलाल साव, रामचंद्र यादव मुखिया, गुलाब शंकर महतो, सुरेश मंडल, महेंद्र महतो, दिनेश मंडल, कन्हाई यादव, द्वारिका महतो, अशोक मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन के सामने भाजपा-आजसू फेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी जी के डुमरी में प्रचंड जीत की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली एवं इंडिया अलायंस दलों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय से विजय जुलूस निकाला और जीत का जश्न मनाया. इस रैली का नेतृत्व झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली के कुदुश अंसारी, बासुदेव महतो, यासीन खान, प्रमोद गुप्ता, माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, कांग्रेस पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रदेश प्रतिनिधि मंडल सदस्य संतोष कुमार देव, राजद प्रखंड अध्यक्ष असमत अंसारी ने किया. जुलूस में मुख्य अतिथि कोडरमा लोकसभा के भिवी जेएमएम उम्मीदवार प्रो0 जय प्रकाश वर्मा एवं कोडरमा जिला सचिव श्यामदेव यादव एवं माले के राज्य कमिटी सदस्य भुनेश्वर केवट थे. जुलूस में आतिशबाजी के साथ मिठाई बांट कर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. जुलूस प्रखंड मुख्यालय से मिडिल स्कूल तक, वापस जीटी रोड बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पदयात्रा कर विजयी जुलूस निकाला गया.

जुलूस में इंडिया अलायंस के कार्यकर्त्ताओं ने जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया, डुमरी झांकी है, 2024 बाकी है. इंडिया गठबंधन जिंदाबाद. झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद,मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाए. झारखंड उपचुनाव में लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने भाजपा-आजसू फेल.डुमरी उपचुनाव की जीत संकेत है कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार के साथ है. भाजपा-आजसू के झूठे वादों को जनता ने नकार दिया है. कोडरमा लोकसभा के जेएमएम प्रत्याशी प्रो0 जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि डुमरी का यह परिणाम 2024 का सेमीफाइनल है. प्रदेश की जनता अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकासशील,दूरदर्शी सोच एवं झारखंड हित में हो रही जनकार्यो से बहुत ही उत्साहित है.निश्चित ही आने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू झारखण्ड में शून्य पर सिमटने कर रह जायेगी,इसको लेकर झारखण्ड की जनता मन बना चुकी है.जुलूस में मुख्य रूप से झामुमो के राजाराम मांझी, धीरेन्द्र पांडेय,महेश मांझी, निजाम अंसारी,राधा देवी, सीताराम वर्मा,सुरेंद्र कुमार कुशवाहा,राजू मांझी,सोमर मांझी,कांग्रेस के समसुद्दीन अंसारी, माले के नागेश्वर साव, तुलसी नायक,किशुन मोदी, जीवन साव,बिसुन यादव,रघु भुईया,हीरालाल पासवान, राजद के रमेशचंद्र यादव, खालिद खलील,शब्बीर अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं उपस्थित थे.

## बरकट्ठा अडवार स्टेडियम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा खेलो झारखण्ड खेल का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा के अडवार स्थित स्टेडियम में बुधवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय एथलीट, वॉलीबॉल, कबड्डी,खो-खो आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मुख्य रूप से समाजसेवी व जिप प्रतिनिधि बरकट्ठा सी के पाण्डेय, प्रमुख रेणु देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीईईओ किशोर कुमार, समाजसेवी गौतम कुमार मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, विधायक प्रतिनिधि अनिल आजाद, अजसप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ,प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षक हरिकांत पांडेय,गोपाल राम, सहदेव मंडल,सुखदेव हांसदा ,सुबोध चौधरी,राजीव कुमार दत्त समेत दर्जनों शिक्षक, बीआरसी कर्मी एवं सीआरपी बीआरपी का सहयोग सराहनीय रहा।

## गोंदलपूरा कॉल ब्लॉक का आवंटन रद्द करें सरकार : भुनेश्वर मेहता




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एक प्रेस वार्ता में कहा कि झारखंड में विस्थापन एक बड़ा मुद्दा है जिस पर राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार गंभीर नहीं है।

झारखंड के हजारीबाग चतरा रामगढ़ दुमका गोड्डा में बड़ी संख्या में लगभग 1 करोड़ की आबादी वाले विस्थापित और प्रभावित लोग दर-दर भटकने के लिए बेबस है। सरकार इनके लिए कोई ठोस पहल नहीं कर रही है जिसके कारण उनके बच्चे बेरोजगार हो रहे हैं।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लगातार विस्थापन प्रभावित रैयत के लिए लड़ाई लड़ रही है।उसी लड़ाई को आगे बढ़ते हुए आगामी नवंबर दिसंबर महीने में 1 लाख की संख्या में विस्थापित राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे और सरकार से एक नीति की मांग करेंगे जिसमें विस्थापित प्रभावित रैयतों को बसाया जा सके। हजारीबाग जिला अंतर्गत गोंडल पूरा कॉल ब्लॉक जिसे केंद्र सरकार ने अदानी ग्रुप को दे दिया है। हालांकि अभी खनन कार्य शुरू नहीं हुआ है लेकिन आने वाले दिनो में एनटीपीसी के पेटी कॉन्ट्रैक्ट कंपनी अदानी और सहयोगी कंपनी कोयला खनन का कार्य शुरू करेगी जिसका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विरोध करती है।

## बरही प्रेस क्लब ने आभार सह मिलन समारोह कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय में आभार सह मिलन समारोह का आयोजन बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष जयदीप सिन्हा ने किया। ज्ञात हो कि बरही प्रेस क्लब का चुनाव पिछले 3 सितंबर को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में निर्वाचन पदाधिकारीयों में वरिष्ठ पत्रकार श्याम मोहन शर्मा, कृष्णा प्रजापति, प्रमोद विश्वकर्मा एवं दयानंद चौरसिया की अहम भूमिका रही। पूरी चुनाव प्रक्रिया को इसके देखरेख में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सभी निर्वाचन पदाधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया गया। उसके बाद निर्वाचन पदाधिकारीयों को शॉल ओढ़ाकर आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन पदाधिकारी सह वरिष्ठ पत्रकार श्याम मोहन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी नवगठित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपनी ओर से पूर्ण सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। निर्वाचन पदाधिकारी सह वरिष्ठ प्रमोद विश्वकर्मा ने कहा की पत्रकार समाज का आईना होता है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करता है, इसलिए पत्रकारिता को भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी माना गया है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## चोकाद पंचायत के उप मुखिया ने बुलबुल टेलर का किया उद्घाटन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चोकाद पंचायत के ग्राम खाखरा गांव में बुलबुल टेलर्स का उद्घघाटन पंचायत के उप मुखिया अविनाश कुमार ने विधिवत रूप से फीता काट कर किया। उन्होने कहा कि इस तरह गांव में टेलर दुकान के खुलने से गांव वालों को कपड़े की सिलाई के लिए दूसरे जगह जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।मौके पर वार्ड सदस्य पूजा देवी, बुलबुल टेलर्स के संचालक सरुबाला देवी, जयनाथ मुंडा,कुमार सौरभ, बुधिया मुंडा,विकाश मुंडा आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पार्टी के जिला सम्मेलन में बुमरी युवा हुए शामिल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बैगामोड़ से रविवार को झापा के युवा नेता आकाश करमाली के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के जिला रामगढ़ सम्मेलन में कई युवा क्षेत्र से शामिल हुए। बताया गया कि पंचायत बुमरी समेत कई जगह से युवाओं ने एक जुटता का परिचय दिया हैं।जाने वालों में झापा केंद्रीय सदस्य भवानी शंकर गुप्ता, राजेश बेदिया, रूपलाल बेदिया, सुरज मांझी, संतोष मांझी, मनोज बेदिया, प्रदीप दिस्कू, शंकर बेसरा, सुरेंद्र बेसरा, सुनील, गोनित, विजय, सैनी कुमार, अमर, भजनलाल, अशोक,देवीलाल, नरेश ब्रजेश आदि शामिल हैं।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय दो दिवसीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगडा क्षेत्र दो दिवसीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 12 एवं 13 सितंबर को जीएम ऑफिस स्थित दामोदर क्लब में किया गया है । प्रतियोगिता का उदघाटन 12 सितंबर को 9:30 बजे रशिम दयाल (कार्मिक प्रबंधक एवं औघोगिक सम्बन्ध ) सीसीएल राँची के द्वारा किया जाएगा । प्रतियोगिता का समापन समारोह 13 सितंबर को शाम 4 बजे मुख्य अतिथि रेखा पाण्डेय विभागध्यक्ष ( कार्मिक / कल्याण ) सीसीएल मुख्यालय राँची के द्वारा किया जाएगा । विशिष्ठ अतिथि अरगडा क्षेत्र महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पाण्डेय होंगे । इस आश्य की जानकारी स्टॉफ ऑफिसर ( कार्मिक / प्र.) अरगडा क्षेत्र मोहम्मद फैयाजुल हक ने दी हैं।

## ओरला में जलमीनार से 17 मीटर जलापूर्ति पाइप की चोरी

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरला में हर घर नल जल योजना के तहत निर्मित जलमीनार से शनिवार की रात चोरों ने 17 मीटर जलापूर्ति पाइप की चोरी कर ली। पाइप चोरी होने से ओरला, झरना टोला, सिमराटांड़ व इसके आसपास के टोले में जलापूर्ति ठप पड़ गई है। इस संबंध में जलमीनार में कार्यरत नीलेश कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी कर्मी जितेंद्र मुंडा व सौरभ कुमार द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया है। बताया जाता है कि रविवार को गांवों में जलापूर्ति के लिए जितेंद्र जब वाल्व खोलने गए तो उन्होंने रेजिंग का 150 एमएम का 8 मीटर व वाश आउट का 9 मीटर पाइप को गायब पाया।

## उर्जा मेले का आयोजन, होगा समस्याओं का समाधान

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत समस्याओं के समाधान को लेकर आगामी 11 सितंबर को विद्युत शक्ति उप केन्द्र बीआरएल रांची रोड में उर्जा मेला का आयोजन किया गया है। उक्त मेला विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल,कुजू द्वारा आयोजित किया गया है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता बीरेंद्र उरांव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मेरा पूर्वाह्न 11 बजे से लेकर अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। जिसमें विद्युत संबंधित सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से मेले में पहुंचकर अपनी विद्युत समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है।

## कंजगी स्कूल के छात्रों ने खेल झारखंड मांडू प्रखंड में किया बेहतर प्रदर्शन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंजगी के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बच्चों ने मांडू प्रखंड के सुभाष स्टेडियम में खेल झारखंड खेलो प्रतियोगिता में बीते दिनों सम्मिलित हुए। जिसमें कंजजी स्कूल के विद्यार्थी अंडर 14 से 19 के बच्चों ने भाग लिया। सफल बच्चों में थपकी कुमारी, खुशी कुमारी, करीना कुमारी, प्रेरणा कुमारी, अंश कुमार, कृष नायक, किरण कुमारी, तनु कुमारी, लवली कुमारी, ब्यूटी कुमारी, सोनी कुमारी, केशव नायक, अशोक मांझी, देवराज गोस्वामी, सचिन कुमार यादव, अशोक कुमार मांझी ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिन्हें स्कूल प्राचार्य महेंद्र कुमार के द्वारा प्रोत्साहित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने और खेल शिक्षक निरंजन महतो के कथक प्रयास होने के बारे में बताया। अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अन्य छात्र गणों ने सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार, खेल शिक्षक निरंजन महतो, पूर्णिमा कुमारी, रामानुज कुमार, संजीत सिंह, रूपेश कुमार, अविनाश यादव, संजय कुमार रवि, दीपक कुमार, रोशन लाल बेदिया, रामदेव बेदिया, अमरचंद बेदिया, रास बिहारी महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## टंडवा और पिपरवार पुलिस ने एसपी शंभू सिंह को दी गई विदाई

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर टंडवा एसडीपीओ के पद पर कार्यरत पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को विदाई दी गई।इस समारोह में टंडवा और पिपरवार पुलिस ने संयुक्त रूप से बुके और शॉल देकर एंव उपहार प्रदान कर एसपी शंभू कुमार सिंह को सम्मानित किया।ज्ञात हो कि टंडवा एसडीपीओ के पद पर कार्यरत शंभू कुमार सिंह का पिछले महीने आईपीएस अधिकारी में प्रमोशन हुआ है और दो दिन पूर्व उन्हें स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है।अधिसूचना जारी होने के बाद रविवार को पुलिस परिवार के द्वारा उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस समारोह में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य लोगों ने एसपी शंभू कुमार सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा की,साथ ही सभी ने एक साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर टंडवा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिजय कुमार सिंह, पिपरवार सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन,पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार,अवर निरीक्षक रूपेश महतो, दिलीप बास्की सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

## सत्संग का कार्यक्रम संपन्न

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भागलपुर के स्वामी निर्मलानंद महाराज ने कहा कि तन काम में और मन राम में लगाये रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि हमें कल की ही नहीं पल की भी खबर नहीं है, कि क्या होगा।हम अपना भला स्वयं ही कर सकते हैं।किसी को दुःख नहीं पहुंचाना चाहिये, शाकाहारी और परोपकारी जीवन का लक्ष्य है।स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि संसार में अनासक्त होकर रहना चाहिए, तभी भक्ति प्रबल होगी,,जीवन खुशहाल बनेगा।अखिलेश बाबा,लोदरो बाबा, मुरलीधर,श्याम सुंदर जी ने भी सत्संग की महिमा का बखान किया।मौके पर धर्मेंद्र नाथ तिवारी, काशीनाथ महतो,संजय कुमार, राजकुमार, सगुन दास,दुखेन्द्र ठाकुर, रामहरि साव,गोला मुंडा,डब्लू भगत,हरिद्वार ठाकुर समेत सत्संगीगण उपस्थित थे।

## पेरवाघाघ घूमने आए नामकुम का युवक पैर फिसलने से तेज बहाव में बहा

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पेरवाघाघ जलप्रपात घूमने आया नामकुम का एक युवक सौरभ कुमार सिंह हाथ मुंह धोने के क्रम में पैर फिसलने से पानी में गिर गया इसके बाद पानी के तेज बहाव में वह बह गया दोस्तों के द्वारा तपकरा थाना को सूचना दी गई इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की परंतु पानी के तेज बहाव के कारण कुछ पता नहीं चला लोगों ने फिर ह्ष्ठक्रस्न टीम को मंगाने की मांग की जिसके लिए उपयुक्त खूंटी को सूचना दी गई एनडीआरएफ की टीम आज रविवार को पेरवाघाघ पहुंचकर लगातार प्रयास कर रही है परंतु अभी तक सफलता नहीं मिली है। वहीं लोगों द्वारा आक्रोश जताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है जलप्रपात के आसपास प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था रखनी चाहिए थी आने वाले दिनों में ऐसी घटना नहीं घटे इसको लेकर प्रशासन को मुस्तैद रहना चाहिए।

# सांसद जयंत सिन्हा ने केरेडारी व पिपरवार में सड़क व पुलों का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 10 सितंबर को हजारीबाग, केरेडारी प्रखंड व पिपरवार मंडल का दौरा किया। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। जयंत सिन्हा ने केरेडारी प्रखंड स्थित कराली में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत ?26.53 करोड़ से केरेडारी से बुंडू, कोरले होते हुए लगभग 24 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण होगा।इसके आलावा जयंत सिन्हा ने पिपरवार मंडल की पंचायत बन्हे में हिंगवाही पुल, ग्राम वारावाल में वारावल नाला पर उच्च स्तरीय पुल व पंचायत हफुवा में हफुवा नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 24 मीटर से लम्बे इन पुलों का लगभग ?3 करोड़ की लागत से निर्माण किया जायेगा। जयंत सिन्हा ने केरेडारी प्रखंड में हिंगवासी आदिवासी टोला के सदस्यों से मुलाकात की। इस आदिवासी मोहल्ले में 10 से 12 परिवार रहते हैं। जयंत सिन्हा ने कहा कि इन तक हम हर बुनियादी सुविधा पहुंचाएंगे। यहां पीसीसी पथ का निर्माण करवाएंगे और बिजली व सोलर पैनल की व्यवस्था होगी। साथ ही यहां डीपबोरिंग करवाकर इनके घरों तक शुद्ध जल पहुंचवाएंगे। यह मोदी सरकार है जो पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचा रही है।इसके साथ ही उन्होंने हफुवा पंचायत व बुंडू पंचायत में जनसंवाद कर जनता की समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारीयों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को कोई असुविधा न हो, इसके लिए मैं सदैव प्रयासरत रहता हूँ। जनता के सहयोग से हम क्षेत्र के बहुमुखी विकास के लिए कार्यरत हैं। जयंत सिन्हा ने केरेडारी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों का निरीक्षण कर लाभुकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हर जरूरतमंद के लिए मोदी सरकार आवास मुहैया करवा रही है।

## ऐपवा का 9वां राष्ट्रीय सम्मेलन तैयारी जोरों पर : नीता बेदिया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से ऐपवा जिला सचिव नीता बेदिया, अध्यक्ष-कांति देवी,सीता देवी,झुमा घोषाल, जयंती देवी ने कहा कि अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन 30 सितंबर-01 अक्टूबर तक दिल्ली में आयोजित है जिसमें देशभर से 500 प्रतिनिधि भाग लेंगे उसमें रामगढ़ जिला से 6 प्रतिनिधि सहित झारखंड से 50 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। रामगढ़ जिला में ऐपवा महिलाओं की टीम ने ऐपवा का परचा, झंडा लेकर पतरातू, रामगढ़, मांडू, गोला, दुलमी के दर्जनों गांव में घर-घर जनसंपर्क कर महिलाओं को सदस्यता बनाई जा रही है। समाज में महिलाओं की आधी आबादी है जिसकी सुरक्षा, आजादी, आरक्षण,शिक्षा, रोजगार अधिकार बराबरी स्तर पर बहाल किए वगैर समाज का विकास संभव नहीं है। भारत देश में पितृसत्तात्मक व्यवस्था है। इस व्यवस्था में महिलाओं को दोयम दर्जे की इंसान समझा जाता है जिसकी शारीरिक-मानसिक शोषण किया जाता है।

## लाठी खेल से सांप्रदायिक सौहार्द की भावना जागृत होता है ममता देवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के उरबा ब्यांग में यादगार हुसैन चेहल्लुम कमेटी के द्वारा लाठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रामगढ़ के पुर्व विधायक ममता देवी विशिष्ट अतिथि पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुये। इस लाठी प्रतियोगिता में कुल सात टीम ने भाग लिया। सभी टीमों ने अपना खेल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेहताब राही आरिफ जहांगीर अंसारी मोतीउल्ला अंसारी हजरत हुसैन मनवर आलम अख्तर इकबाल अंसारी अब्दुल कादिर साहिब शहादत फिदातुल्लाह जफार अंसारी चांद आलम इनायत नौशाद मनावर आसिफ तौसीफ अफरोज मुजीज़ शाहनवाज तबारक हुसैन तौसीफ अफसर अनवर सनावर समीर वारिस गुलाम रसूल तौकीर दीदार अंसारी नौशाद हमजा मकसूद इस ताहिर तैयब कुश्तर साहिल याकूब जाहिद राजा व सौकडो लोग मौजूद थे।

## ग्राम सभा में लाभुकों का चयन करने का निर्देश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण रामगढ़ द्वारा उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, पोटो हो खेल विकास योजना एवं बिरसा हरितग्राम योजना के क्रियांवयन को लेकर सभी प्रखंड विकास विकास पदाधिकारीयों यथा चितरपुर, दुलमी, गोला, मांडू, पतरातु, रामगढ़ को योजनाओं का चयन ग्राम सभा या विशेष ग्राम सभा के माध्यम से लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया ।टोप्पो ने कहा की रामगढ़ जिले में मनरेगा अंतर्गत योजनाओं में अधिक प्रगति नहीं दिख रही हैयोजनाओं का लक्ष्य के अनुरुप मनरेगा प्रावधान के अनुसार 12 सितंबर2023 से 13 सितंबर 2023 तक सभी संबंधित पंचायतों में ग्राम सभा या विशेष ग्राम सभा आयोजित कर लाभूकों का चयन करना सुनिश्चित करें ।

## अड़की के जोजोहातु में कल शिक्षक सम्मान समारोह में कई नेता शामिल होंगे

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती ऊपर बालालौंग पंचायत स्थित बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातू के प्रांगण में शिक्षक सम्मान समारोह कार्य क्रम का आयोजन विद्यालय के छात्र, छात्राओं द्वारा किया गया है. इस कार्य क्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. शिक्षक सम्मान समारोह में इस क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होकर शिक्षक का सम्मान करेंगे. इस कार्य क्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ के विधायक विकास कुमार मुंडा, विशिष्ट अतिथि के रूप में खरसावां के विधायक दशरथ गागराई , तथा तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा शामिल होंगे. इसके साथ ही सम्मानित अतिथि के रूप में झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य राधारमण साहू, जिला परिषद सदस्य रेखा देवी, झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो , अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुप साहू, समाज सेवी विनोद राय, पूर्व प्रमुख परता मुंडा शामिल होंगे.यह जानकारी बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातू के प्रधानाध्यापिका मालती कुमारी ने दी।

## मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच फुटबॉल क्लब सरदुला एक गोल से विजयी

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बमरजा पंचायत के सरदुला में मुखिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को फुटबॉल क्लब बड़गाई बनाम् फुटबॉल क्लब सरदुला के बीच खेला गया. जिसमें पेनाल्टी शूट में फुटबॉल क्लब सरदुला 04-05 गोल की बढ़त बनाकर विजयी रही. मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर ने कहा कि प्रतियोगिता में कल 15 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना साथ ही पंचायत स्तरीय टीम का चयन कर विभिन्न क्षेत्रों में खेलने के लिए प्रोत्साहित करना है मुखिया द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए सभी 15 टीमों को जर्सी देकर सम्मानित किया गया. वहीं मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम फुटबॉल क्लब सरदुला एवं उपविजेता टीम फुटबॉल क्लब बड़गाई को पुरस्कार स्वरूप एक-एक खस्सी दिया गया. ग्रामीण जनता ने मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का खूब आनन्द लिया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुखिया अनूप कुजूर, तेंबा उरांव, बुद्धदेव किंडो, जुनेश उरांव, नितेश कच्छप, फगुआ लोहरा, दिनेश गोप, सूरज कुमार महतो, आदि थे ।

# झारखंड पार्टी रामगढ़ जिला अधिवेशन का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड पार्टी रामगढ़ जिला अधिवेशन का आयोजन रामगढ़ के एक निजी होटल में किया गया। इस अधिवेशन में ?रामगढ जिला कमेटी का भी गठन किया गया । अधिवेशन की अध्यक्षता मांडू विधानसभा प्रभारी सोमदेव करमाली एवं संचालक सुभाष करमाली एवं भवानी शंकर गुप्ता ने किया। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि केंद्रीय प्रधान महासचिव शाह पूर्व मंत्री अशोक भगत एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कार्य कारिणी सह कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान अहमद एवं केंद्रीय प्रवक्ता आनंद पाल तिर्की पधारे थे।अधिवेशन में विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया । मुख्यता संतोष महतो (पूर्व प्रत्याशी रामगढ़) , बिट्टू सिंह (बड़कागांव पूर्व प्रत्याशी) समीर दास, गंभीर करमाली , आशीष , शंकर प्रसाद आदि ने भी पार्टी हित एवं झारखंड हित में अपने विचार प्रकट किया । सभी ने एक मत में आवाहन किया कि झारखंड खनिजों में परिपूर्ण होते हुए भी लोग गरीब है इसलिए झारखंड पार्टी जो की माटी की पार्टी है इसकी बड़ी लड़ाई लड़ेगी। इस अधिवेशन में रामगढ़ जिले की नई कमेटी का भी गठन किया गया। जिममें रामगढ़ जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली और उपाध्यक्ष आकाश करमाली कार्यकारिणी अध्यक्ष मुनी नाथ महतो महासचिव शंकर प्रसाद रामगढ़ जिला सचिव राजेश महतो जिला प्रवक्ता सुभाष राम करमाली युवा जिला सचिव अब्दुल वहाब अंसारी को बनाया गया। इस मौके पर सेखावत अंसारी, मनोज बेदिया, राजेश बेदिया, उमेश भुइयां, विजय सोरेन, गोबिंद बेसरा, संतोष कुमार, किशोर राम, जीतन साव, केदार सिंह, धर्मेंद्र राम, प्रदीप कुमार मांझी, कृष्ण कुमार, हरिचरण बेदिया, दीपक बेदिया, शिवा कुमार, दिनेश्वर भियान, अशोक रजक, नरेश बेदिया, उमेश करमाली आदि उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का रामगढ़ जिले का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ :** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के रामगढ़ जिले के दौरे के दौरान रविवार को समिति के सभापति सरयू राय ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार सहित जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा माननीय सभापति सरयू राय का पौधा देकर रामगढ़ जिले में स्वागत किया गया।बैठक के दौरान झारखंड खनिज विकास निगम संबंधित कार्यो की समीक्षा के क्रम में माननीय सभापति ने जिला खनन पदाधिकारी से जिले में संचालित बालू घाटों की जानकारी ली। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जिले में चिन्हित बालू घाटों, जिला सर्वे रिपोर्ट के संबंध जानकारी दी गई साथ ही उनके द्वारा अवैध रूप से हो रहे बालू के उठाओ पर की जा रही कार्रवाई की भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम के तहत जिले की आवश्यकताओं के मद्देनजर पुलिस संबंधित भवनों के निर्माण के प्रस्ताव की जानकारी ली गई। पर्यटन विकास निगम के तहत जिला योजना पदाधिकारी द्वारा जिले में संचालित ए कैटिगरी व अन्य पर्यटन स्थलों के संचालन की जानकारी दी गई। औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के तहत माननीय सभापति के द्वारा जिले में संचालित औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली गई। झारक्राफ्ट के तहत हो रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए माननीय सभापति ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों को मिल रहे लाभ, झारक्राफ्ट के तहत संचालित दुकानों आदि की जानकारी ली वहीं उन्होंने झारक्राफ्ट को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उत्पाद कॉरपोरेशन की समीक्षा के क्रम में माननीय सभापति को लक्ष्य के विरुद्ध इस वित्तीय वर्ष प्राप्ति की जानकारी दी गई। मौके पर माननीय सभापति द्वारा जिले में नियमानुसार तरीके से शराब दुकानों के संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य आपूर्ति निगम की समीक्षा के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा डोर टू डोर सप्लाई योजना, पीएचएच कार्ड, अंत्योदय एवं ग्रीन राशन कार्ड की जानकारी दी गई वही माननीय सभापति के द्वारा जिले में संचालित गोदाम एवं उनके वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली गई।

## आम्बेडकर मैदान राय में 20 सितम्बर से होगा महिला व पुरूष फूटबॉल टुर्नामेन्ट का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय सामुदायिक भवन में गणेश स्पोर्टिंग क्लब की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता क्लब के सचिव गणेश कुमार महतो एवं संचालन क्लब के संरक्षक संतोष प्रजापति ने किया।इस बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से 20 सितम्बर से 25 सितम्बर तक अम्बेडकर मैदान राय मे गणेश स्पोटिंग क्लब राय के द्वारा छः दिवसीय 9वीं ओपेन पुरूष एवं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया।इस टुर्नामेन्ट मे पुरूष वर्ग के विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार नगद 30 हजार एंव ट्रॉफी,उप विजेता टीम को 20 हजार एवं ट्रॉफी और तीसरे और चौथे नम्बर की टीम को तीन हजार रूपये का पुरुस्कार देने पर सहमति बनी।वही महिला वर्ग की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 20 हजार रूपये और ट्रॉफी और उप विजेता टीम को 15 हजार एंव ट्रॉफी देने का निर्णय लिया गया।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक में एकजुट होने का किया गया आहवान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक टंडवा टाउन हॉल में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता किचटो पंचायत समिति सदस्य ईना कुमारी और संचालन बिजली महतो ने किया।इस बैठक मे टंडवा टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के सभी 19 पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक मे समिति को मजबूत बनाते हुए अपने हक और अधिकार के प्रति सभी को जागरूक करने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सभी लोगों से एकजुट होने की अपील की।बैठक के दौरान आगामी महीने मे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के संयोजक टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम टंडवा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा यादव, पृथ्वी भुईया, बिजली महतो, राजू कुमार महतो, विजय महतो, प्रधान यादव, भोला महतो, जित्तेन्द्र राम, मुकेश कुमार महतो, महेन्द्र कुमार, गिरधारी महतो, नरेश महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोलफील्ड मजदूर यूनियन के द्वारा मजदूरों के बीच चलाया गया जन जागरण अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक पीट ऑफिस और पिपरवार वर्कशॉप के कार्यालय में कोल फील्ड मजदूर यूनियन के द्वारा जन जागरण अभियान के तहत गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।इस गेट मिटिंग मे ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा कोयला मजदूरों के 11 वेतन समझौता और एरिया के फैसले पर रोक लगाने को लेकर दायर की गई याचिका के खिलाफ यूनियन के द्वारा जबलपूर कोर्ट मे दायर की गई अपील के बारे में जानकारी दी गई।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौता ऐतिहासिक हुआ है।वही मजदूरों को भी एक सम्मान जनक एरिया का भुगतान किया गया है,लेकिन ऑफिसर एसोसिएशन इसके खिलाफ जबलपुर कोर्ट में याचिका दायर की है और वेतन समझौता को रद्द करने की मांग की है,जिसके खिलाफ एचएमएस के नथुलाल पाण्डेय के द्वारा जबलपुर कोर्ट में अपील दायर की गई है।

## जफीर फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरियाताड़ मे जफीर फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज पहुंचे। कांग्रेस नेता रविन्द्र वर्मा, पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अजय नारायण लाल, युवा कांग्रेस जिला माहासचिव वसीम अकरम खान भी पहुंचे और रक्तदान किया। संस्था के लोगों ने बताया की जफीर फाउंडेशन का एक ही उद्देश्य है समाज की सेवा करना, ब्लड डोनेशन कैंप से आज इसकी शुरुआत की गई। कार्यक्रम मे स्वर्गीय जफीर के तीनों बेटों ने हिस्सा लिया और खुद ब्लड देकर एक नेक काम की शुरुआत की। शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से इंजमाम आलम, जीशान आलम, जया आलम, अली दानिश, इरफान खान, सब्बीर आलम उर्फ आलम, आबिद हुसैन उर्फ मोनू रौनक खान, डेनियल, रेहान खान मिंटू दा, गुडडु आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## माहुरी समाज ने शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षकों को किया सम्मानित



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माहुरी वैश्य समाज ने महामंडल गिरिडीह के तत्वाधान में एक सादे समारोह आयोजित कर एक सौ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में 42 मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कतरास माहुरी समाज के सचिव नीरज कुमार ने कहा कि बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं है गुरु भगवान के समान है। मौके पर माहुरी वैश्य महामंडल गिरिडीह के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, गिरिडीह उप महापौर प्रकाश सेठ महामंत्री उमाशंकर चरणपहाड़ी, केंद्रीय नवयुवक समिति अध्यक्ष संजीत तर्वे, सचिव हरिमोहन कंधवे, भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष संगीता सेठ, शंभू कुमार गुप्ता, अनीता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## कांड्रा पंचायत के मुखिया ने अमृत सरोवर के तहत किया वृक्षरोपण

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत के मुखिया ने तरवा बांध में अमृत सरोवर के तहत मे बृक्षरोपण किया। मुखिया रिंकू देवी और मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर महतो ने बताया कि इस तरह के योजना गांव में आने से गांव के विकास के साथ साथ पर्यावरण भी स्वच्छ होगा।बृक्षरोपण में आम नीम आदि के होने से आने वाले पीढ़ी को सुध फल भी मिलेगा। इस अवसर पर सुभाष महतो, बालाराम महतो, कमल महतो, मंतोष महतो, मधुसूदन महतो, लखीराम महतो, महेश गोस्वामी, शिवा हाड़ी आदि लोग उपस्थित थे।



## ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सैकड़ों लोगों ने किया रक्दान

### निःशुल्क हेल्थ चेकअप का लोगों ने उठाया लाभ



**जमुआ/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले सहित समस्त झारखंडीयो के प्रवासियों द्वारा गठित समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के माध्यम से रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हुवे सूरत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर मे केयर एन केयर अस्पताल के सहयोग से लोगो का निःशुल्क हेल्थ चेकअप भी किया गया जिसमे बुखार, डायबिटीज, ई सी जी इत्यादी का जांच निःशुल्क किया गया। यह आयोजन सूरत के गोडादरा मे था। ट्रस्ट द्वारा इस आयोजन में सैकड़ो लोगो ने रक्तदान कर पुण्य के भागी बने वही काफी लोगो ने निःशुल्क हेल्थ चेकअप का सुविधा का उपयोग करते हुवे चेकअप कराया । इस दौरान करीब दो सौ लोग रक्त दान करने आए जिसमें करीब 80 लोगो ने रक्त दान किया वही 150 लोगो ने निःशुल्क हेल्थ चेकअप लाभ उठाया। ट्रस्ट के अधिकारियो ने बताया की अक्सर लोग रक्तदान करने में घबराते है लेकिन रक्तदान कर के हम किसी को जीवन दान दे सकते है।

## संरक्षा आयुक्त करेंगे बगहा-वाल्मिकीनगर नव-दोहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत बगहा-वाल्मिकीनगर नव-दोहरीकृत रेलखंड का दिनांक 15.09.2023 को रेल संरक्षा आयुक्त ;ब्वउउपेपवदमत वि तंपसूंल ैंमिजलद्ध पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। इसके साथ ही वाल्मिकीनगर से बगहा स्टेषन तक तीव्र गति से विषेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया जायेगा । इस दौरान किसी के भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा ।

अतः सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि रेलवे लाईन के निकट नहीं आएं और मवेशियों को भी दूर ही रखें । साथ ही समपारों (लेवल क्रासिंग) को पार करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें । इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा ।

विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक 41 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीषनिंग की जा चुकी है ।

अब इस परियोजना के अंतर्गत 09 किलोमीटर लंबे बगहा-वाल्मिकीनगर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसका सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया जाएगा ।

## मिशन इंद्रधनुष 5.0 : जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मिशन इंद्रधनुष 5.0 के द्वितीय चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न डीआरडीए सभागार में सम्पन्न हुई।



इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि गर्भवती महिलाएं और 5 साल से छोटे बच्चे जिनका नियमित टीकाकरण होना था, अगर किसी कारणवश छूट गया है, तो उनके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस विशेष योजना के अंतर्गत टीकाकरण का लाभ मिलेगा। उन्होंने सहिया एवं सेविका को सर्वे कर छूटे हुए बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में डॉ अमित तिवारी एसएमओ डब्ल्यूएचओ द्वारा विस्तृत रुप से बताया गया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत नियमित टीकाकरण के दौरान 0-5 साल तक के छूटे बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए माइक्रोप्लान तैयार किया गया है।

मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, ओबीपी, पेंटावेलेंट रोटावायरस, मिजिल्स / रूबेला, विटामिन ए, पीसीबी का टीका सहित कुल 11 टीके लगाए जाएंगे।

वहीं उप विकास आयुक्त ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष 5.0 का आयोजन 03 चरणों में किया जा रहा हैं। जिसमें प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023 तक किया गया। द्वितीय चरण 11 से 16 सितंबर 2023 तक किया जाएगा तथा तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस टीकाकरण अभियान में सभी की भूमिका अहम है। सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों के आपसी समन्वय एवं निष्ठापूर्वक कर्तव्य के निर्वहन से ही यह अभियान सफल होगा।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया की यूविन पोर्टल पर सभी सहिया का रजिस्ट्रेशन 10 सितंबर तक अवश्य कराएं। साथ ही सभी सहिया हाउस होल्ड सर्वे कर सभी का रजिस्ट्रेशन कर लें।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ सीपी प्रतापन, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ अमित तिवारी, डीआरसीएचओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीडीपीओ, एमओआईसी, अर्बन सिटी मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## शहीद वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस मनाई गई



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर किड्स गार्डन स्कूल जेलगोरा में विजय दुबे की अध्यक्षता में मनाया गया। परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद का 58वां शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि समेत अन्य विशिष्टजनों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोहम्मद अफज़ल ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने वर्ष 1965 के युद्ध में बहादुरी का परिचय देते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसके चलते पाक को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे वीर योद्धा को हमेशा याद करना जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मोहम्मद नौशाद अंसारी, शान ए रहमत, मोहम्मद अफजल, साधू सिन्हा, राजदेव शर्मा, मो अजीज, शिव कुमार दुसाद आदि ने शहीद अब्दुल हमीद के जीवनी पर प्रकाश डाला।

## लखोनी मंझियान को उसके जमीन का मालिकाना हक दिलाना पहली प्राथमिकता : लोलिन मनोज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के लुकैया पंचायत के बरवाटांड निवासी लखोनी मंझियान को उसके अपने जमीन का मालिकाना हक दिलाना हम सब जनप्रतिनिधियों का पहला कर्तव्य है उक्त बातें एक पंचायती करने के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के टुंडी प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की एवं लुकैया पंचायत के मुखिया मनोज मुर्मू ने संयुक्त रूप से अपने बयान में कहा। बताया जाता है कि बरवाटांड निवासी लखोनी मझियान अपने ही जमीन में अधिकार नहीं मिलने के कारण आज करीब 12 वर्षो से दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं एवं कई बार इस जमीन को लेकर पंचायती एवं बैठकों का दौरा कई बार हो चुका है मगर कोई ठोस कदम न होने के कारण आज भी लखोनी मंझियान को सभी जनप्रतिनिधियों से कई उपेक्षाएं हैं एवं आशा करती है कि इस बार कोई ठोस निर्णय होगा। आज का बैठक में लूकैया मुखिया मनोज मुर्मू एवं टुंडी झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष लेकिन बास्की ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए लखोनी मंझियान के द्वारा एक आवेदन अंचलाधिकारी के नाम प्राप्त किया एवं कल सभी जनप्रतिनिधियों कके द्वारा अंचलाधिकारी टुंडी से मिलकर लखोनी मंझियान को उसके जमीन पर मालिकाना हक दिलाने के लिए टुंडी अंचलाधिकारी से मिलकल विचार विमर्श किया जाएगा अगर बात नहीं बना तो अनिश्चितकालीन धरना पर भी बैठने की बात कही गई ।

## गिरिडीह में उसरी बचाओ अभियान को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठन ने मिलकर किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में उसरी बचाओ अभियान को लेकर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत रविवार को सिहोडीह सामुदायिक भवन के प्रांगण एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें गिरिडीह के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उसरी नदी को बचाने के लिए विस्तार से चर्चा हुई और आगे की रणनीति तैयार की गई। उसरी नदी को बचाने को लेकर अब तक किए गए सभी प्रयासों की जानकारी देते हुए राजेश सिन्हा ने कहा कि कई संगठन उसरी नदी को बचाने और संवारने को लेकर अलग अलग संघर्ष कर रहे थे। अब सर्वसम्मति से सभी संगठन एक बैनर उसरी बचाओ अभियान के तहत काम करेंगे। अभियान के तहत पहले चरण में बहुत जल्द उसरी नदी के तटीय मुहल्लों में बैठक होगी। सबसे पहले जनता को जागरूक करने का काम किया जाएगा।





बैठक में बैठक का उद्देश्य और माँग पर चर्चा हुई जिसमें बताया गया कि गिरिडीह का लाइफ लाइन कही जाने वाली उसरी नदी का संरक्षण हमारा मुख्य उद्देश्य है।

**उसरी बचाओ अभियान की मुख्य माँगें :-** उसरी नदी के बनखंजो से लेकर झरिया गादी तक हो रहे बालू उठाव को तुरंत रोक लगाने, नाली का गंदा पानी नदी में जाने से रोकने हेतु वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने, नदी के किनारे की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, नदी के दोनों किनारे वृक्षारोपण करने , नदी के दोनों ओर मरीन ड्राइव बनाने, उसरी नदी पर बनखंजो से लेकर उसरी फाल के पहले तक 500-500 मीटर पर छिलका डैम बनाने, बनखंजो से झरिया गादी तक इको जोन घोषित कर बालू उठाव पर रोक लगाने की मांग प्रमुख है।

## न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन कल

पप्पु कुमार@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में 12 सितंबर को न्यू गिरिडीह - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का औपचारिक उदघाटन लंबे समय से गिरिडीह वासियों की चली आ रही मांग जो कल पूरी हो जाएगी. ट्रेन के उदघाटन को लेकर तैयारियां जोरों पर हो रही है.वही इस संबंध में धनबाद आरएम ने कहा कि 13 जनरल, एसी और स्लीपर कोच वाले इस ट्रेन के परिचालन को लेकर सारी तैयारी पूरी हो गई है. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी. जबकि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और जमुआ विधायक केदार हाजरा के भी इस दौरान उपस्थित रहने की संभावना है. इसके अलावा गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य भी शामिल होंगे । चैंबर के वरीय सदस्य डॉक्टर अमरजीत सिंह सलूजा और प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के सहयोग से गिरिडीह के लोगों को इतनी बड़ी सौगात मिली है. अब गिरिडीह से रांची जाने के लिए लोगों को कोई परेशानी नहीं होने वाली है. वही इस रेल परिचलन का देन कोडरमा से पांच बार रहे संसद स्व रीतलाल प्रसाद वर्मा के देंन है । वही डॉक्टर अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि इसे लेकर ही 11 सितंबर को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सम्मान समारोह स्कॉलर बीएड कॉलेज में रखा गया है. केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में ही गिरिडीह चैंबर कॉमर्स ने केंद्रीय रेल मंत्री से मिलकर ट्रेन शुरू कराने में अहम भूमिका निभाई है. इधर धनबाद रेल मंडल के पीआरओ ने बताया की कोडरमा में ही कोडरमा की सदर विधायक नीरा यादव उद्घाटन समारोह शामिल होंगी। पीआरओ ने बताया की रांची गिरिडीह रांची एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन को लेकर न्यू गिरिडीह स्टेशन में धनबाद डीआरएम समेत कई और रेल अधिकारी भी मौजूद रहेंगे. न्यू गिरिडीह स्टेशन में होने वाले भव्य आयोजन में सुबह 11 बजे न्यू गिरिडीह स्टेशन से रांची के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी. न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन को लेकर शेड्यूल भी जारी हो चुका है. ट्रेन नंबर 03309 के रूप में इस ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन होगा. ट्रेन बरकाकाना, मुरी और टाटीसिलवे के रास्ते रांची जाएगी।

## मजदूरों की लड़ाई ईमानदारी से सिर्फ लाल झंडा ही लड़ सकता है : अरूप चटर्जी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कि बरारी एवं जियलगोरा शाखा कि शनिवार को जियलगोरा अतिथि गृह में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि निरसा के पूर्व विधायक सह यूनियन के महामंत्री अरूप चटर्जी ने मजदूरों से अपना अस्तित्व बचाने को प्रबंधन के दलाल मजदूर संगठनों और आउटसोर्सिंग परियोजना प्रबंधन के खिलाफ गोलबद्ध होकर आंदोलन करने का आह्वान किया। वरिष्ट यूनियन नेता सबूर गोराई कि अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय सचिव शिव कुमार सिंह के संचालन में हुई सम्मेलन में श्री चटर्जी ने कहा कि एक समय लोदना क्षेत्र में हमारी यूनियन काफी मजबूत थी परआज हालात बदले है।

पूर्व विधायक ने कहा की गोलबद्ध होने का समय आ गया है क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत जल्द आउटसोर्सिंग परियोजना शुरू होने वाली है। आउटसोर्सिंग चालू होने से आपका आशियाना पर जबरन बुलडोजर चलानेवाला और कोई नहीं बल्कि इसी क्षेत्र के दबंग ठेकेदार एलबी सिंह एवं कुम्भनाथ सिंह तथा उसके पीछे दलाल नेता का फौज खड़ा होगा। ऐसे दबंगों से लड़ाई अगर कोई ईमानदारी से लड़ सकता है तो वह एकमात्र लालझंडा के लोग हैं।



## नारी चेतना शक्ति ने श्वेता किन्नर को किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के राजकमल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अशोक नगर में आयोजित नारी चेतना शक्ति द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए विशेष कर जागरूकता फैलाया गया। महिलाओं ने इस कार्यक्रम में यह भी कहा कि महिलाओं का कार्यक्रम जिस तरह से आज भव्य रूप से यहां पर हो रही है इस तरह अपने-अपने गांव और कस्बों में भी करें और महिलाओं को उसका सम्मान दिलाने का प्रयास करें। मौके पर धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल की पत्नी विनीता अग्रवाल मौजूद थी। साथ ही झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष छम्म छम्म देवी, किन्नर के पोती चेला व झारखंड चुनाव आयोग द्वारा चुनी गई आइकॉन श्वेता किन्नर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्हें कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया गया।

## जेबीकेएसएस ही है जनता की आखिरी उम्मीद : धर्मपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड परसिया पंचायत में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कमेटी गठन के लिए बैठक रखा गया बैठक में प्रभारी के रूप में शशि ठाकुर, जगदीश महतो, चंदन पासवान, करण भंडारी, टेकलाल मण्डल, आकाश पंडित, शुभाष मण्डल, धर्मपाल महतो उपस्थिति थे, इस दौरान धर्मपाल ने कहा आज पूरे बगोदर विधानसभा में लूट मची है आज शासन प्रशासन का मिली भगत इस प्रकार हैं की जनता यदि चोर को पकड़ कर प्रशासन को सुपुर्द करती हैं तो चोरों के द्वारा उल्टा जनता पर ही मुकदमा करने की बात करती है आखिर इस भय का माहौल में भला कौन चोरों को पकड़ कर दुश्मनी लेगा,हम प्रशासन से भी बोलना चाहते हैं कि यदि आप आम जनता पर झूठी मुकदमा किसी राजनीतिक के दबाब में आ कर करना चाहते हैं तो सावधान हो जाए आज के युवा पढ़े लिखे है अनपढ़ नही ,पूरे छेत्र में अनाज की धड़ल्ले से चोरी हो रही हैं जनता को 5 किलोग्राम के जगह 2 किलोग्राम चावल मिलता हैं फिर भी कोई आवाज नहीं उठाता है कारण साफ है की कमीशन सब में बढ़ता है उन्होंने यह भी कहा अब जेबीकेएसएस आंख बंद कर बैठने वाली नहीं है प्रखंड से अनुमंडल तक अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी,जिस अधिकारी को सेवा करना है करे अन्यथा लाखों युवा बेरोजगार हैं दूसरे को मौका दे,पार्टी का विस्तार जोरो पर है सभी युवा साथी जुड़ने के लिए बेताब हैं, सभी लोग बदलाव की आश लगाए हैं जिसकी अध्यक्षता कर रहे हैं मुकेश यादव एवं संचालन कुलदीप साव, सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष के रूप में कुलदीप साव, सचिव मुकेश यादव कोषधायच्छ अजय यादव मौके पर उपस्थित रंजीत यादव, दिलीप रवानी, सिकन्दर यादव, दुलारचंद राम, मितलाल मण्डल, कुलदीप सिन्हा, रंजीत कुमार, दिलीप राम, बजरंगी राम, अजय साव दर्जनों युवा मौजूद थे।



## झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के गठन पर प्रोफेसर परवेज अख्तर ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रवक्ता, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री, झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासचिव, मगध यूनिवर्सिटी बोधगया शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर परवेज अख्तर ने झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यो की प्रशंसा करते हुए झारखंड अल्पसंख्यक आयोग गठन करने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट करते हुए कहा के झारखंड सरकार के द्वारा अल्पसंख्यक आयोग का गठन करना एक सराहनीय कदम है। सरकार से मेरी मांग है की वक्फ बोर्ड मदरसा बोर्ड, उर्दू अकादमी, अल्पसंख्यक वित्त निगम सहित अन्य बोर्ड निगमन का भी जल्द से जल्द गठन कर दिया जाए ताकि उसे आयोग से नया लीडरशिप उभर कर आए जो 2024 के चुनाव में नया इतिहास बनाएगा जिससे समाज को लाभ मिल सके।





अल्पसंख्यक आयोग के गठन कर हाजी हिदायतुल्लाह खान को अध्यक्ष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशेर आलम को उपाध्यक्ष व ज्योति सिंह माथारू को उपाध्यक्ष, कारी बरकत अली, वारिस कुरैशी, इकरार उल हसन, सोहर बीवी को सदस्य सहित अन्य लोगों को आयोग की जिम्मेदारी दिए जाने पर प्रोफेसर परवेज अख्तर ने खुशी जाहिर की और कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ अल्पसंख्यक आयोग की जिम्मेदारी उक्त व्यक्तियों को दी गई है, निश्चित तौर पर वह लोग अपने कार्यो को बेहतरीन तरीके से निर्वहन करेंगे। मैं सभी को दिल की गहराइयों से बधाई देता हूं।

## मोहम्मदी मस्जिद में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाई पास रोड स्थित मुहम्मदी मस्जिद परिसर में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शास्त्री नगर स्थित एएसजी नेत्र अस्पताल के डॉ. संजय रजक की देख रेख में किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों का जांच किया गया। जांच के उपरांत ऑपरेशन के लायक मरीजों का मुफ्त में आपरेशन भी किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंदों को मस्जिद कमिटी की तरफ से मुफ्त में चश्मा भी प्रदान किया गया। शिविर के सफल आयोजन में मो. अमजद आलम, जसीम अख्तर, मो. नजीर, मो. हाशिम, मो नियाज, मो जावेद, मस्जिद के इमाम मो. फरीद, मो. अफजल, मो. मजहर, मो. मोइन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत लोहरदगा सदर प्रखंड से चार गांव की मिट्टी को भाजपा ने किया संग्रहण

## सदर प्रखंड के सभी 38 गांवो से मिट्टी संग्रहित कर भेजी जायेगी दिल्ली : सुरज मोहन साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित 10 सितंबर रविवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा सदर प्रखंड के द्वारा 04 गाँवो का मिट्टी कलश मे किया गया संग्रहण। इस निमित प्रखंड के भटखिजरी शक्ति केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडल अध्यक्ष सुरज दसौंधी के अध्यक्षता मे एवं मंडल प्रभारी सुरज मोहन साहू एवं मंडल कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे बैठक भी आहुत कर मंडल के सभी 38 गाँवो मे मिट्टी संग्रहण को लेकर बैठक मे प्रभारी भी बनाये गये हैं।आज 10 सितंबर को लोहरदगा ग्रामीण मंडल के भटखीजरी, बाघा, बसरी, व भक्सो समेत 04 गाँवो से मिट्टी कलश मे संग्रहित की गई। इस अवसर पर मेरा माटी,मेरा देश कार्यक्रम के निमित मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे उपस्थित प्रखंड प्रभारी



सुरजमोहन साहू ने कहा कि देश के अमर बीर शहीदों के याद मे गाँवो से आगामी 17 सितंबर तक कलश मे मिट्टी संग्रहण कर जिला एवं प्रदेश भेजी जायेगी। फिर प्रदेश भाजपा के द्वारा एक बृहद कार्यक्रम आयोजित कर सभी कलश मे संग्रहित मिट्टी को दिल्ली भेजी जायेगी और उस मिट्टी से एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष सुरज दशौंधी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे आज भारत चंद्रयान-3, जी-20, की सफलता से भारत वैश्विक पटल पर एक शक्तिशाली देश के रुप मे पहचान बनाने मे कामयाबि हासिल किया है। जी-20 के भारत मे वैश्विक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था होगी और मजबूत।हम सभी देशवासियों को एसे कुशल नेता प्रधानमंत्री पर गर्व है।मौके पर मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे विवेक चौहान, राजेन्द्र कुंवर, अखिलेश कुमार, सरिता कुमारी, अंजू सोन तिर्की, आदर्श चौहान, अमित महली, सानू महली, विश्वनाथ उराँव, रौशन कुमार, नीरज महली, विन्देश्वर उराँव, पाकी महली, देवनाथ महली, नीरज महली इत्यादि कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

# भाजपा सिमडेगा ने की ठेठईटांगर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** भारतीय जनता पार्टी ठेठईटांगर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य कृष्णा बड़ाईक के नेतृत्व में देश भर में चल रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त टुकुपानी पंचायत के कसडेगा शिव मंदिर में बाबा उमाकांत महाराज के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के जिला सह सयोंजक रामविलास बड़ाईक ने मौके पर कहा कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरो को समर्पित अभियान के निमित्त घर-घर से मिट्टी संग्रह करते हुए पूरे देश में मिट्टी को नमनः वीरों को वंदन किया जा रहा है अमृत कलश मंडल से जिला होते हुए प्रदेश से दिल्ली जाएगी जहाँ अमृत कलश में लाई गई मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाले अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश भर से आए हुए स्वयंसेवको को संबोधित करेंगें जिला परिषद कृष्णा बड़ाईक ने आगामी कार्यक्रम बाबूलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा की चर्चा करते हुए 20 सितम्बर को कोलेबिरा विधानसभा के संकल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में शामिल होने का आहवान किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रवण सेनापति, रमेश प्रसाद, बन्धु मांझी, जगधन मांझी, रामचन्द्र मांझी, सुरेश साहू, कुलदीप साहू, बन्टू के अलावे जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उवि जिंगी के खिलाड़ियों ने जयपुर मे जीता गोल्ड मेडल, एचएम अलिराजा अंसारी ने दी बधाई



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र स्थित रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के कराटे खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल स्पोर्ट्स लिमिटेड ऑफ जयपुर, इंडिया के सौजन्य से आयोजित खेल कराटे लीग चैंपियनशिप 2 में अपने प्रदर्शन का लोहा मनवा लिया है। झारखंड कराटे टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय के मोहन टाना भगत ने स्वर्ण पदक, अमृता कुमारी रजत पदक, सूरज उरांव कांस्य पदक तथा अशु तिग्गा ने कांस्य पदक पर कब्जा जमा लिया है।यह प्रतियोगिता 8 सितंबर से 12 सितंबर तक आयोजित होगी। पदक जीतने की सूचना मिलने पर विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने सभी खिलाड़ियों सहित कोच देवंती कुमारी एवं विनय कुमार को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।उन्होंने कहा कि विद्यालय के इन छात्र-छात्राओं में असीम उर्जा और कराटे खेल के प्रति समर्पण है।उन्होंने कोच देवंती कुमारी की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बच्चे कमाल करने का दम रखते हैं।इसके पूर्व भी विद्यालय के बच्चों ने विगत फरवरी महीने में हिमाचल प्रदेश में गोल्ड सहित सात मेडल जीतकर विद्यालय के साथ-साथ जिला और प्रदेश का नाम रौशन किया था।प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने और पदक जीतने की उम्मीद जताई है।ध्यातव्य है कि राजस्थान के सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में खेल कराटे लीग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए विद्यालय के बच्चे प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, जिंगी पंचायत मुखिया दिलीप उरांव सहित तमाम अभिभावकों और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर यहां से 6 सितंबर को रवाना हुए थे।

# जिला भाजपा कार्यालय बैठक में भवन प्रबंधन को लेकर समिति का गठन अनिवार्य : नीलकंठ सिंह मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला भारतीय जनता पार्टी वक्सी डीपा स्थित जिला कार्यालय मे 10 सितंबर रविवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के अध्यक्षता मे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूँटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा,प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका एवं जिला उपाध्यक्ष के उपस्थिति मे जिला कार्यालय प्रवंधन को लेकर आवश्यक बैठक आहुत की गई। बैठक मे पुर्व मंत्री झारखंड सरकार सह खूँटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संगठन को चलाने हेतू कार्यालय का होना आवश्यक है,और लोहरदगा जिला मे पार्टी केंद्र नेतृत्व के द्वारा कार्यालय की व्यवस्था की गई यह लोहरदगा जिला भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए बहुत बड़ी बात है, अब इसे सुचारु रूप से



संचालन हेतू भवन प्रवंधन टीम का गठन होना आवश्यक है। बैठक मे प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने जिला कार्यालय के पुस्तकालय, बगीचा, सुरक्षा, सीसीटीवी, कन्फेंस हाल साउन्ड मिक्चर, इत्यादि विषयो के अद्यतन हालत व रख रखाव पर चर्चा की वही आईटी सेल को नियमित रूप से सीसीटीवी मे रिकार्ड चेक करने का निर्देश प्रदेश कोषाध्यक्ष ने दिया।जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने प्रदेश पदाधिकारीयो से स्टाफ रूम, विद्युत विल, बाऊन्ड्रि वाल,कार्यालय के सामने मिट्टी भराव, इत्यादि कार्यालय के कुछ आवश्यक कमियों को प्रदेश पदाधिकारी के समक्ष रखते हुए उसे पुर्ण करने की बात कही। मौके पर कार्यालय प्रवंधन बैठक मे उपरोक्त लोगो के अलावा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकु, सुरज मोहन साहू, सामेला भगत, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा, कार्यालय प्रभारी अशोक साहू इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 65 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सचिव जयप्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 62 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही ईश्वर के सेवा करने के बराबर



है,और कहा कि बीमारी का इलाज के साथ-साथ कई चीजों से परहेज रखने पर भी अनेको बीमारियों से निजात मिलता है। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देना चाहिए एवं समय-समय पर अपना स्वास्थ्य की जांच कराते रहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 से 1 घंटा के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे।

# करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित कर तैयारियों पर हुई चर्चा



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कण्डरा स्थित आदिवासी कला सांस्कृति केंद्र भवन में केश्वर उराँव की अध्यक्षता में करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित कर तैयारी पर चर्चा किया गया। बुटी पंचायत के कण्डरा स्थित जय सरना लुड़कुड़िया स्कूल मैदान का साफ सफाई और साज सज्जा तथा प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी खोड़हा दल को आमंत्रित करने पर विचार विमर्श करते हुए चर्चा किया किया गया? वही कायोजन कमिटी के सचिव मनीष उराँव ने जानकारी देते हुए बताया की सभी कार्यकर्ताओं को करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने के लिये कार्यकर्ताओं को अलग अलग कार्यो का जिम्मेवारी दिया गया है। साथ ही कहा की करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में बुलाने के लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी गाँवों के खोड़हा दल से सम्पर्क किया जा रहा है। जिसे आगामी 20 सितम्बर बुधवार बको आयोजित होने वाला करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम भव्य और आकर्षक हो। मौके पर केश्वर उराँव, मनीष उराँव, संदीप उराँव, सुनीता उराँव, पुष्पा उराँव, सुमती उराँव, विजय उराँव, फूलदेव उराँव, मुन्ना उराँव सहित सैकड़ों आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

# केंद्रीय महावीर मंडल के आजीवन संरक्षक रहे स्व.सीताराम शर्मा की पत्नी के निधन पर शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय महावीर मंडल के आजीवन संरक्षक रहे तथा भाजपा सहित अनेक संगठनों के माध्यम से समाजसेवा करने वाले स्वर्गीय सीताराम शर्मा( बाबा जी) की धर्मपत्नी राधा शर्मा जी का रांची में आज सुबह निधन हो गया, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। इस दुःख के घड़ी में भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद श्री समीर उराँव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम,एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, लक्ष्मीनारायण भगत, हर्ष नाथ महतो समेला भगत,



नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, मीणा बाखला, सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा, अजय पंकज, परमेश्वर साहू, दिलीप पटनायक, भरत साहू, लक्ष्मी नारायण भगत, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, विश्वजीत शाहदेव, ओम प्रकाश गुप्ता, मनी रतन भगत, राम किशोर शुक्ला, परमेश्वर उराँव, भूषण प्रसाद अमरेश भारती, सूरज कुमार दसोंधि, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, मुकेश साहू, राजेश महतो, अनूप कुमार वर्मा, अनंत महतो सहित अन्य ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# एकजुटता और आपसी भाईचारा को दर्शाता है खेल प्रतियोगिता का आयोजन : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन एकजुटता और आपसी भाईचारा को दर्शाता है। अपने बच?चों को खेलने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ शिक्षित भी जरूर करें। जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी आदिवासी समुदाय उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। विधायक पाकरटाड़ प्रखंड के बेरीटोली में किसान क्लब द्वारा आयोजित हॉकी टूर्नामेंट सह आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी भी इसी तरह अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी रहे, इसके लिए उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है। नृत्य, संगीत के साथ-साथ संघर्ष आदिवासी समाज की मुख्य पहचान है। आज आदिवासी समाज स्वयं



को समृद्ध करने, प्रकृति पर कब्जा करने वाली विनाशकारी शक्तियों एवं प्रकृति का दोहन होने से बचाने के लिए संघर्षशील है। उन्होंने कहा कि आज देश का आदिवासी समाज बिखरा हुआ है। हम जाति-धर्म-क्षेत्र के आधार पर बंटे हुए हैं। जबकि सबकी संस्कृति एक है। खून एक है। इसके अनुसार समाज भी एक होना चाहिए। हमारा लक्ष्य भी एक होना चाहिए और हमारी लड़ाई भी एक होनी चाहिए। हॉकी सह सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी समाज को एकजूट करने का काम करेगा। प्रतियोगिता का नेतृत्व अमजद खान ने किया। हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पाकरटाड़ बनाम नानेसेरा के बीच हुआ। जिसमें पाकरटांड़ की टीम 2-0 गोल कर विजेता बनी। आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता नवाटोली नृत्य मंडली को मिला प्रथम स्थान आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता में कुल दस टीमें भाग ली। जिसमे पहला स्थान नवाटोली, दूसरा स्थान सोगड़ा बाने टोली और तीसरा स्थान सोगड़ा बड़का टोली की नृत्य मंडली को मिला।मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नृत्य मंडली व हॉकी टीम को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौक पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख रजत लकड़ा, मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनल लकड़ा, थाना प्रभारी पाकरटाड़, भूषण राम, बन्नू, अशिषन लकड़ा, हासन खान, मुश्ताक खान, टेफील एक्का, जूलियन कुल्लू आदि उपस्थित थे।

# पांच दिनों से लापता युवक का कोई सुराग नही, सनहा दर्ज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मामला सदर थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव की है जहां एक 25 वर्षीय युवक रेयासत अंसारी पिता खलील अंसारी पिछले 4 दिनों से लापता है। लापता युवक के परिवार वालों ने बताया कि 7 सितंबर को वह बारीडीह मेला देखने गया था, जिसके बाद एक रिस्तेदार के घर से वह शाम 6:30 बजे घर जाने के लिए एचएफ डीलक्स जेएच 08 ई 7301 से निकला था,दूसरे दिन युवक



घर नही पहुँचा तो परिवार वालो ने काफी खोजबीन किया जिसके बाद भी युवक का अभी तक कोई सुराग नही मिल पाया है। रामपुर निवासी रेयासत अंसारी जो ना सुन पाता है,और ही ना बोल पाता है,जिसका अभी तक काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया है,पीड़ित परिवार ने स्थानीय लोगो से गुहार लगाई है की इस युवक की खोजबीन हेतु उनकी मदद की जाए हालांकि इस मामले में सभी अपने तरीके से खोजने में जुटे होने के बाद लापता युवक की खोजबीन हेतु मामले थाने में दर्ज कराया गया है। तथा लापता युवक की अगर कोई सूचना किसी को मिलती है तो मोबाइल नंबर 8340569833 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# सीएनआई चर्च किनकेल में युवा प्रभुवार दिवस का हुआ आयोजन पूर्व मंत्री हुए शामिल



**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीएनआई चर्च किनकेल में आयोजित प्रभुवार दिवस व डीसीवाईएम का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर बाइबल पाठ, भाषण और बालक-बालिकाओं के बीच हॉकी प्रतियोगता हुई। आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में युवा वर्ग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पादरी मरकस मुखी और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का,झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का निरंतर तिर्की धीरज कुजूर मनोरंजन मिंज जॉलसज लकड़ा ,किंदारानी संदीप टोप्पो दयाल कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर डीसीवाईएम का झंडा फहराया। पुरोहित के द्वारा प्राथना की गई। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा युवा प्रभु वार के उद्देश्य में युवाओं को कलीसिया समुदाय में आगे आने की भूमिका को दर्शन है आजकल एशियाई समुदाय दिन प्रतिदिन मजबूत हो जा रहा है जिसमें सभी युवाओं की प्रमुख भूमिका है। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की आवश्यकता है इसलिए अंधविश्वास और नशापन को पूरी तरह से जड़ से समाप्त करने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। आज ईसाइयों की अस्तित्व को मिटाने के लिए लगातार राष्ट्रीय पार्टी प्रयास कर रही है लेकिन हमें सजग और सतर्क रहकर अपने समुदाय और कलीसिया समुदाय के भविष्य की रक्षा करने की आवश्यकता है जिसमें सभी लोगों की भूमिका रहेगी। इस मौके पर अमन खेस, जिलाध्यक्ष मतीयस बागे,संध्या डाँग आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा में बेहतर खेल कर लोहरदगा जिला का नाम रोशन करें : अरविंद कुमार लाल

# जीत का जज्बा लेकर जाएंगे तो जीत अवश्य होगी : सुखदेव भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में विगत एक माह पूर्व कार्तिक उरांव जिला स्तरीय फुटबॉल लीग का आयोजन किया गया था जिसमें 20 सदस्यी जिला टीम का चयन हुआ ।इस टीम को गढ़वा जिला में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेना है ।जिला फुटबॉल संघ के द्वारा प्लस टू नदिया हिंदू हाई स्कूल के मिनी स्टेडियम में जिला फुटबॉल टीम में चयनित हुए खिलाड़ियों की घोषणा करने हेतु एक सादे समारोह का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल थे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला स्तरीय 20 सदस्यों टीम की घोषणा करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप लोग गढ़वा जिला में इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच खेलने जा रहे हैं आप



लोग अनुशासन में रहकर बेहतर खेल कर लोहरदगा का नाम रोशन करें। प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता करने की बात कहें। मौके पर पूर्व विधायक सह जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत खिलाड़ियों से कहा की जीतने की जज्बा लेकर जाएंगे और पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो जीत अवश्य होगी। जिले के छुपी हुई प्रतिभा को आगे लाने के लिए जिला फुटबाल संघ सतत प्रयास कर रही है। आज चयनित जिला फुटबॉल टीम गढ़वा में इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु गढ़वा रहना हुए। जिनका पहला मैच10 तारीख को होगा मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार साहू,जिला महासचिव पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, जिला सचिव कुणाल अभिषेक, संघ के सचिव जाहिद अहमद, फूलदेव उरांव, मनोज भगत, वीरेंद्र यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# संत अर्नाल्ड जन्मोत्सव के अवसर पर हुआ बालक एवम् बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुसुमबेड़ा पारिश में संत अर्नाल्ड जन्मोत्सव बड़े धुम धाम से मनाया गया। सुबह 7:00 बजे मिस्सा अनुष्ठान के बाद बालक वर्ग में फुटबॉल एवं बालिका वर्ग में हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया संगीत मिंज उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत काफी गर्म जोशी के साथ किया गया एवं पगड़ी बांधकर एवं सोल ओढ़ा कर उनको सम्मानित किया गया मैच का शुभारंभ से पहले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया, उसके पश्चात जीतने वाले टीम को पुरस्कार स्वरूप खासी देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज में ने अपने संबोधन में कहा खेल को खेल की भावना से खेल आज खेल के माध्यम से भी आप अपना के कैरियर बना सकते हैं भविष्य उज्ज्वल



बना सकते हैं तन मन से खेले आज आप पंचायत प्रखंड के लिए खेल रहे हैं मेरी शुभकामना हैकल के दिन राज्य एवं देश का गौरव बढ़ाया खेल के माध्यम से आप लोग बढ़ाएंगे, खेल के माध्यम से आपसी भाईचारा आपसे विश्वास आपसी एकता बढ़ता है ,इस तरह का आयोजन इस छोटे से बारिश में किया गया है, इसके लिए समिति एवं यहां के सम्मानित फादर मरियानुस एक्का जी एवं संजय जी को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद कि उन्होंने हमारे खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म दिया कि अपना जौहर को को अपना हुनर को यहां दिखाएं एवं अपने भविष्य में आगे बढ़े मेरी शुभकामना है कि आप लोग आगे भी अच्छा खेले, मुखिया संगीत मिंज ने अपने संबोधन में कहा खेल के माध्यम से आज अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं अच्छे नौकरी अच्छे पद पर रेलवे पर आप जॉब कर सकते हैं मेरी शुभकामना है कि आप लोग भी अच्छा खेले और अपने घर परिवार माता-पिता का भरोसा पर खरा उतारे ,आग्यापालन करें एवं भविष्य में अपना सपना साकार करें बालिका वर्ग के हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल में औराबहार ने बांसपहार को 1-0से पराजित किया।

## चलते चलते एक नजर

### अमन यूथ सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान सह-स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** अमन यूथ हिंदपीढ़ी के तत्वावधान में यूनाइटेड स्टेप फाउंडेशन और हेल्थ प्वाइंट अस्पताल बरियातू के सहयोग से ब्लड डोनेशन सह स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 30 लोगों ने ब्लड डोनेशन साथ ही 65 लोगो ने अपने-अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई । यहां मुफ्त में बीपी ,शुगर,एचआईवी, एचबीएसएजी, एचबीसीजी , मलेरिया ,टाइफाइड समेत कई तरह की जांच कराई गई । ब्लड डोनेशन कैंप में अमन यूथ सोसाइटी के संरक्षक मोहम्मद असलम, सचिव नदीम इकबाल,अध्यक्ष दीपू गाड़ी,अब्दुल बारी,आरजू आलम,सह सचिव अफरोज खान, बुल्लू गुप्ता, शकील रही,अकबर उर्फ मुन्ना,आसिफ हुसैन,बाबू खान,मो सोनू,बंटी, मो कैफ छोटू,विलियम टोप्पो,जावेद लड्डुन,मो समीर, इसके साथ ही यूनाइटेड स्टेप फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमेन दत्ता ,टीम लीडर मीर इसरार हुसैन उर्फ संजू ,टीम लीडर सुरभि सिंह, सद्दाम हुसैन और हेल्थ प्वाइंट की टीम में डॉक्टर सुशील लकड़ा, विवेक गौरव, मुशरत , दीपक , उर्मिला, साजिद, पूजा ने ब्लड डोनेशन में सहयोग किया इसके अलावा स्वास्थ्य जांच में रानी कुमारी ,रेशमा कुमारी और दुखमोचन कच्छप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नशाखोरी ,अड्डाबाजी व छिनताई करने वाले को चिन्हित किया जाएगा : राजकुमार



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहले भी सिटी डीएसपी के पद पर रह चुका हूं। इसलिए कई ऐसे क्षेत्र हैं जो मेरे परिचित क्षेत्र हैं। खासकर कांटाटोली, लालपुर, कर्बला चौक, गुदरी चौक, चुटिया, कोनका रोड, हिंदपीढ़ी के कुछ गलियां हैं। सिटी एसपी बनने के बाद मेरी जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई है। मेरा कार्य यही रहेगा कि सभी थाना क्षेत्र में जो अपराधी चिन्हित किए गए हैं या फिर जेल में है या जेल से बाहर आ गए हैं। सब की सूची तैयार की जाएगी। जमीन से जुड़े हुए लोग की सूची अलग तैयार होगी। बाकी जो अपराधी जो घटनाओं को अंजाम देते हैं ऐसे लोगों को भी चिन्हित किया जाएगा। उद्देश्य सिर्फ यही है कि अमन पसंद और शांतिपूर्ण बना रहे अपना शहर। कोई भी गतिविधियां अगर होती है तो पुलिस तुरंत उसे पर कार्रवाई करेगी किसी भी तरह का उपद्र करने वाले को बक्सा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नशाखोरी पर किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। नशाखोरी जिन-जिन मोहल्ले, गली, बस्तियों में होती है उन सभी गली मोहल्ला को चिन्हित किया जाएगा। गस्ती दल बढ़ाया जाएगा। हर गली मोहल्ले में पुलिस पहुंचेगी और छानबीन करेगी। नशाखोरी करने वाले, चोरी , लूट, छिनताई करने वाले, अड्डा बाजी करने वालों के कार्रवाई करेगी।

# अमेरिका 2026 में करेगा जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी




**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने 2026 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की पुष्टि की है। उसने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी कई समस्याओं से जूझ रही है भारत की अध्यक्षता में हुए इस साल के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन ने यह साबित कर दिया कि अभी भी जी-20 सबसे गंभीर मामलों का हल निकाल सकता है। 2026 में यह सम्मेलन राजधानी वाशिंगटन में होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में व्हाइट हाउस के हवाले से शनिवार को जारी उसके बयान के आधार पर यह जानकारी दी गई है। माडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन सबसे गंभीर मुद्दों का हल निकालने की दिशा में एक बड़ा कदम है। व्हाइट हाउस का यह बयान दिल्ली की घोषणा के तुरंत बाद आया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका भारत की जी-20 अध्यक्षता में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसकी शुरुआत 2024 में ब्राजील और 2025 में दक्षिण अफ्रीका की प्रेसीडेंसी से होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिका ने अफ्रीकी यूनियन के जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने पर स्वागत किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अफ्रीका की महत्वपूर्ण भूमिका है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अफ्रीकी यूनियन के जी-20 के 21वें सदस्य के रूप में शामिल होने की घोषणा की थी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण के लिए बनाएंगे टीम : मनीष टोप्पो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला का ग्रामीण क्षेत्र खासकर वैसे क्षेत्र जहां अपराधी घटनाएं अधिक हुई हो या फिर लूट, छीनताई की घटनाएं लगातार होती रही हो , साथ ही साथ कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां नक्सली गतिविधियां भी होती रहती है । ऐसी जगहों को चिन्हित कर उन सभी क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और इसके बाद अपराध नियंत्रण करने के लिए एक टीम गठित होगी। जिसमें पुलिस डीएसपी के अलावा स्थानीय लोगों को भी मदद दी जाएगी। उक्त बातें रांची जिला के ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कही । उन्होंने कहा कि रांची जिला का ग्रामीण क्षेत्र काफी बड़ा क्षेत्र है। इन सभी क्षेत्रों में अपराध को कंट्रोल करना अपने आप में एक चैलेंज है । हालांकि पहले भी बहुत कम हुआ है, जो काम बच गया है उसे पर पूरा फोकस रहेगा । ग्रामीणों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी कोई भी समस्या हो थाना में आवेदन तुरंत लिया जाएगा और उसे पर तुरंत कार्रवाई भी की जाएगी। टालमटोल करने वाले थानेदार, सिपाही सतर्क रहें नहीं तो उन पर भी कार्रवाई होगी।

## रांची : एसएसपी चंदन सिन्हा ने की पहली बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । रविवार को रांची के नए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिला अंतर्गत ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, सिटी एसपी राजकुमार मेहता एवं सभी जोन के डीएसपी और सभी थाना प्रभारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कई मुद्दों को लेकर चर्चा की। जिसमें आम जनता के साथ पुलिस का बेहतर समन्वय बनाकर काम करना, अपराध पर नियंत्रण करने का प्रयास पर जोर देना,चोरी,लूट, छिनताई ,डकैती, जमीन विवाद, नशाखोरी , छेड़खानी,रेप, हत्या जैसे सभी अपराधों पर नकेल कसने और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने में पुलिस किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरतेगी। इस संकल्प के साथ काम करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि राजधानी को अपराध मुक्त माहौल देने की कोशिश सभी को मिलकर करनी होगी। इसके अलावा राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने का भर्षक प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा संसाधन में पुलिस और कितना बेहतर काम करेगी उस पर फोकस करने की जरूरत है। रांची पुलिस की शैली पर कोई सवाल ना उठाए इस पर भी हमें ध्यान देने की जरूरत है।

आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान के संसाधन में हम अच्छा कर सकते हैं। अभी जश्न ए ईद मिलादुन्नबी और दुर्गा पूजा भी आनेवाला है तो विधि व्यवस्था पर भी फोकस करना होगा।

## अमन यूथ सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान सह-स्वास्थ्य शिविर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अमन यूथ हिंदपीढ़ी के तत्वावधान में यूनाइटेड स्टेप फाउंडेशन और हेल्थ प्वाइंट अस्पताल बरियातू के सहयोग से ब्लड डोनेशन सह स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 30 लोगों ने ब्लड डोनेशन साथ ही 65 लोगो ने अपने-अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई । यहां मुफ्त में बीपी ,शुगर,एचआईवी, एचबीएसएजी,एचबीसीजी ,मलेरिया ,टाइफाइड समेत कई तरह की जांच कराई गई । ब्लड डोनेशन कैंप में अमन यूथ सोसाइटी के संरक्षक मोहम्मद असलम, सचिव नदीम इकबाल,अध्यक्ष दीपू गाड़ी,अब्दुल बारी,आरजू आलम,सह सचिव अफरोज खान, बुल्लू गुप्ता, शकील रही,अकबर उर्फ मुन्ना,आसिफ हुसैन,बाबू खान,मो सोनू,बंटी, मो कैफ छोटू,विलियम टोप्पो,जावेद लड्डुन,मो समीर, इसके साथ ही यूनाइटेड स्टेप फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमेन दत्ता ,टीम लीडर मीर इसरार हुसैन उर्फ संजू ,टीम लीडर सुरभि सिंह, सद्दाम हुसैन और हेल्थ प्वाइंट की टीम में डॉक्टर सुशील लकड़ा, विवेक गौरव, मुशरत , दीपक , उर्मिला, साजिद, पूजा ने ब्लड डोनेशन में सहयोग किया इसके अलावा स्वास्थ्य जांच में रानी कुमारी ,रेशमा कुमारी और दुखमोचन कच्छप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जी 20 : शशि थरूर ने भारत के उपलब्धि की सराहना की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने जी20 शिखर सम्मेलन में भारत की उपलब्धि की सराहना की है. शनिवार को यूक्रेन युद्ध पर गुट के रुख पर जी20 नेताओं की संयुक्त घोषणापत्र पर आम सहमति बनाने के लिए चीन और रूस के साथ बातचीत के लिए भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत की प्रशंसा की. केरल से लोकसभा सांसद ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) अकाउंट पर कहा कि यह जी20 शिखर सम्मेलन में भारत के लिए एक गर्व का क्षण है. शशि थरूर ने कहा, बहुत अच्छा अमिताभ कांत! ऐसा लगता है कि जब आपने आईएएस का विकल्प चुना, तो आईएफएस ने एक उत्कृष्ट राजनयिक खो दिया.इससे पहले शनिवार को केरल कैडर के 1980-बैच के आईएएस अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर समूह के रुख पर विभाजित जी20 नेताओं की एक संयुक्त घोषणापत्र सुनिश्चित करने के लिए लगभग 200 घंटे की नॉनस्टॉप वार्ता की आवश्यकता थी. उन्होंने कहा कि घोषणा कई दौर की बातचीत का परिणाम थी (विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के साथ युद्ध के आर्थिक प्रभाव के बारे में चर्चा से लेकर रूस और चीन के साथ द्विपक्षीय बैठकों तक) और यह सहमति शुक्रवार देर रात ही बनी थी.नीति आयोग के पूर्व प्रमुख अमिताभ कांत ने यह भी कहा कि प्रमुख चीज शेरपाओं के साथ साझेदारी में काम करना थी और यह उभरते बाजारों का एक संयुक्त प्रयास था (जिसका नेतृत्व भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया और बाद में मैक्सिको, तुर्की और सऊदी अरब), जिसने जी7 देशों पर दबाव डाला और उन्हें मेज पर लाया गया. भारत के जी20 शेरपा ने कहा,लगभग 200 घंटे तक लगातार बातचीत हुई. बाली पैराग्राफ टूट गया था और हम नौ महीने से संघर्ष कर रहे थे. फिर एक बैठक में, मैंने एक प्लेन स्क्रीन लिया और 15 बुनियादी सिद्धांतों को लिखा, जिनका हमें पालन करने की आवश्यकता थी. इसके बाद सभी शेरपा इसमें शामिल हुए और अपना दृष्टिकोण दिया.इसके आधार पर, हमने पहला मसौदा तैयार किया.किसी को वास्तव में उम्मीद नहीं थी कि हम आम सहमति पर पहुंचेंगे. पहले मसौदे पर कई प्रतिक्रियाएं हुई.लोग निराशावादी थे कि हम रूस और यूक्रेन पर आम सहमति पर पहुंच सकते हैं, क्योंकि दुनिया भर में बहुपक्षीय मंच ऐसा करने में विफल रहे हैं.अमिताभ कांत ने बताया,पहले मसौदे से हम दूसरे और तीसरे पर गए. उसके बाद, मुझे लगता है कि प्रत्येक देश के साथ द्विपक्षीय बैठकों से मदद मिली.

## जी-20 आयोजन स्थल के पास आग लगने से हडकंप, जल्दी पाया गया काबू

**दिल्ली** : जी-20 शिखर सम्मेलन के बीच रविवार सुबह आयोजन स्थल के नजदीक आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। आग प्रगति मैदान के सामने स्थित भैरव मंदिर के गेट के पास लगी थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के अलावा पुलिस व दूसरी एजेंसियां भी अलर्ट हो गई। तुरंत दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कुछ ही देर बाद आग पर काबू भी पा लिया गया। आग गेट पर मौजूद बिजली के तारों में लगी थी। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। माना जा रहा है कि शनिवार से रह-रहकर हो रही बारिश के दौरान शार्ट सर्किट की वजह से तारों में आग लगी। फिलहाल बिजली विभाग को बुलाकर तुरंत तारों को दुरुस्त कर दिया गया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि भैरव मंदिर प्रगति मैदान के नजदीक सड़क के दूसरी ओर मौजूद है।

## जी 20 : ऋषि सुनक के सामने पीएम मोदी ने उठाया खालिस्तान समर्थकों का मुद्दा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जी-20 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने खालिस्तान का मुद्दा उठाया. उन्होंने इस मुद्दे को ब्रिटेन और भारत के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान उठाया. इससे पहले खालिस्तान के मुद्दे पर ऋषि सुनक कह चुके हैं कि वे इसे कई बर्दाश्त नहीं करेंगे.एक इंटरव्यू के दौरान खालिस्तान मुद्दे से जुड़े सवाल पर ऋषि सुनक ने कहा,ये वास्तव में एक महत्वपूर्ण सवाल है. मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि ब्रिटेन में किसी भी प्रकार का उग्रवाद या हिंसा स्वीकार्य नहीं है. इसीलिए हम खासतौर से पीकेई खालिस्तान समर्थक उग्रवाद से निपटने के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं.जी20 पर बात करते हुए उन्होंने कहा,जी20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है. भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है. मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा.खालिस्तानी समर्थकों के हंगामे के मुद्दे पर ऋषि सुनक ने आगे कहा कि इसे लेकर ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने हाल ही में भारत के रक्षा मंत्री के साथ बात की थी. हमारे पास खुफिया जानकारी शेयर करने के लिए और एक साथ मिलकर काम करने के लिए कई चीजें हैं जिनकी मदद से हम उग्रवाद को जड़ से खत्म कर सकते हैं.बता दें कि इसी साल मार्च में लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने भारतीय उच्चायोग के बाहर जमकर हंगामा किया था. इस हंगामे के दौरान एक शरारती तत्व ने भारतीय उच्चायोग पर लगे भारत के झंडे को उतार दिया था. इस घटना के बाद भारत सरकार ने ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया था और भारतीय उच्चायोग के आसपास सुरक्षा व्यवस्था न होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था. इससे पहले भी कई बार खालिस्तानी समर्थक ब्रिटेन में प्रदर्शन के दौरान भारत के खिलाफ नारेबाजी कर चुके हैं.

# स्व. दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे : राजेंद्र सिन्हा




### बीझामुमो पलामू द्वारा स्व. दुर्गा सोरेन जी की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झामुमो पलामू के स्थानीय जिला कार्यालय में स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में मनाई गई। स्व. दुर्गा सोरेन झारखंड के अग्रणी आंदोलनकरी नेता थे और झामुमो के कई बड़े पदों पर रहे थे। आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता, कार्यकर्ता उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। श्रद्धांजली अर्पित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा, स्व. दुर्गा सोरेन जी का झारखंड को अलग कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी सोच आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का मार्गदर्शन करती है। स्व. दुर्गा सोरेन जी का जन्म 10 सितंबर 1970 को हुआ था और वो बहुत ही कम उम्र में ही झारखंड आंदोलन की लड़ाई में कूद गए थे। झामुमो पार्टी के लिए उन्होंने बहुत योगदान दिया है, आज पार्टी और झारखंड को उनकी कमी महसूस होती है। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा ÷झारखंड के युवाओं को उनके बलिदान और जीवन से सीखने की आवश्यकता है, सबों को साथ ले कर चलने की उनकी सोच, जुझारूपन, गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों सहित सबों का सेवा करने की जज्बा उन्हें महान बनाती है। दुर्गा सोरेन जी की आंदोलनकारी की छवि झारखंड के युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहेगी।÷ श्रद्धांजली देने वालों में उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, उपाध्यक्ष डॉ जशवंत सिंह, मुकेश चौधरी, संयुक्त सचिव अंकित सिंह, वरिष्ठ नेता बबलू सिंह, छात्र मोर्चा के सैयद फैजल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## फ्रांस ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भारत की सदस्यता को दिया समर्थन

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के बाद दोपहर के भोज पर मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने आपसी रिश्तों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मुलाकात के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने सहयोग का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर समग्र प्रगति और अगले कदमों पर चर्चा की। राष्ट्रपति मैक्रों ने मिशन चंद्रयान 3 की भारत की सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी।

# भाजपा ने बानपुर में चलाया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार निक्कू की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लातेहार नगर मंडल के वार्ड संख्या 2 बानपुर में अमृत कलश में घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि पार्टी के द्वारा मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत घर-घर जाकर एक चुटकी मिट्टी व चावल शहीदों के सम्मान में देश की राजधानी दिल्ली में बनने वाली अमृत वाटिका के लिए संग्रहण किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि इस कार्यक्रम से आम लोगों से जुड़ने का मौका तो मिलेगा ही मगर उससे भी ज्यादा देश का हर वह नागरिक जिसने अपने घर की मिट्टी या चावल दिया है उन सब की सहभागिता भी इस नेक काम में होगा। जिला मंत्री ध्रुव पांडे ने कहा कि देश की आजादी एवं बॉर्डर पर होने वाले शहीदों के सम्मान में बन रहे अमृत वाटिका देश के नौजवान एवं नौनिहालों के लिए प्रेरणा का काम करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लातेहार नगर मंडल के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, कार्यसमिति सदस्य रानी कुमारी,महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, नगर महामंत्री राजकुमार दास, विवेक कुमार, अमर विश्वकर्मा सहित वार्ड नंबर 2 के बहुत सारे भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम खुद को भूमि पुत्र कहते थे, आज करोड़ों के काफिले में चल रहे हैं : प्रियंका गांधी

**टोंक:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सियासी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री अपने आप को भूमि पुत्र कहते थे वो करोड़ों के काफिले में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग सत्ता में आते ही भूल जाते हैं, उन्हें सत्ता में कौन लाया है। गहलोत सरकार की तारीफ करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि महंगाई से आमजन को राहत दिलाने के लिए राजस्थान सरकार कैंप लगा रही है। प्रियंका ने राजस्थानी में भाषण की शुरुआत करते हुए डिग्गी कल्याणजी और धन्ना भगत के जयकारे लगवाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को टोंक जिले के निवाई में सभा को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने इंदिरा रसोई ग्रामीण लॉन्च की और लाभार्थियों से संवाद किया।